संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 24 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में केजरीवाल बोले- केन्द्र ने शहीदों के सपनों को पूरा करने के लिए नहीं किया कोई काम।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 80 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# आदर्श दारा शिकोह हो सकते हैं, औरंगजेब नहीं: संघ

● धार्मिक आरक्षण नामंजूर, शताब्दी वर्ष में संघ का संपर्क महाभियान, एक लाख स्थानों पर स्थापना दिवस होगा आयोजन: सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आएसएस) अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष पर देश भर में एक व्यापक संपर्क अभियान चलाएगा। इसके तहत करोड़ों लोगों तक संघ का विचार,दर्शन,कार्य और गतिविधियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही उनसे संघ की गतिविधियों और सामाजिक कार्यों में जुड़ने का आग्रह किया जाएगा। इसी क्रम विभिन्न स्तरों पर सम्मेलन होंगे जिनका उद्देश्य राष्ट्र की एकजुटता,सौहार्द और आपसी विश्वास के साथ देश को मजबूत करना है। इसी क्रम में रा.स्व.संघ के प्रमुख (सरसंघचालक) देश के चार बड़े शहरों में प्रबुद्ध वर्ग से खुला संवाद करेंगे। इस तरह का एक संवाद कार्यक्रम 2016 में

**अभियान**

**आएसएस अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष पर देश भर में एक व्यापक संपर्क अभियान चलाएगा**

देश की राजधानी दिल्ली में हुआ था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय (21 से 23 मार्च) प्रतिनिधि सभा की बैठक के अंतिम दिन आज संघ के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले ने बेंगलुरु में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बैठक में हुई चर्चा और निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संघ ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष पर एक संकल्प



पत्र पारित किया है। इसके साथ ही बांग्लादेश की स्थिति पर एक प्रस्ताव पारित किया गया है। रानी अब्बका के संबंध में भी एक प्रस्ताव पारित कर उस बारे में कार्यक्रम तय किए गए हैं। संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि हमने अपने कार्य के 50 या 75 वर्ष पूरे होने पर कभी स्वर्ण जयंती या हीरक जयंती नहीं मनाई। हमारा स्पष्ट मानना है कि हम समाज के भीतर समाज का संगठन करने वाले लोग हैं। हम समाज से अलग कोई संगठन नहीं है बल्कि समाज का ही एक घटक हैं। समाज के भीतर हमारे द्वारा किए जा रहे कार्य के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हमारे लिए यह एक अवसर है कि हम अब तक किए गए कार्यों का अवलोकन करें और भविष्य में और क्या करना है, उसकी योजना बना सकें। इसीलिए हमने अपने शताब्दी वर्ष पर कार्यकताओं के लिए एक संकल्प पत्र तैयार किया है। इसके अनुसार अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा सज्जन शक्ति के नेतृत्व में संपूर्ण समाज को साथ लेकर विश्व के सम्मुख उदाहरण प्रस्तुत करने वाला समरस और संगठित भारत का निर्माण करने हेतु संकल्प करती है।

**धमार्धारित आरक्षण को मंजूरी नहीं: संघ**

**पत्रकार** वार्ता में ओरंगजेब की कब्र से संबंधित सवाल के जवाब में संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि हमें देश की सोच से जुड़े लोगों को अपना आदर्श बनाना चाहिए। किसी के आक्रांता होने, देशी-विदेशी या फिर किसी मजहब से जुड़े होने से अधिक महत्व का विषय है उस व्यक्ति विशेष के कृत्य कैसे थे। दारा शिकोह और सिस्टर निवेदिता का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयता से जुड़े लोगों के लिए ये हमारे लिए स्वीकार्य और आदर्श हो सकते हैं। जातिगत जनगणना,धमार्धारित आरक्षण, वक्फ बोर्ड आदि से जुड़े प्रश्नों पर उन्होंने कहा कि यह इस संबंध में संविधान में बहुत स्पष्ट परिभाषा और व्यवस्था है और केन्द्र सरकार उस अनुरूप कार्य भी कर रही है। लोकसभा-विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि संघ राजनीतिक गतिविधियों से कहीं अलग राष्ट्र की एकजुटता के बारे में ही विचार करता है।

**जन जन तक पहुंचने का महाअभियान**
दत्तात्रेय होसबाले ने बताया कि इस विजयदशमी (2 अक्तूबर) को संघ कार्य के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नागपुर में सरसंघचालक जी के सम्मुख होने वाले प्रमुख कार्यक्रम के अतिरिक्त देश भर में 1 लाख स्थानों पर विजयदशमी समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में भाग लेंगे। इसके बाद आगामी नवंबर,दिसंबर और जनवरी माह में संघ कार्यकर्ता संघ साहित्य के साथ ग्राम स्तर के लोगों तक पहुंचेंगे और संघ के विचार साझा करेंगे।

# संविधान और बातचीत से मिलेगा हर समस्या का हल: बीआर गवई

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफालः** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई ने रविवार को मणिपुर हिंसा का समाधान खोजने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मणिपुर राज्य में हो रही समस्याओं का समाधान संवैधानिक तरीकों से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अगर बातचीत की जाए तो समाधान जल्दी मिल सकता है। बता दें कि इन दिनों सुप्रीम कोर्ट क पांच



न्यायाधीशों का प्रतिनिधिमंडल मणिपुर के दो दिवसिय दौरे पर है। इसी दौरान न्यायमूर्ति गवई ने ये बातें कहीं।

**मणिपुर हाईकोर्ट स्थापना दिवस पर बोले गवई**

**समाधान**

**मणिपुर राज्य में हो रही समस्याओं का समाधान संवैधानिक तरीकों से किया जा सकता है**

न्यायमूर्ति गवई ने मणिपुर उच्च न्यायालय की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह में कहा कि राज्य में हर कोई शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि कोई भी मौजूदा हिंसा या संघर्ष की स्थिति को जारी नहीं रखना चाहता। न्यायमूर्ति गवई ने आगे अपने मणिपुर यात्रा को महत्वपूर्ण बताया। कारण का जिक्र करते हुए गवई ने कहा कि मणिपुर वह जगह है जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस और भारतीय राष्ट्रीय सेना ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया था।

# नागपुर में सभी इलाकों से हटा कर्फ्यू, हालात सामान्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हालात सामान्य होने के बाद प्रशासन ने नागपुर के सभी इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया है। रविवार दोपहर 3 बजे से कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर में भी प्रतिबंधों में ढील दी गई। पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। इससे पहले शनिवार को पाचपावली, शांतिनगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामवाड़ा में कर्फ्यू समाप्त कर दिया गया था। वहीं, कोतवाली, तहसील और गणेशपेठ में शनिवार रात 7 से 10 बजे तक अस्थायी राहत दी गई थी।

**हिंसा का नुकसान उपद्रवियों से वसूला जाएगा**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट किया कि 17 मार्च को हुई हिंसा के दौरान हुए नुकसान की भरपाई उपद्रवियों से करवाई जाएगी। उन्होंने कहा, "जो लोग शहर की अमन-चैन को नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनसे इसकी कीमत वसूली जाएगी। अगर वे भुगतान नहीं करते हैं, तो उनकी संपत्तियां नीलाम की जाएंगी।

**राहत**

**रविवार दोपहर 3 बजे से कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर में भी प्रतिबंधों में ढील दी गई**

## नौसेना का स्वदेशी फ्रिगेट 'तवस्या' गोवा शिपयार्ड में लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**पणजी।** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट 1135.6 श्रेणी दूसरे युद्धपोत (फ्रिगेट) 'तवस्या' को लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नौसेना कमांडर वाइस एडमिरल संजय जे सिंह और अन्य वरिष्ठ नौसैनिक व सरकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

**युद्धपोत का शुभारंभ नीता सेठ द्वारा किया गया**
युद्धपोत का शुभारंभ नीता सेठ द्वारा किया गया। 'तवस्या' नाम महाभारत के महान योद्धा भीम की गदा से प्रेरित है, जो भारतीय नौसेना की अटूट शक्ति और बढ़ती ताकत का प्रतीक है। इस युद्धपोत का निर्माण भारत में ही किया गया है। इससे 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मजबूती मिलेगी। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड और रक्षा मंत्रालय के बीच 25 जनवरी 2019 को दो प्रोजेक्ट 1135.6 फालो आन युद्धपोतों के निर्माण का अनुबंध हुआ था।

## भारत की जीडीपी 10 साल में हुई दोगुनी: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भाजपा नेता अमित मालवीय ने अपने एक्स पोस्ट पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों को साझा किया है। आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 2015 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में अनुमानित 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जो 105 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दशार्ता है। आईएमएफ की रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, विकास का यह ग्राफ भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करता है जो 2025 में जापान और 2027 तक जर्मनी से आगे निकल जाएगा। मालवीय ने अपने पोस्ट में लिखा, "भारत ने एक उल्लेखनीय आर्थिक उपलब्धि हासिल की है।

# इस बार तेजस्वी के नेतृत्व में बनेगी सरकार: लालू यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोटवा (पूचं)।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सूबे में अगली सरकार बनाने का दावा करते हुए कहा है कि इस बार प्रदेश में सरकार तेजस्वी के नेतृत्व में बनेगी। इसे कोई माई का लाल नहीं रोक सकता। वह रविवार को पूर्वी चंपारण के कोटवा प्रखंड के जसौली जमुनिया स्थित केसरिया के पूर्व विधायक यमुना यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे।

**पूर्व विधायक की जमकर तारीफ की**
लालू ने पूर्व विधायक के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि यमुना यादव जैसा नेता बहुत कम होते हैं। जब हम बिहार सरकार के मुख्यमंत्री थे तब यमुना यादव हमारे पास इलाके के विकास के काम लेकर आते थे।

**दावा**

**चुनाव से पहले पुराने अंदाज में दिखे लालू प्रसाद यादव; मंच से दे दिया बड़ा संदेश**

उनका काम होता था। नेता ऐसा होना चाहिए, जिसे विकास की चिंता हो। उनके पुत्र कल्याणपुर के विधायक मनोज कुमार यादव ने विकास के कार्यों को उनकी तरह आगे बढ़ाया है। लालू ने बीच में अपने चिर परिचित भोजपुरिया अंदाज में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि- सरकार बनाव लोग। कल्याणपुर समेत पूरा जिला में ई बार जिम्मेदारी द लोग। आ सरकार बनावे के बा।





शहीदी दिवस पर एक कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद रही।

## एकजुट होकर मजबूती से सामने आएं विपक्षी दल: सिब्बल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया ब्लॉक' में बढ़ते मनमुटाव और आपसी विवाद के कारणों के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को एकजुट होकर एक मजबूत और संगठित रूप में सामने आना चाहिए, ताकि उनका प्रभावी रूप से प्रतिनिधित्व हो सके। इंडिया को एक ब्लॉक के रूप में दिखाई देना चाहिए, न कि एक अलग-अलग खेमे के रूप में, जैसा कि बीते कई विधानसभा चुनावों में देखने को मिला है।

# भ्रष्ट हो चुकी न्यायपालिका, दबाव में कर रही काम: संजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से मिली भारी नकदी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा' के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं उन्हीं के शासन में हो रही हैं।

**जज के घर से मिला 15-20 करोड़ कैशः** रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली हाई कोर्ट के



जस्टिस वर्मा के घर से 15 से 20 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई है। राउत ने इसे देश की न्यायपालिका पर गहरा धब्बा बताते हुए कहा कि यह न्याय व्यवस्था के भीतर मौजूद भ्रष्टाचार और दबाव की पोल खोलता है। रविवार को एक प्रेस वार्ता में राउत ने कहा, "सीजेआई ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है और दिल्ली पुलिस कमिश्नर द्वारा जस्टिस वर्मा के घर से कैश जलाने का वीडियो भी जारी किया गया है।""यह घटना किसके शासन में हो रही है? प्रधानमंत्री मोदी, जो कहते थे 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा' उनके शासन में!"

**उठाए सवाल**

**मोदी के 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा' के दावे पर कहा कि इस तरह की घटनाएं उन्हीं के शासन में हो रही हैं**

**"इतनी नकदी तो एक दिन की कमाई लगती है"**
संजय राउत ने दावा किया कि जस्टिस वर्मा के आवास से मिली नकदी किसी एक दिन की कमाई जैसी प्रतीत होती है। उन्होंने कहा, "मैं दिल्ली में था जब इस खबर का खुलासा हुआ।

**कारोबार** फ्री ट्रेड डील की हो रही शुरूआत, सौ अरब डॉलर से ज्यादा की संभावनाएं, 50 अरब डॉलर से बढ़ेगा द्विपक्षीय कारोबार

# लौटिन अमेरिकी देशों के साथ कारोबार बढ़ा रहा भारत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सात समुंदर पार लैटिन अमेरिकी देशों के साथ कारोबार बढ़ाने को लेकर भारत सरकार पहले भी कोशिश करती रही है, लेकिन अब जो तैयारी व संजीदगी दिख रही है, वैसी पहले नहीं थी। चीन की विस्तारवादी मंसूबे से सशंकित लैटिन अमेरिकी देशों का आकर्षण भी भारत की तरफ से ज्यादा गंभीर दिख रहा है। ब्राजील, अर्जेंटीना जैसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं ही नहीं बल्कि पेरू, बोलिविया, सेंट कीट्स जैसे कम विकसित व छोटे देश भी भारत के साथ कूटनीतिक व द्विपक्षीय कारोबार को बढ़ाने की मंशा जता



चुका हैं। पेरू के साथ तो जल्द ही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने की शुरूआत होने जा रही है।

**100 अरब डॉलर तक पहुंचेगा कारोबार**
ऐसे में भारत सरकार ने अगले तीन वर्षों में लैटिन अमेरिकी देशों के साथ अपने द्विपक्षीय कारोबार के लक्ष्य को मौजूदा 50 अरब डॉलर से बढ़ा कर 100 अरब डॉलर कर दिया है। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मागेरीटा तो यह मानते हैं कि द्विपक्षीय कारोबार की संभावनाएं सौ अरब डॉलर से भी काफी ज्यादा हैं। पिछले हफ्ते सीआईआई की तरफ से भारत और लैटिन अमेरिकी व कैरिबियन देशों (एलएएसी) के बीच आयोजित कारोबारी सम्मेलन में वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने कहा कि, 'भारत एलएसी क्षेत्र के देशों के साथ जल्द से जल्द कारोबारी समझौता करना चाहता है। सिर्फ कारोबार व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में ही नहीं बल्कि रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच संभावनाओं को मजूबत किया जाएगा।'

**निवेश**

**चीन की मंसूबे से सशंकित लैटिन अमेरिकी देशों का आकर्षण भी भारत की तरफ से ज्यादा गंभीर दिख रहा है**

**निजी क्षेत्र की कंपनियां भी साथ**
जबकि विदेश राज्य मंत्री मागेरीटा ने बताया कि 'विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हमें द्विपक्षीय कारोबार को 100 अरब डॉलर वर्ष 2027-28 तक करने का लक्ष्य दिया है।

# पांच जजों का दल पहुंचा मणिपुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चूड़चंदपुर।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बीआर गवई ने उम्मीद जताई है कि जातीय संघर्ष से त्रस्त मणिपुर में "मौजूदा मुश्किल दौर" कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका की सहायता से जल्द खत्म हो जाएगा और राज्य देश के बाकी हिस्सों की तरह समृद्ध होगा।

**जस्टिस बीआर गवई ने सभी समुदायों से शांति की अपील की**
जस्टिस गवई ने मणिपुर का दौरा करने वाले सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने लोगों से शांति और सद्भाव बहाल करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। मई, 2023 से



इंफाल घाटी स्थित मैतेई और आसपास के पहाड़ों पर स्थित कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के अपने पद से इस्तीफा देने के पांच दिन बाद 13 फरवरी को संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। जस्टिस गवई ने सुप्रीम कोर्ट के जज विक्रम नाथ, एमएम सुंदरेश और केवी विश्वनाथन के साथ चूड़चंदपुर जिले में एक राहत शिविर का दौरा किया और आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से मुलाकात की।

# मुंह से ब्रश पकड़कर लोगों के चेहरे बनाने से लेकर धनुष चलाने तक प्रेरणादायी रही है पैरा तीरंदाज पायल की यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जब शीतल देवी ने बिना हाथों के पेरिस पैरालंपिक में तीरंदाजी में भारत के लिए पहला पदक जीता, तो दुनिया हैरान रह गई। हर कोई चकित था कि यह कैसे संभव हुआ और वह रातों-रात स्टार बन गईं। इसके बाद भारतीय पैरा तीरंदाजी के पटल पर एक नई मेधावी पायल नाग का प्रवेश हुआ। शीतल के दोनों हाथ नहीं हैं तो पायल के हाथ और पैर नहीं हैं। पायल ने हाल ही में जयपुर में आयोजित 6वीं राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में शीतल को हराकर नेशनल चैंपियन बनी हैं। उन्होंने इस खेल के गुर उसी माता वैष्णो देवी श्राइन तीरंदाजी अकादमी में सीखे हैं, जिसने शीतल को स्टार बनाया है। तीरंदाजी के मैदान पर प्रतिस्पर्धा के बावजूद शीतल को पायल अपनी बड़ी बहन मानती हैं। अपनी बड़ी बहन की तरह ही वह भी देश के लिए पैरालंपिक पदक जीतने का सपना देखती हैं। खेलो इंडिया पैरा गेम्स के दौरान साई मीडिया से बातचीत में पायल



ने कहा, "मेरा सपना देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। अगर मैं ओडिशा के बलांगीर के अनाथालय से आकर शीतल दीदी को हरा सकती हूं, तो मेरा लक्ष्य देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने से कम कुछ नहीं हो सकता।" शीतल देवी भी पायल की प्रतिभा की कायल हैं। शीतल ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के दौरान साई मीडिया से कहा, जब पायल ने पहली बार तीर चलाया था तब मुझे लगा था कि यह कैसे हो पाएगा लेकिन उसने यह काम बखूबी किया। मुझे अच्छा लगा। पायल प्रतिभाशाली है और मेरी छोटी बहन जैसी है। वह मेहनती है। वह देश का नाम रोशन कर सकती है। साल 2015 में छत से गुजरने वाले 11000 वोल्ट की तार की चपेट में आने के कारण पायल के दोनों हाथ और दोनों पैर बेकार हो गए। उस समय पायल पांच साल की थी। पायल इस दुर्घटना को याद नहीं करना चाहती लेकिन उनके कोच कुलदीप ने कहा, इस एक्सीडेंट ने पायल के हाथ और पैर छीन लिए। जान बच गई लेकिन इसके बाद घरवालों का पायल का ख्याल रख पाना मुश्किल हो रहा था तब उस इलाके के किसी प्रभावशाली

**चैंपियन**

**▶▶ 6वीं राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में शीतल को हराकर नेशनल चैंपियन बनी हैं**

व्यक्ति ने डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को एक निवेदन देकर पायल को 2019 में बालंगीर के ही एक अनाथालय- पार्वतीगिरी बालनिकेतन में रखवा दिया। वहां पायल तीन साल तक रही और फिर 2022 में मैं इसे जम्मू ले आया। पायल कितनी होनहार है, इसे साबित करने के लिए कोच ने बताया कि जनवरी 2025 में जयपुर में आयोजित छठी पैरा नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप पायल का पहला कम्पटीशन था। पायल ने भारत के पैरा आर्चरी के दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी में यहां रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया। इसमें पायल की हमराज्य और पैरालंपिक पदक विजेता शीतल देवी और पैरालंपियन ज्योति बालियान भी थीं। शीतल के साथ-साथ ज्योति भी कुलदीप की ही शिष्या हैं। पायल ने रैंकिंग में तमाम दिग्गजों को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा पायल ने ओलंपिक राउंड में शीतल को हराया और नेशनल चैंपियन बनी। पायल ने बताया कि पहले वह मुंह से तस्वीर बनाया करती थी और एक दिन उनकी एक तस्वीर को किसी ने ट्विटर पर पोस्ट किया और वह वायरल हो गई। कोच कुलदीप की नजर इसपर पड़ी और तब उन्होंने पहली बार संपर्क किया। पायल कहती हैं, ह्मैं तो पहले मुंह से ड्राइंग करती थी। मैं किसी को भी देखकर उसका फेस बना सकती थी। मेरी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। उस तस्वीर को मेरे गुरुजी ने भी देखा और फिर मेरे अनाथ आश्रम में आए और मुझे जम्मू ले आए। 17 साल की पायल ने आगे कहा, पहली बार जब मैं अकादमी गई तो वहां देखा कि सबके हाथ पैर हैं। बच्चे हाथ से धनुष पकड़ते थे। मैं सोचती थी कि मैं कैसे कर पाउंगी।

# दिल्ली के कई इलाके में चला एमसीडी का बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर जीटीबी इन्क्लेव, इहबास अस्पताल के पास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान पांच खोखे जब्त किए गए। रेहड़ी और सड़क किनारे अस्थाई दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने विरोध किया, मगर मौके पर मौजूद पुलिस बल ने समझा बुझाकर कर मामला शांत कराया। अधिकारियों ने दोबारा सड़क किनारे अतिक्रमण न करने का निर्देश दिया। इसके बाद सभी कबाड़ों को वाहनों में रखकर मौके से हटाया गया। निगम के अधिकारी ने बताया कि स्थानीय निवासी और जनप्रतिनिधियों की लगातार अतिक्रमण का लेकर शिकायत मिली थी, जिसका संज्ञान लेकर जीटीबी इन्क्लेव, इहबास अस्पताल के बाहर, वार्ड संख्या- 236, 238, 239, करदमपुरी, सबोली, गोकुलपुरी, 60 फूटा रोड बलबीर नगर से गोकलपुरी चौक, मौजपुर से दुगार्पुरी चौक, गोकलपुरी चौक से आंबेडकर कालेज चौक, यूपी बार्डर से सबोली रेलवे स्टेशन कुल 10 किलोमीटर के इलाकों से



अतिक्रमण को हटवाया गया। उन्होंने बताया कि दोबारा अतिक्रमण हुई तो सामान जब्त करने के साथ कार्रवाई की जाएगी।

**कई स्थानों को कराया गया अतिक्रमण मुक्त**

अशोक नगर वार्ड की पार्षद रीना माहेश्वरी ने कहा कि अतिक्रमण की समस्या का निदान करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि यहां रह रहे लोगों का जीवन सुगम बनाया जा सके। कई स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है। जहां अभी बाकी है, वहां पर भी जल्द कार्रवाई कराई जाएगी। लोग वाहनों को गलत तरीके से सड़क पर खड़ा करते हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई कराई जाएगी। ताकि सड़कों पर जाम की समस्या दूर की जा सके। इसके साथ ही वार्ड में स्वच्छता पर ध्यान दिया जा रहा है।

**कड़कड़डूमा इलाके में डीडीए ने झुग्गियों को हटाया**

वहीं, कड़कड़डूमा इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र में डीडीए की जमीन पर करीब 20 वर्षों से अतिक्रमण कर बसी झुग्गियों को डीडीए ने तोड़ दिया है। 11 मार्च को एक झुग्गी में रात के वक्त रोशनी के लिए जलाई गई डिबिया से आग लग गई थी, जिसमें दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की जलकर मौत हो गई थी।

इस हादसे के बाद डीडीए पर सवाल खड़े हुए थे डीडीए की जमीन पर लोगों ने कब्जा कर झुग्गियां बसा रखी है, आखिर डीडीए क्या कर रहा है।

# बीमा की रकम के लिए बेटे ने की थी पिता की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** कासना पुलिस ने दो दिसंबर 2024 में हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए हत्यारोपित बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि पिता के नाम बीमा की रकम हड़पने व बैंक का कर्ज माफ कराने के लिए बेटे ने ही योजना बनाकर पिता की चाकू से गोदकर हत्या की थी। हत्यारोपित की पहचान बिहार किशनगंज के गांव बोहरा के संतोष बोसक के रूप में हुई है। आरोपित वर्तमान में बुलंदशहर के बिसवाना गांव में परिवार के साथ रह रहा था। पुलिस ने हत्यारोपित बेटे को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि बिहार के प्रकाश बोसक 20 साल पहले नोएडा आए थे। प्रकाश व उसके बड़े बेटे संतोष ने साल 2022 में प्राइवेट बैंक से साढ़े 12 लाख रुपये का होम लोन लेकर बुलंदशहर में एक घर खरीदा था, जिसकी महीने की किस्त साढ़े 12 हजार रुपये थी। हर महीने किस्त चुका पाना मुश्किल हो रहा था। संतोष व उसके पिता प्रकाश ने सोचा कि दूसरा लोन ले लेते हैं, जिससे होम लोन भी खत्म हो जाएगा और कुछ पैसे भी मिल जाएगा। दूसरी हाउसिंग फाइनेंस से

**घोर कलयुग**

**▶▶ रकम हड़पने व बैंक का कर्ज माफ कराने के लिए बेटे ने ही योजना बनाकर पिता की चाकू से गोदकर हत्या की**

लगभग 21 लाख रुपये का लोन पास हुआ।
पुराना लोन चुकता होने के साथ ही शेष रकम सात लाख 69 हजार रुपये संतोष ने अपनी फर्म पीएसजी मसाला के बैंक खाते में जमा कर दी। इस लोन पर प्रकाश का जीवन बीमा 60 प्रतिशत का था। लोन की किस्त लगभग 27 हजार रुपये प्रति महीने थी, जो बहुत अधिक थी। शुरू के कुछ महीने तो बैंक किस्त देने में कोई दिक्कत नही हुई ,लेकिन धीरे-धीरे बैंक का पैसा खत्म होने लगा और इनका काम भी ठीक नहीं चल रहा था।

**25-25 लाख रुपये के दो जीवन बीमा कराए**

संतोष को पता चला कि उसके पिता ने अपने 25-25 लाख रुपये के दो जीवन बीमा कराए हुए हैं, जिसमें उसकी मां नामिनी है। इन जीवन बीमा के बारे में घर में संतोष व उसके पिता के अलावा किसी को नहीं पता था।

# छापा पड़ते ही मची भगदड़, आपत्तिजनक हालत में मिलीं 23 लड़कियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी के पहाड़गंज इलाके में बड़े देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। दिल्ली पुलिस ने यहां से 23 लड़कियां को रेस्क्यू किया है। इनमें तीन नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। वहीं, सात दलालों को गिरफ्तार किया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पहाड़गंज पुलिस, शारदानंद मार्ग पुलिस चौकी और हिम्मतगढ़ पुलिस चौकी की टीमों द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में

**सेक्स रैकेट**

**▶▶ दिल्ली पुलिस ने 23 लड़कियों को किया रेस्क्यू**
**▶▶ सात दलालों को किया गया गिरफ्तार**

ह्यूमन ट्रैफिकिंग में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। अवैध गतिविधि में इस्तेमाल किए गए सात मोबाइल फोन और दो स्कूटी बरामद की गई हैं।



**पुलिस ने तैनात किए थे फर्जी ग्राहक**

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाया और देह व्यापार के गंदे खेल को उजागर किया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपी कथित तौर पर पश्चिम बंगाल, नेपाल और अन्य राज्यों से महिलाओं को झूठे बहाने से बहला-फुसलाकर दिल्ली लाते थे और उन्हें वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल रहे थे।

**स्कूटी से होटलों में भेजी जाती थीं लड़कियां**

मौके से रेस्क्यू की गईं लड़कियों को पहाड़गंज मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित एक कमरे में रखा गया था। यहां से लड़कियों को इलाके के अलग-अलग होटलों में देह व्यापार के लिए भेजा जाता था। पुलिस ने छापेमारी से पहले, आरोपितों को पकड़ने के लिए संदिग्ध स्थानों की पहचान कर वहां फर्जी ग्राहकों को तैनात किया था। देह व्यापार की पुष्टि होने के बाद पुलिस की टीमों ने कई जगहों पर होटलों सहित अन्य स्थानों पर छापे मारे। इस कार्रवाई में तीन नाबालिगों सहित 23 महिलाओं को बचाया और सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

लड़कियों को स्कूटी के जरिए होटलों व अन्य जगहों पर ले जाया जाता था। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# सड़क पर गाड़ी पार्क करने वाले हो जाएं सावधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** सड़क पर कार खड़ी कर धीमे यातायात और जाम का कारण बनने वालों पर कार्रवाई होगी। सड़क दुर्घटना के दौरान सरेराह वाहन रोकर लापरवाही बतरने वाले भी इसी कार्रवाई के जद में आएंगे। गौतमबुद्ध नगर यातायात पुलिस का प्रयास है कि यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाएं ताकि अन्य लोगों को परेशानी नहीं हो। उधर, यातायात पुलिस सेक्टर 20 थाने में इस तरह की लापरवाही को लेकर एक मुकदमा भी दर्ज करा चुकी है।

**इससे यातायात होता है बाधित**



अमूमन देखने में आता है कि लोग ओवरलोड वाहन को लेकर निकलते हैं। ओवरलोड वाहन बीच राह ही कई बार खराब हो जाता है। ऐसी परिस्थिति में वाहन को सड़क किनारे करना भी मुश्किल होता है। इससे मार्ग पर यातायात बाधित होता है। दूसरी ओर लोग वाहन खराब होने पर बीच राह ही छोड़कर चले जाते हैं। इससे भी मार्गों पर यातायात बाधित होता है। तीसरे केस में कोई दुर्घटना होने पर लोग मदद करने बजाये अपने वाहन सड़क पर रोककर खड़े हो जाते हैं और तमाशा देखने के लिए चले जाते हैं। इससे सड़क पर सुचारू रूप से यातायात संचालन बाधित होता है। ऐसी स्थिति में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे, एनएच नौ व एलिवेटेड रोड पर चंद मिनटों में ही वाहनों की कतार लग जाती है। कई किलोमीटर तक जाम जैसे हालात बन जाते हैं। अन्य वाहन चालकों को समय और ईंधन की बबार्दी जैसा दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। टीम को मौके पर पहुंचने में देरी होती है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फरमान@नईम, पुत्रः कबीर, पताः ई–117/55 झुग्गी सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 128/2023, U/s: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फरमान@नईम** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **फरमान@नईम** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अभियुक्त **फरमान@नईम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार,**
**सुश्री दीपाक्षी राणा,**
**एल.डी.एम.–03, शाहदरा, कमरा नं. 19**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/3635/NE/2025**

# जीडीए ने किसानों को दी गुड न्यूज, 15 साल बाद अब दूसरी जगह पर मिलेंगे प्लॉट

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम योजना में करीब डेढ़ दशक बाद किसानों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही श्मशान घाट के पास आवंटित करीब 373 भूखंडों को दूसरी जगह आवंटित करने का प्रस्ताव भी बोर्ड बैठक में पास कर दिया गया है। मधुबन बापूधाम योजना से प्रभावित करीब 647 किसानों को अभी भूखंड नहीं मिले हैं। उन्हें प्राधिकरण की ओर से विकसित भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसमें कोर्ट के आदेश के बाद 800 एकड़ वाले किसानों को छह फीसद विकसित भूखंड और 281 एकड़ वाले किसानों को 20 फीसद विकसित भूखंड देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। उसके लिए किसानों को 10,236 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से विकास शुल्क देना होगा। इसके अलावा श्मशान घाट व कब्रिस्तान से पास कराने वाले 373 आवंटियों को श्मशान घाट के पास दूसरी जगह भूखंड आवंटित करने का प्रस्ताव भी बोर्ड बैठक में पास कर दिया गया है।

बैठक के एजेंडे में तुलसी निकेतन के जर्जर भवनों के संबंध में प्रस्ताव रखा गया। जर्जर भवनों को ध्वस्त कर यहां बहुमंजिला भवन बनाने का प्रस्ताव पास हुआ। बोर्ड में निर्णय लिया गया कि अन्य राज्यों के पुनर्विकास प्रोजेक्ट की तर्ज पर जीडीए इसके लिए कंसलटेंट नियुक्त कर ईओआई व आरईपी दस्तावेज तैयार कर एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित करेगा।

**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

**क्लासीफाइड**

**टूर एण्ड ट्रैवल्स**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

**खोया-पाया**

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

**बेदखली सूचना**

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

**बेदखली सूचना**

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

**खोया-पाया**

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र आज से

**मंगलवार को पेश होगा वित्त वर्ष 2025-26 का बजट, डीटीसी की कार्यप्रणाली पर कैग रिपोर्ट 24 मार्च को सदन में पेश की जाएगी**

**महत्वपूर्ण**

**यह सत्र आगामी वित्तीय वर्ष के विकास रोडमैप को निर्धारित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को सुबह 11:00 बजे पुराना सचिवालय स्थित विधानसभा भवन में शुरू होगा। यह सत्र वित्तीय नीतियों और आगामी वित्तीय वर्ष के विकास रोडमैप को निर्धारित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है' यह सत्र 28 मार्च तक चलेगा और आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि बजट सत्र में डीटीसी के कामकाज पर सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश की जाएगी। यह तीसरी सीएजी रिपोर्ट होगी, जो 24 मार्च को सदन में प्रस्तुत की जाएगी। 25 मार्च को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। 26 मार्च को बजट पर चर्चा होगी। 27 मार्च को विधानसभा में बजट को मंजूरी दी जाएगी। 28 मार्च को निजी विधेयकों और संकल्पों पर चर्चा होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने और नियमों का पालन करने का अनुरोध किया है। प्रश्नकाल 24, 26, 27 और 28 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसमें मंत्री सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। कोई भी सदस्य लोक महत्व के मुद्दे उठाने के लिए कार्यवाही से एक दिन पहले शाम 5:00 बजे तक नोटिस दे सकता है। प्रतिदिन बैलेट प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 10 विषयों पर चर्चा होगी। 28 मार्च 2025 को निजी संकल्पों पर चर्चा होगी, जिसके लिए 12 दिन पहले नोटिस देना आवश्यक होगा।

## दिल्ली सरकार से एमसीडी को मिल सकता है 10 हजार करोड़ का फंड

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र के साथ ही दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने के बाद निगम में भी भाजपा सरकार बनने की प्रबल संभावनाओं से आगामी दिल्ली सरकार के बजट में निगम को फायदा हो सकता है। उसे न केवल उन मदों में फंड मिल सकता है जो आप सरकार ने बंद कर दिए थे बल्कि अनधिकृत कालोनियों और अधिकृत कालोनियों के विकास कार्यों के लिए फंड का आवंटन बंद कर दिया था। आप सरकार केवल तीन मदों में फंड दे रही थी। इसमें शहरी विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य मद था। जिससे यह होता था कि ज्यादा राशि कर्मियों के वेतन में ही खर्च हो जाती थी।

**बजट में मिल सकता है विकास कार्यों के लिए फंड**
अब इन मदों के अलावा दूसरे मदों में भी विकास कार्यों के लिए फंड बजट में मिल सकता है। साथ ही कर्मचारियों के बकाये के भुगतान से लेकर पार्कों के रखरखाव और सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए दिल्ली सरकार से फंड बजट में मिल सकता है। इससे दिल्ली सरकार से निगम को मिलने वाला फंड दस हजार करोड़ तक पहुंच सकता है। जबकि आप



सरकार में 8423 करोड़ रुपये का सर्वाधिक फंड मिला था।

**आवंटित फंड का नहीं हो पाया था उपयोग**
उल्लेखनीय है कि दिल्ली में आप सरकार आने से पहले दिल्ली में अनधिकृत कालोनियों, अधिकृत कालोनियों, झुग्गी झोपड़ी में सुविधाओं का विस्तार से लेकर शहरी रोड, पार्कों की सफाई और रखरखाव के लिए फंड आता था लेकिन यह 2015-16 से बंद हो गया था।
सूत्रों के मुताबिक अब इन मदों में फंड मिल सकता है। साथ ही छठे राज्य वित्तीय आयोग के लिए कमेटी के गठन की घोषणा भी भाजपा की दिल्ली सरकार कर सकती है। इसके साथ 14 हजार करोड़ की देनदारी में से 2751 करोड़ रुपये की कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग से लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के भुगतान की है। ऐसे में इसे खत्म करने के लिए भी सरकार कुछ हद तक मदद कर सकती है।

**आप सरकार में क्या हुआ था?**
7541 करोड़ रुपये की दिल्ली सरकार से लोन है। इसके ऋण में कटौती या कमी की राहत की घोषणा हो सकती है। पुराने मदों में फंड शुरू होने से पार्षदों के पास जो क्षेत्रीय विकास निधि में कम फंड मिलता है और उससे विकास कार्य नहीं हो पाते हैं उसकी भरपाई इससे हो सकती है।
दिल्ली में आप और निगम में भी आप सरकार होने से दिल्ली की जनता को फायदे की उम्मीद थी, लेकिन न तो आप सरकार की ओर से कोई बड़ी राहत दी गई और जो घोषणाएं की गई वह क्रियान्वित भी नहीं हो सकी।
हालांकि दिल्ली में जब आप सरकार थी वह पूर्वकालिक कांग्रेस की सरकार से निगम को ज्यादा फंड देने का दावा करती थी। नियमानुसार दिल्ली सरकार के राजस्व में 12.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी निगम की बनती है।



शहीदी दिवस के अवसर पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित की।

## एन हरिहरन हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। वकील विक्रम सिंह पंवार ने सचिव और महिला वकील कनिका सिंह ने कोषाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम रविवार शाम घोषित हो गए।दिल्ली हाई कोर्ट समेत सभी निचली अदालतों में 21 मार्च को मतदान हुआ था। घोषित परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद के उम्मीदवार एन हरिहरन को 2967 वोट मिले, जबकि वकील कीर्ति 2880 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

## मुख्यमंत्री ने भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शहीद दिवस के अवसर पर रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शहीद भगत सिंह पार्क मालवीय नगर में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक सतीश उपाध्याय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भाजपा सरकार ने कार्यभार संभाला था, तब विपक्ष ने भगत सिंह की तस्वीर को लेकर खूब हंगामा किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने मुख्यमंत्री दफ्तर से भगत सिंह की तस्वीर हटाने का आरोप लगाकर दिल्ली विधानसभा सत्र को बाधित करने की कोशिश की। उन्होंने बहुत सारे सवाल उठाए थे। मैं बताना चाहती हूं कि यहां भगत सिंह की प्रतिमा को तोड़ दिया गया, उन्होंने कभी मरम्मत की बात नहीं की, उनकी देशभक्ति कहां गई? हमने आज शहीद दिवस पर नई प्रतिमा का अनावरण किया है। हमारे अंदर देशभक्ति की भावना है, उन्हें हमें बताने की जरूरत नहीं है। प्रतिमा का अनावरण करते हुए मुझे अच्छा लगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हम नायकों की मूर्ति और राष्ट्रीय ध्वज का रखरखाव ठीक ढंग से नहीं कर सकते है, तो उसे लगाने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि बांसुरी स्वराज और मुझे दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज के विकास कामों को आगे बढ़ाना हैं। भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने शहीद दिवस पर कहा कि 23 मार्च का दिन हमें तीन बाते याद दिलाता है। यह हमारे लिए दुख, गर्व और गुस्से का दिन है। दुख का दिन इसलिए क्योंकि इतनी अल्पायु में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई और हमारे नौजवान देश के लिए शहीद हुए थे। यह हमारे लिए गर्व का दिन इसलिए है कि हमारे उन युवाओं ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजों की जड़े हिला दी। उन्होंने इस देश की एकता, अखंडता और स्वाधीनता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के अत्याचार के प्रति गुस्सा है। पहले शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को 24 मार्च को फांसी देने थी, लेकिन अंग्रेजी हुकूमत इतनी डर गई कि इनको 23 मार्च को ही फांसी दे दी गई।

**याद किया**

**जब भाजपा सरकार ने कार्यभार संभाला था, तब विपक्ष ने भगत सिंह की तस्वीर को लेकर खूब हंगामा किया**

## जस्टिस वर्मा के घर के पास मिले 500 रुपये के जले हुए नोट

**मचा हड़कंप**

**यशवंत वर्मा के आवास के पास जली हुई सामग्री और 500 रुपये के जले हुए नोट मिलने का मामला सामने आया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास के पास जली हुई सामग्री और 500 रुपये के जले हुए नोट मिलने का मामला सामने आया है। घटना रविवार की बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जले हुए मलबे और नोटों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इसका वीडियो भी सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जस्टिस यशवंत वर्मा का निवास लुटियंस दिल्ली के एक पॉश इलाके में स्थित है। रविवार रात को स्थानीय निवासियों ने उनके घर के पास धुआं उठते देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां जली हुई लकड़ियां, कपड़े और कुछ अज्ञात वस्तुओं के साथ 500 रुपये के जले हुए नोट भी मिले। इससे पहले, दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अपनी एक रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को सौंपी थी। पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार 14 मार्च को रात 11 बजकर 43 मिनट पर पीसीआर को 30 तुगलक क्रेसेन्ट कोठी में आग की सूचना मिली।

## तीस हजारी कोर्ट बार एसो. का चुनाव परिणाम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर डीके शर्मा, सचिव पद पर विकास गोयल और कोषाध्यक्ष पद पर रेणु मलिक ने जीत हासिल की। देर रात चुनाव के नतीजे सामने आए। तीस हजारी कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर यजुवेंद्र चौधरी ने जीत दर्ज की है। इसी तरह अपर सचिव पद पर साहिल पुरी, संयुक्त सचिव पद पर अजय दहिया, सीनियर मेंबर लेडी एग्जीक्यूटिव के पद पर कुसुम लता, सीनियर मेंबर एग्जीक्यूटिव मेल पद पर योगेंद्र कुमार, मेंबर एग्जीक्यूटिव फीमेल (10 से 20 साल) के पद पर वाणी सिंघल, मेंबर एग्जीक्यूटिव मेल (10 से 20 साल) के पद पर अमित



राघव, मेंबर एग्जीक्यूटिव फीमेल (10 साल तक) के पद पर अनिता सिकदर, मेंबर एग्जीक्यूटिवमेल (10 साल तक) के दो पदों पर हिमांशु खारी और दीपक शर्मा ने जीत हासिल की है। उल्लेखनीय है कि तीस हजारी कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव समेत दिल्ली के चार बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम आ चुके हैं। अभी हाई कोर्ट बार एसोसिएशन और राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम लंबित हैं। पटियाला हाउस कोर्ट में बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम के मुताबिक अध्यक्ष पद पर नागेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष पद पर नवनीत पंवार, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पर विमल वर्मा, सेक्रेटरी पद पर तरुण राणा, एडिशनल सेक्रेटरी पद पर नवीन कपिला, ज्वायंट सेक्रेटरी पद पर अंकुर त्यागी और कोषाध्यक्ष पद पर आस्था गुप्ता ने जीत दर्ज की है। द्वारका कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अवनीश राणा ने अध्यक्ष, विवेक डागर ने उपाध्यक्ष, करमवीर त्यागी ने सेक्रेटरी, हेमंत वर्मा ने एडिशनल सेक्रेटरी के पद पर जीत दर्ज की है। वहीं, रोहिणी कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में राजीव तेहलान ने अध्यक्ष, मूलचंद वर्मा ने उपाध्यक्ष, प्रदीप खत्री ने सेक्रेटरी, विवेक शौकीन ने एडिशनल सेक्रेटरी, प्रवीण डबास ने ज्वायंट सेक्रेटरी, आशा ज्योति आर्या ने कोषाध्यक्ष के पद पर चुनाव जीत दर्ज की है। दिल्ली की अदालतों में बार एसोसिएशन चुनाव में इस बार भारी अव्यवस्था



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता के निधन पर उनके पैतृक गाँव जाकर शोक व्यक्त किया।

## नमिता और मुन्ना बने कॉलेज (सांध्य) के सर्वश्रेष्ठ एथलीट

**नया अध्याय**

**नेहरू कॉलेज ने वार्षिक खेल दिवस मनाकर गौरवशाली खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के मोतीलाल नेहरू कॉलेज (सांध्य) ने वार्षिक खेल दिवस मनाकर अपने गौरवशाली खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा। खेल दिवस का समापन मुन्ना कुमार को छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट और नमिता भाखला को छात्रा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेस प्रोफेसर बलराम पाणि, भारतीय महिला कबड्डी टीम की पूर्व कोच द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता पद्मश्री डॉ. सुनील डबास और भारतीय महिला हॉकी टीम के पूर्व कोच द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता नरेंद्र सिंह सैनी मौजूद थे। वार्षिक खेल दिवस का समापन मोतीलाल नेहरू कॉलेज (सांध्य) के प्राचार्य प्रोफेसर संदीप गर्ग के समापन भाषण के साथ हुआ। 100 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में चैतन्य आहूजा विजेता रहे, जबकि महिला वर्ग में नमिता भाखला विजेता रहीं।

## पेड़ से लटक युवक-युवती ने की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले के हौज खास स्थित डियर पार्क में शनिवार देर रात एक प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव पेड़ की एक ही डाली पर लटके हुए पाए गए। रविवार सुबह करीब 6.30 बजे पार्क में तैनात सुरक्षाकर्मी ने सबसे पहले शव को लटके हुए देखा और पुलिस को सूचना दी। सफदरजंग एंक्लेव थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। प्राथमिक जांच में पुलिस ने दोनों की पहचान कर परिजनों से पूछताछ की है।



पूछताछ में सामने आया कि दोनों शादी करना चाहते थे और उनके परिजनों ने शादी से मना कर दिया था। इसके चलते पिछले पांच दिनों से दोनों परेशान थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 21 वर्षीय दीपक अपने परिवार के साथ झुग्गी नंबर 5, पिलांजी गांव में रहता था। दीपक लोधी कॉलोनी स्थित एक पिज्जा शॉप में काम करता था। वहीं 18 वर्षीय सृजना अपनी शादीशुदा बहन के घर छतरपुर एंक्लेव इलाके में रहती थी। सृजना कई घरों में घरेलू सहायिका का काम करती थी। दोनों के परिवार मूलतः नेपाल के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह करीब 6.30 बजे डियर पार्क के सुरक्षाकर्मी बलजीत सिंह ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। सफदरजंग एंक्लेव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों के शव को पेड़ से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने दोनों की पहचान की और उनके परिजनों को वारदात की जानकारी दी। पुलिस जांच में सामने आया है कि दीपक और सृजना दोनों शादी करना चाहते थे और पिछले एक साल से रिश्ते में थे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर इलाके में परिवार के साथ हरिद्वार जाने के लिए निकले एक शख्स की सड़क हादसे में मौत हो गई। सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने से हुई मौत का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान वेद कुमार वर्मा के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ टिकरी खुर्द इलाके में रहते थे। उनकी पत्नी गिरजा ने पुलिस को बताया कि 19 मार्च को वह अपने पति और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हरिद्वार जाने के लिए निकले थे। करनाल रोड हाईवे पर बस स्टैंड दूसरी तरफ होने की वजह से सभी सड़क पार कर रहे थे। तभी सोनीपत की तरफ से एक बुलेट बाइक तेज रफ्तार से आई और वेद कुमार वर्मा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार भी दूर जा गिरा। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने वेद कुमार वर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल बाइक सवार का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी पहचान सोनीपत निवासी साहिल के रूप में हुई है।

## दिल्ली को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत, बजट से योजनाओं को मिलेगी रफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली को जाम मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली जो योजनाएं ठंडे बस्ती में जा चुकी हैं, भाजपा सरकार के इस बजट में इन परियोजनाओं को पैसे की दरकार है। विशेषज्ञों की मानें तो सरकार यदि इनको आगे बढ़ने पर विचार करती है तो ये दिल्ली को जाम मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।
आप सरकार ने क्या किया था?
पहले की आम आदमी पार्टी सरकार ने इन परियोजनाओं को ठंडा बस्ती में डाल दिया था। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सूत्रों के अनुसार पूर्व की सरकार ने फंड की कमी की बात कहकर इन परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की योजना टाल दी थी। जबकि दिल्ली को जाम से निजात दिलाने में ये परियोजनाएं बड़ी भूमिका निभा सकती थीं। इनमें ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर, नार्थ साउथ कॉरिडोर, सिग्नेजर ब्रिज से डीएनडी तक बनने वाला रिंग रोड हाईवे व अरबिंदो मार्ग पर आईआईटी से महरौली तक बनने वाला पौने तीन किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर शामिल हैं।

**तीनों परियोजनाओं क्या थी बड़ी अड़चन?**
यहां बता दें कि ये चारों वे योजनाएं हैं जिन्हें लेकर दिल्ली की आप सरकार बहुत गंभीर नहीं रही। हालांकि दो साल पहले तक इन परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की बात होती रही। सिग्नेजर ब्रिज से डीएनडी तक बनने वाला रिंग रोड हाईवे को लेकर यमुना कमेटी



की आपत्ति को अलग कर दिया जाए तो अन्य तीनों परियोजनाओं को लेकर कोई बड़ी अड़चन भी नहीं थी। हालांकि दो साल पहले दिल्ली सरकार ने सिग्नेजर ब्रिज से डीएनडी तक बनने वाला रिंग रोड हाईवे परियोजना को लेकर पीडब्ल्यूडी को यमुना कमेटी के सामने फिर से मामला ले जाने के लिए कहा था।पीडब्ल्यूडी को उम्मीद थी कि सरकार इन परियोजनाओं को प्राथमिकता देगी, मगर ऐसा नहीं हुआ है।

**सिग्नेजर ब्रिज से डीएनडी तक रिंग रोड हाईवे बनाने की योजना**
रिंग रोड पर वाहन चालकों को जाम से राहत देने के लिए सिग्नेजर ब्रिज से डीएनडी तक रिंग रोड हाईवे बनाने की योजना बनाई गई थी।इसके तहत बनने वाले डबल डेकर फ्लाईओवर वाले भाग में ऊपर के भाग में तेज रफ्तार बड़े वाहन चलेंगे।जबकि नीचे के भाग में कम रफ्तार वाले वाहन व साइकिल वाले चलेंगे। इसके बन जाने पर रिंग रोड पर वाहनों का दबाव कम हो जाता और लोगों को कश्मीरी गेट बस अड्डा से लेकर मैटकाफ हाउस और मजनूं का टीला तक जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। इस कॉरिडोर को डीएनडी और बारापुला फ्लाईओवर से जोड़ने की योजना थी।मगर योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

**उम्मीद**

**कई प्रोजेक्ट्स को मिल सकती है रफ्तार, जाम मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली योजनाएं हैं ठंडे बस्ते में**

**अरबिंदो मार्ग का पौने तीन किलोमीटर का फ्लाईओवर**
योजना के तहत अरबिंदो मार्ग पर आईआईटी के पास रिंग रोड फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास बनेगा। फ्लाईओवर के नीचे लालबत्ती हटाने के लिए यह करीब 400 मीटर लंबा छह लेन का अंडरपास होगा। इससे करीब 200 मीटर की दूरी पर मदर इंटरनेशनल स्कूल से पौने तीन किलोमीटर लंबा कारडोर शुरू होगा।

# 'किसानों ने फसल चक्र से निकल कर मिसाल कायम की'

**किसान हित**

**मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारी वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू की शहादत पर उन्हें नमन किया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा सरकार किसानों की आय बढ़ाने के प्रति गंभीर है। किसानों के हित में अनेक योजनायें शुरू की गई हैं। इस साल कृषि बजट में 19.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को इजरायल भेजा जायेगा ताकि वे कृषि संबंधी नई तकनीकों से अवगत हो सकें। उन्होंने घरौंडा के इंडो-इजरायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में होस्टल और सेमिनार हॉल बनवाने की घोषणा की और 74 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने शहीदी दिवस पर क्रांतिकारी वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू की शहादत पर उन्हें नमन किया। साथ ही हरियाणा बागवानी पत्रिका का विमोचन किया व किसानों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री रविवार को घरौंडा के इंडो-इजरायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय 11वें मेगा सब्जी एक्सपो 2025 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान हरियाणा की शान हैं। किसानों ने परम्परागत फसल चक्र से निकलकर फलों व सब्जियों की खेती तथा मधुमक्खी पालन में नवाचार व आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाकर एक मिसाल कायम की है। मेगा सब्जी एक्सपो-2025 हमारे किसानों के लिए कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने का महत्वपूर्ण मंच है। इस तीन दिवसीय एक्सपो में किसानों को बागवानी, सब्जी उत्पादन और मधुमक्खी पालन से जुड़ी नई तकनीकों, उन्नत किस्मों और आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी मिलने के साथ-साथ कई समस्याओं का समाधान मिला है और नई संभावनाओं के बारे में भी पता चला है। मुख्मंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हितैषी है। किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के बजट 2025-26 में कृषि के बजट में 19.2 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की है। पशुधन के लिए बजट में 50.91 प्रतिशत, बागवानी में 95.5 प्रतिशत, मत्स्य का 144.4 प्रतिशत और सहकारिता का 58.8 प्रतिशत बढ़ाया है। प्रदेश सरकार ने पिछले साढ़े 10 वर्षों में किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत 14500 करोड़ रुपये दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि किसान खुशहाल हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 2025-26 के बजट में देसी गाय की खरीद के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि को 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने का प्रस्ताव किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति बूंद अधिक फसल की अवधारणा पर चलते हुए किसान बहुमूल्य पानी की बचत करने के लिए ड्रिप सिंचाई, फव्वारा सिंचाई व मल्चिंग का भी प्रयोग कर रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि किसानों को खेती प्रक्रिया में हर कदम पर मदद मिले, यानि बुवाई से पहले और बुवाई के बाद भी और फसल कटाई के बाद भी। इसी सोच पर चलते हुए सरकार कई तरह की रियायतें व सुविधाएं दे रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि बागवानी क्षेत्र को बढ़ाने के लिए बागवानी फसल क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत 510 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से 140 फल एवं सब्जी संग्रह एवं पैक हाऊस स्थापित किए जा रहे हैं। प्रत्येक क्लस्टर में 300 किसान सदस्यों के साथ एक एफ.पी.ओ का गठन व एकीकृत पैक हाउस स्थापित किया जा रहा है।

# जीवन में बड़ा लक्ष्य ही व्यक्ति को बड़ा बनाता है: ओमप्रकाश

**बड़ा सोचें**

**अच्छी शिक्षा से ही भविष्य बनता है। इसलिए भविष्य आपका है आप बड़ा सोचें: ओमप्रकाश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर बेरी रोड स्थित पेस स्कूल में आयोजित दूसरे वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा से ही भविष्य बनता है। इसलिए भविष्य आपका है आप बड़ा सोचें, जो बड़ा सोचता है, वहीं बड़ा व्यक्ति बनता है, आप नौकरी पाने के लक्ष्य के लिए पढ़ाई मत करो, नौकरी देने वाले की भावना के साथ मन लगाकर पढ़ाई करो । व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है। जीवन में बड़ा सोचोगे तो बड़ा व्यक्ति बनोगे। छात्रों ने तालियों के साथ इन प्रेरक वाक्यों का अभिवादन किया। पूर्व कृषि मंत्री श्री धनखड़ ने कहा कि आप युवा छात्र हैं। आप अपनी संस्कृति, संस्कार के साथ नवाचार और तकनीक अपनाओ। आप आज संकल्प कीजिए, जरूर सिद्धि तक पहुंचेगा। पीएम मोदी जी कहते हैं संकल्प से ही सिद्धि तक पहुंचा जा सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमारी नई शिक्षा नीति व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने वाली नीति है। धनखड़ ने कहा कि भविष्य भारत का है, आज आप संकल्प लीजिए कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो जरूर बनेगा । यह आपके संकल्प पर निर्भर करता है। धनखड़ ने प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया। बजट को लेकर कांग्रेस और जेजेपी के बयान पर ओमप्रकाश धनखड़ ने पलटवार करते हुए कहा देखिए कुल बजट बढ़ा है। प्रदेश का बजट दो लाख करोड़ से भी ऊपर हो गया है, ऐसे 12 ही राज्य है देश में, बाकी हमसे बड़े राज्य हैं, सब जिनका बजट 2 लाख करोड़ का है ।

## न्यूज फ्लैश

### अब खिलाड़ी घर बैठे ले सकेंगे नगद पुरस्कार राशि

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/ शिव कुमार शर्मा**
प्रदेश के करीब 29 हजार खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार की ओर से नगद पुरस्कार राशि के लिए जिला खेल अधिकारी के कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब खिलाड़ी कभी भी घर बैठे खेल विभाग के यूआरएल और कैश अवार्ड मैनेजमेंट सिस्टम पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इसे लेकर हरियाणा खेल विभाग की तरफ से सभी जिला मुख्यालयों को निर्देश जारी किए हैं। अब नगद पुरस्कार के लिए कोई तिथि निर्धारित नहीं रहेगी। खिलाड़ी प्रतियोगिता के तुरंत बाद भी नगद पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए नगद पुरस्कार दिया जाता है। इसके तहत मान्यता प्राप्त राज्य, राष्ट्रीय, ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन गेम्स सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाता है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में आवेदन मांगे जाते हैं। इसके तहत खिलाड़ियों को जिला कार्यालयों में जाकर आवेदन करना होता है। इसके बाद उनकी छटनी की जाती है और यदि किसी खिलाड़ी के दस्तावेज में कोई कमी होती है तो उसे दूर कराया जाता है। इस सब में काफी समय लगता है। इसके अलावा काफी मैन पावर भी लगती है। इसके चलते खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार के लिए काफी प्रतीक्षा करनी पड़ती है। हरियाणा खेल विभाग ने इसमें बदलाव किया है। हरियाणा खेल विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार एक अप्रैल व उसके बाद हुई राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी नगद पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी खेल की वर्ल्ड चैंपियनशिप, ओलंपिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी खेल विभाग की ऑनलाइन सुविधा का लाभ लेकर नगद पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं।
हरियाणा खेल विभाग ने इस पर जिले के करीब 91 खिलाड़ियों नगद पुरस्कार दिया है। यह खिलाड़ी है, जिन्होंने वर्ष 2023-24 के दौरान हुई प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की थी। इसमें राष्ट्रीय, एशियन गेम्स और ओलंपिक खेलों के खिलाड़ी नहीं शामिल हैं। इस संबंध में खेल मंत्री गौरव गौतम ने बताया है कि अब ऑफलाइन नगद पुरस्कार के लिए आवेदन नहीं करना होगा। यह खिलाड़ियों की सहूलियत को देखते हुए शुरू किया गया है। सबसे बड़ी अच्छी बात यह रहेगी कि खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार के लिए बार-बार पत्राचार करने की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदन के दौरान ही फार्म की गई गलतियों के बारे में पता चल जाएगा।

### खेल नीति की वजह से पूरी दुनिया में है हरियाणा का नाम- मंत्री कृष्ण कुमार बेदी

**चंडीगढ़:** हरियाणा देश का स्पोर्ट्स हब है। हरियाणा ने देश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की प्रगतिशील खेल नीति की वजह से पूरे विश्व में हरियाणा का नाम है। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मंगल सेन इंडोर जिम्नेजियम हाल में आयोजित शहीद ए आजम भगत सिंह मेमोरियल इंडिया, रसिया, उज्बेकिस्तान बेल्ट रेसलिंग प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि यह उदगार व्यक्त किया। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने खिलाड़ियो को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में हरियाणा में बेल्ट रेसलिंग को प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति दूसरे राज्यों के लिए रोल मॉडल बन चुकी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में खेल बजट में 41 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी करते की है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने खिलाड़ी बीमा योजना सहित कई तरह की नई योजनाओं का ऐलान बजट में किया है। साथ ही, खिलाड़ियो की छात्रवृत्ति व डाइट मनी भी बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के अनुरूप प्रदेश की 5 यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर भी बनेंगे।

# सीएम ने किया एक मुश्त निपटान स्कीम-2025 का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री** श्री नायब सिंह सैनी ने ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक समृद्धि और सुशासन के लिए एक पारदर्शी और न्यायसंगत कराधान प्रणाली आवश्यक है। कर प्रणाली सरल और प्रभावी होती है, तो व्यापारियों, उद्यमियों और निवेशकों को लाभ होता है और आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ती हैं। मुख्यमंत्री ने ये बात आज कुरुक्षेत्र में ह्यएक मुश्त निपटान स्कीम-2025ह्ल के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मुश्त निपटान स्कीम-2025 स्कीम से हजारों करदाताओं, विषेशकर छोटे दुकानदारों, उद्यमियों व व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह स्कीम करदाताओं को पुराने वित्तीय बोझ से मुक्त कर एक नई शुरूआत करने का अवसर देगी। उन्होंने कहा कि एक मुश्त निपटान स्कीम-2025 स्कीम हरियाणा के उन करदाताओं के लिए है, जो किन्हीं कारणों से अपने करों की बकाया राशि का भुगतान नहीं कर सके। इस स्कीम के तहत 10 लाख रुपये तक की बकाया राशि वाले करदाताओं को 1 लाख रुपये तक की छूट मिलेगी।

# नशे से मुक्त समाज का आंदोलन चलाना होगा: जैन

**याद किया**

**युवा शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के पदचिन्हों पर चलकर ही नशे की बुराई को जड़ से खत्म कर सकता है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** नगर निगम मेयर एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि देश का युवा शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के पदचिन्हों पर चलकर ही नशे की बुराई को जड़ से खत्म कर सकता है, जिस तरह से तीनों युवाओं न देश को आजाद करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उसी तरह आज हमें नशे से मुक्त समाज का आंदोलन चलाना होगा। राजीव जैन रविवार को शहीदी दिवस के अवसर पर दिल्ली कैम्प सिथत शहीद भगत सिंह चौक पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। राजीव जैन ने गीता विद्या मंदिर कॉलेज में क्राइम कण्ट्रोल & ह्यूमन राइट्स संस्था द्वारा शहीदों की याद में लगाए गए रक्तदान शिविर में युवाओं का हौसला बढ़ाया और जागृति धाम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा तथा संत नामदेव पार्क में निकाले गए मशाल जुलुस में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि तीनों शहीदों के खेलने खाने की उम्र में जनरल सांडर्स की हत्या कर जलियांवाला बाग के नरसंहार का बदला लिया और साइमन कमीशन के विरोध में एसेम्ब्ली में बम विस्फोट करके अंग्रेज सरकार के शासन की चूलें हिलाने का काम किया था। परिणामस्वरूप अंग्रेजों ने घबराकर भारत छोड़ने का मन बनाया। उन्होंने कहा कि देश के विश्वगुरु बनने के बाद ही भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का बलिदान सार्थक होगा। उनके प्रति सच्ची श्रधांजलि यही होगी कि दश की एकता अखंडता पर आक्रमण हो तो युवा हमेशा देश विरोधी ताकतों से टकराने को तैयार रहे। कार्यक्रमों में क्लब के प्रधान अजित सिंह, त्रिभुवन कौशिक, महेश जोहर, विजय, संदीप, नरेश, प्रमोद कटारिया, संदीप बत्रा, अनिशा मदान, रोहित, रवि ग्रोवर, देवेंद्र वर्मा, मोहन सिंह मनोचा सहित सैंकड़ो बंधू उपस्थित रहे।

# मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली क्लश यात्रा

**प्राण प्रतिष्ठा**

**भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ अपनी आस्था व्यक्त की। समारोह में भंडारे का भी आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना: महम** रोड की विश्वकर्मा कॉलोनी में श्री राधा-कृष्ण एवं श्री राम सीता की भव्य मूर्ति स्थापना का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजन एवं हवन से हुई, जिसमें मुख्य पुजारी हरिओम शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ शुभ स्थापना संपन्न करवाई। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ अपनी आस्था व्यक्त की। समारोह में भंडारे का भी आयोजन किया गया आयोजकों ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिकता और संस्कारों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर वीरेन्द्रजीत, नरेश पांचाल, पंकज डांगी, महेंद्र पांचाल आदि मौजूद रहे।

# घोड़ियों पर सवार हुए 15 दूल्हे, भावुकता से हुई दुल्हनों की विदाई

**गुरुग्राम।** रविवार को स्वास्तिक फाउंडेशन की ओर से यहां ओल्ड दिल्ली रोड स्थित राजपूत वाटिका में धूमधाम से सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में 15 बेटियों का विवाह करके उन्हें भावुकता से विदाई दी गई। इससे पूर्व ओल्ड दिल्ली रोड पर एक साथ 15 दूल्हों की निकली बारात को देख हर कोई आश्चर्यचकित था।
संस्था के इस प्रयास की सभी ने सराहना की।
इस सामूहिक विवाह समारोह की शुरूआत श्री श्री 1008 संत रवि पुरी जी महाराज, महामंडलेश्वर साध्वी आत्मचेतना गिरी जी ने दीप प्रज्जवलित करके की।

# बजट विकास और कल्याण की दिशा में मजबूत कदम: डॉ अरविंद



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना/ बलराम**
**सहकारिता,** कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पेश किया गया बजट विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। यह बजट विकास और कल्याण की दिशा में मजबूत कदम है, जिसमें किसान, गरीब कल्याण, युवा, महिलाओं समेत हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता व पर्यटन क्षेत्र में हरियाणा अन्य राज्यों के सामने मिसाल बनेगा। शनिवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा गोहाना के सिंचाई विश्राम गृह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए बजट पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बजट को संतुलित व समावेशी बताते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के ढांचागत विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि क्षेत्रों में मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगी। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत वर्ष से 13.7 प्रतिशत अधिक राशि का आबंटन करते हुए 2 लाख 5 हजार 17 करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए हर वर्ग, हर समुदाय की जरूरतों का ध्यान रखा है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक खेती व बागवानी को बढ़ावा देते हुए नकली बीज, कीटनाशक बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का कदम किसानों के भरोसे को मजबूत करेगा। गन्ना किसानों की श्रम संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए हार्वेस्टर पर सब्सिडी दिए जाने व महिला किसानों को डेयरी स्थापित करने के लिए 1 लाख रुपए के ब्याजमुक्त ऋण से वो आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ाएंगी।

# सामूहिक विवाह में पहुंचकर बड़ौली ने दिया नव विवाहितों को आशीर्वाद



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली रविवार को गुरुग्राम पहुंचे और मुख्य अतिथि के रूप में सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय जीवन की कामना की। स्वास्तिक फाउंडेशन की ओर से ओल्ड दिल्ली रोड स्थित राजपूत वाटिका में आयोजित विवाह समारोह में 21 बेटियों का विवाह किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर साध्वी आत्म चेतना गिरी जी व श्री श्री 1008 संत रवि पुरी जी महाराज ने वर-वधू को अपने आशीर्वचनों में दांपत्य जीवन को अच्छे से चलाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विधायक मुकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। इस भव्य समारोह में एक साथ दूल्हों की बारात निकाली गई जिसे देखकर हर कोई आश्चर्यचकित था। लोगों ने संस्था द्वारा कराए गए इस आयोजन की जमकर तारीफ की। मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि स्वास्तिक फाउंडेशन कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए इस तरह के आयोजन करता आ रहा है।
स्वास्तिक फाउंडेशन द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि समाज की बेटियों को अपनी बेटियां मानकर उनकी अपनों की तरह से विदाई करके समाज को फाउंडेशन बड़ा संदेश दे रहे हैं। यह समाज को एकजुट करने का काम है। श्री बड़ौली ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को ज्यादा से ज्यादा इस तरह के कार्यक्रम करने की आवश्यकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने स्वास्तिक फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से गरीब परिवारों को मदद मिलती है।

# जो जंग भगत सिंह ने शुरू की उसे जारी रखने की जरूरत: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि उनके जहन में एक बात हमेशा गूंजती है कि आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी उस समय देश की रहनुमाई कर रहे थे और उन्होंने कई भूख हड़ताल की, यदि वे भगत सिंह के लिए एक भी भूख हड़ताल करते तो आजाद हिंदुस्तान की रोशनी शहीद-ए-आजम भगत सिंह भी देख पाते। मंत्री आज अम्बाला छावनी के सिविल एसडीएम सचिवालय में शहीद दिवस के अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि हमें शहीदों को सम्मान देना चाहिए और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलना चाहिए। यहीं उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि हैं। जो जंग शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू ने शुरू की थी, उसे जारी रखने की आवश्यकता है। अभी क्रांति को आगे चलाना व बढ़ाना होगा। एक दुश्मन (अंग्रेज रूपी) तो चला गया, कई दुश्मन अभी देश के अन्दर है, जिनमें भ्रष्टाचार, अपने दायित्वों को न निभाना, इनके खिलाफ जंग लडनी है।
मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि हमने सबको देश में समानता का अधिकार दिलाना है। जब तक यह नहीं होगा तब तक हम व देश आजाद नहीं होगा। भ्रष्टाचार दानव से मुक्ति पा ली तो देश सौ गुणा गति से आगे बढ़ेगा। मंत्री श्री ने कहा कि आज सरकार द्वारा लोगों को सीधा खातों में लाभ दिया जा रहा है। पहले राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे तो उस समय विकास के लिए 100 रूपए ऊपर से भेजा जाता था, लेकिन खाते में 15 रुपए आते थे, 85 रुपए सिस्टम की भेंट यानि भ्रष्टाचार में चला जाता था।

# सनातनी संस्कृति, संस्कार और नवाचार हमारी ताकत: धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** स्वामी दयानंद ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सुधार और ज्ञान से उजाला करने को समर्पित कर दिया। उनकी सुधारवादी विचारधारा से ही स्वदेशी और स्वराज मंत्र मिला। स्वामी जी के इसी मंत्र से प्रेरित होकर देश की आजादी के लिए अनेक देशवासियों ने त्याग और बलिदान दिया। स्वामी जी विचारधारा आज भी हमें नवाचार की ओर अग्रसर करती है। भारत वर्ष की इस समृद्ध परंपरा को गुरुकुल आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने गुरुकुल झज्जर के 109वें वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि गुरुकुल ने इस क्षेत्र में सनातनी परंपरा और नैतिकता की शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया है। धनखड़ ने शहीदी दिवस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुख्देव को नमन किया ।

**सनातनी शिक्षा के नवाचार से भारत हुआ मजबूत**

धनखड़ ने ओमानंद सरस्वती जी ने स्वामी दयानंद जी की विचारधारा के प्रचार प्रसार में अपना जीवन समर्पित कर दिया। ओमानंद जी ने विपरित परिस्थितियों में भी सनातनी परपंरा को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि मैकाले शिक्षा नीति दूसरों के पीछे-पीछे चलना सिखाती है। हमारे वेद व सनातनी शिक्षा नवाचार और सुधार की ओर अग्रसर करती है। हमारी सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए बजटीय प्रावधान जैसे निर्णय हमें नई तकनीक और नये ज्ञान के साथ आगे बढ़ने को प्रेरित करते हैं। सनातनी शिक्षा की बदौलत हमारे वैज्ञानिकों ने कोरोना के दो-दो टीके बनाकर देशवासियों को कोरोना जैसे महामारी से सुरक्षित किया और दूसरे देशों को भी टीके देने वाला देश बना। सनातनी शिक्षा की बदौलत ही दुनिया के शक्तिशाली देश अब भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखने लगे हैं। जो अंग्रेज अपने ज्ञान पर घमंड करते थे ,उन अंग्रेजों पर सनातनी शिक्षा प्राप्त ऋषि सुनक नाम का भारत के बेटे ने राज किया , अमेरिका में कमला हैरिस ने सनातनी संस्कारों की बदौलत राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ा। ये बदलता हुआ भारत है। धनखड़ ने कहा कि भारत के युवा अपनी संस्कृति और संस्कारों को तकनीक के साथ समावेश आगे बढ़ रहे हैं।

# नई स्कीम करदाताओं को पुराने वित्तीय बोझ से मुक्त कर एक नई शुरूआत करने का देगी अवसर: नायब सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र 23 मार्च। हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एकमुश्त निपटान स्कीम 2025 से प्रदेश के लाखों छोटे करदाताओं को लाभ मिलेगा। इस योजना को प्रदेश में अप्रैल माह में लागू कर दिया जाएगा और इस योजना का फायदा उठाने के लिए 180 दिनों के अंदर आवेदन करना होगा। इस योजना की 3 स्लैब बनाई गई है। अहम पहलू यह है कि 1 लाख से लेकर 10 लाख और 10 लाख से लेकर 10 करोड़ तथा 10 करोड़ से ऊपर की स्लैब में व्यापारियों व उद्यमियों को फायदा होगा। इस योजना के लागू होने के बाद व्यापारियों को लिटिकेशन से भी निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को हरियाणा कला परिषद के सभागार में हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग की




तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,विधायक पवन कुमार, प्रधान सचिव दवेन्द्र सिंह कल्याण, आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने दीप शिखा प्रज्वलित करके विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया और हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग की एकमुश्त निपटान योजना 2025 का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान हरियाणा स्टेट टैक्स बार एसोसिऐशन, हरियाणा व्यापार मंडल, चार्टड एकाउंटेड फरीदाबाद, रोहतक व गुरुग्राम, हरियाणा चैम्बर आफ कार्मस एसोसिऐशन, स्टेट टैक्स बार एसोसिऐशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक समृद्धि और सुशासन के लिए एक पारदर्शी और न्यायसंगत कराधान प्रणाली आवश्यक है। अगर कर प्रणाली सरल और प्रभावी होती है, तो व्यापारियों, उद्यमियों और निवेशकों को लाभ होता है और आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मुश्त निपटान स्कीम-2025 स्कीम से हजारों करदाताओं, विषेशकर छोटे दुकानदारों, उद्यमियों व व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह स्कीम करदाताओं को पुराने वित्तीय बोझ से मुक्त कर एक नई शुरूआत करने का अवसर देगी। उन्होंने कहा कि एक मुश्त निपटान स्कीम-2025 स्कीम हरियाणा के उन करदाताओं के लिए है, जो किन्हीं कारणों से अपने करों की बकाया राशि का भुगतान नहीं कर सके। इस स्कीम के तहत 10 लाख रुपये तक की बकाया राशि वाले करदाताओं को 1 लाख रुपये तक की छूट मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना अप्रैल माह से शुरू हो जाएगी और 180 दिनों अर्थात 6 महीनों के लिए खुली रहेगी। उनकी करदाताओं से अपील है कि वे अपने बकाया का भुगतान जल्द से जल्द करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सभी वर्गों के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विवादों का समाधान कार्यक्रम शुरू किया था, जिसके तहत विभिन्न विभागों ने समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग नाम से स्कीमें शुरू की हैं। एक मुश्त निपटान स्कीम-2025 भी उसी श्रृंखला की कड़ी है। उन्होंने कहा कि आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा को विभिन्न कारणों से बकाया करों की वसूली करने में बड़ी कठिनाई महसूस हो रही थी। इसलिए हमने बकाया करों को कम करने, मुकदमेबाजी को कम करने और बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने के लिए ह्यएक मुश्त निपटान स्कीमह्न लागू की है। इस स्कीम को लागू करने से जहां करदाताओं को राहत मिलेगी।

# 1008 जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ में उमड़ी भीड़, मंत्रों के बीच आहुतियां डालीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : धर्मानगर कुरुक्षेत्र** के केशव पार्क में चल रहे 1008 जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ में रविवार के दिन देश के अलग-अलग राज्यों से असंख्य श्रद्धालु भाग लेने पहुंचे। सभी कुंडों पर श्रद्धालुओं ने मंत्र उच्चारण के बीच आहुतियां डाली। यज्ञ कुंड से यज्ञ कुंड में प्रज्वलित अग्नि और वातावरण में फैल रहे धुएं से वातावरण पवित्र होता नजर आया। रविवार को नगर के सफाई कर्मचारियों, अनेक पार्षदों, पंचायत प्रतिनिधियों, दलित व सर्वसमाज के लोगों ने डाली आहुतियां। मुख्य यजमान के रूप में भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल सुधा अपनी धर्मपत्नी सुगंधा सुधा के साथ पूजा अर्चना करते यज्ञ में आहुतियां डालते दिखाई दिए। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में भी असंख्य धर्मप्रेमियों ने आज केशव पार्क में चल रहे महायज्ञ में भाग लिया।



इससे पूर्व शनिवार रात सायंकालीन महाआरती में भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली सहित अनेक नेताओं ने भाग लिया। मुख्य पंडाल में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम महाराज ने कहा कि यज्ञ करने से पर्यावरण शुद्ध होता है। वर्तमान में पर्यावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। ऐसे में पर्यावरण को शुद्ध करने की आवश्यकता है और पर्यावरण को शुद्ध करने का यज्ञ ही एक माध्यम है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण से पूरा विश्व चिंतित नजर आ रहा है। यदि प्रत्येक घर में यज्ञ होना प्रारंभ हो जाए तो प्रदूषण की समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी।

केशव पार्क में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि धर्मनगरी के केशव पार्क में 27 मार्च तक 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ में हर रोज एक लाख आहुतियां डाली जा रही हैं। लोगों में भी महायज्ञ के प्रति गहरी श्रद्धा व उत्साह दिखाई दे रहा है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्रों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। प्रतिभा सम्मान समारोह** का भव्य आयोजन स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें शैक्षणिक सत्र 2024- 25 में विविध वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसमें नृत्य, संगीत एवं समूह गान को सभागार में मौजूद लोगों द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डॉ. भूपेश मुखीजा व डॉ. शिखा मुखीजा व विशिष्ट अतिथि के तौर पर विपुल नांगिया, डॉ. दीपिका नांगिया, रजनी मदान ने शिरकत की। डॉ. मुखीजा ने कहा कि विद्यालय द्वारा छात्रों के उन्नति एवं विकास के तहत उठाए गए कदम एवं उनके उत्साहवर्धन के लिए कार्यक्रम सराहनीय है। रजनी मदान ने कहा कि अभिभावक के रूप में हम सब अपने बच्चों को अधिकतम समय दें, ऐसा करने से

**सम्मान**

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया**

बच्चों का अपने अभिभावकों से मजबूत जुड़ाव होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपिका नांगिया ने यू.के.जी. के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी की सराहना की। विद्यालय प्रधानाचार्य रोहित पंडा ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के तहत निकट भविष्य की कार्य योजनाओं से परिचित कराया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अलावा मुख्याध्यापक एस. पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक, बरसर ओ.पी. कुमार, कोऑर्डिनेटर पूजा वाधवा,मीनू मालिक,सुमित कौर,अन्ना अग्रवाल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# समाज को एक अच्छा नागरिक ही सही दिशा दिखा सकता है: कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। बली कुतुबपुर** गांव में सरकारी स्कूल के पास शहीद रणबीर सिंह गुर्जर की प्रतिमा और भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापित की। चौक का नाम श्रीराम चौक रखा गया। यहां 70 फीट ऊंचा तिरंगा भी लगाया गया। रविवार को मूर्ति स्थापना के अवसर पर हवन यज्ञ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र कादियान पहुंचे। सरपंच और ग्रामीणों ने फूलमाला और पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। विधायक ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की और शहीद रणबीर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। रागनी प्रतियोगिता में कलाकारों ने देशभक्ति से जुड़ी



रागनियां सुनाईं। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि शहीद रणबीर सिंह ने शिक्षा और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे। साल 2000 में गुरुग्राम सेक्टर 7 के नाके पर तैनात थे। वहीं, असामाजिक तत्वों से मुठभेड़ में गोली लगने से शहीद हो गए। उनका साहस और समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। कादियान ने युवाओं से नशे से दूर रहने और पढ़ाई व खेलों से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक अच्छा नागरिक ही समाज को सही दिशा दिखा सकता है। स्कूल के पास भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापित कर चौक का नामकरण किया और तिरंगा लगाया। ऐसे कार्यों से भाईचारे की भावना मजबूत होती है। सरपंच ने बताया कि शहीद स्मारक और पार्क बनाया गया है। इसमें शहीद रणबीर सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई है। स्कूल के पास भगवान श्रीराम की मूर्ति लगाकर चौक का नाम श्रीराम चौक रखा गया। चौक पर 70 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया गया। इन कार्यों पर 40 लाख से अधिक खर्च हुआ है। इस अवसर पर एसईपीओ अनिल कुमार, नफे सिंह गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि सुनील पुरखास, अजित आहुलाना, भाजपा नेता आजाद नेहरा, नरेंद्र, मोई सरपंच कृष्ण, मेहर सिंह सरपंच, अमित सरोहा, नफा नंबरदार, बिजेंद्र शेखपुरा, यशपाल बाबा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बीआर ग्लोबल स्कूल के होनहार छात्रों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल स्कूल** में प्री-प्राइमरी से कक्षा आठवीं तक के छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल व शिक्षकों ने प्रशस्ति पत्र, पदक और उपहार देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया और विद्यालय की शिक्षण पद्धति की सराहना की। चेयरमैन राकेश यादव ने कहा कि स्कूल के शिक्षकों व छात्रों की मेहनत का परिणाम है कि स्कूल के छात्रों ने वार्षिक परीक्षा के परिणाम में बेहतर स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है। स्कूल में बेहतर शिक्षा के साथ खेलो की तरफ भी ध्यान दिया जाता है।



# 29 मार्च को शनि करेंगे राशि परिवर्तन, कर्क, वृश्चिक को ढैया मकर राशि वालों को साढ़े साती से मिलेगा छुटकारा : भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । न्याय के देवता** कहे जाने वाले ग्रह शनि देव अपना राशि परिवर्तन करने वाले है ।ज्योतिष में शनि देव को सबसे धीमी गति से चलने वाला ग्रह बताया गया है ।ये एक राशि पर ढाई साल तक रहते है ।उसके बाद दूसरी राशि पर जाते है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि इस महीने 29 मार्च शनिवार अमावस्या वाले दिन सुबह 5:26 बजे शनिदेव अपनी स्वराशि कुंभ से निकलकर मीन में चले जायेंगे ।शनिदेव के इस राशि परिवर्तन से सभी राशि वालों के जीवन पर इसका प्रभाव भी देखने को मिलेगा ।कुछ राशि वालों से शनि का ढैया और साढ़े साती खत्म हो जाएगी और कुछ के लग जाएगी ।उन्होंने बताया कि शनि का मीन राशि में प्रवेश करते ही मकर राशि पर शनि की साढ़े साती उतर जाएगी और कर्क और वृश्चिक राशि वालों को भी शनि के ढैया से छुटकारा मिल जाएगा।

**इन राशि वालों पर होगा शनि के ढैया और साढ़े साती का असर:-**
राहुल भारद्वाज ने बताया कि शनि के इस गोचर के बाद कुछ राशि के जातकों को ढैया ,साढ़े साती का असर देखने को भी मिलेगा ।उन्होंने बताया कि शनि की साढ़े साती के ढाई -ढाई साल के तीन चरण होते है ।पहले चरण को साढ़े साती की शुरूआत कहा जाता है।

# एसडी पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का सारगर्भित समापन

**टीम एकशन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरु युवा केंद्र संगठन द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय ह्यविकसित भारत युवा संसद 2025ह्न का सारगर्भित और मंथनपूर्ण समापन हो गया । जिसमें भाग लेने वाले पानीपत और सोनीपत के 150 प्रतिभागियों में से लगभग सभी ने ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्न के समर्थन में अपने विचार रखे और इसे विकसित भारत की नीवं बताया । दूसरे दिन स्नेह लता डीवाईओ और सार्थक कुमार एनवाईसी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । जूरी की भूमिका डॉ वीरेंद्र सोनी वरिष्ठ पत्रकार, रोशन लाल सचदेवा पूर्व चीफ मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक, डॉ अनीता अग्रवाल एसोसिएट प्रोफेसर दयाल सिंह कॉलेज करनाल, डॉ नरेश ढांडा एसोसिएट प्रोफेसर देश बन्धु राजकीय महाविधालय पानीपत और डॉ अशोक अत्री एसोसिएट प्रोफेसर आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने निभाई । मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ राकेश गर्ग और डॉ संतोष कुमारी ने पौधा रोपित गमलें भेंट करके किया । ज्ञात रहे कि विकसित भारत युवा



संसद का आयोजन देश भर के 301 जिलों में हो रहा है जिसमें हरियाणा के 7 जिले शामिल है और इनमें से पानीपत और सोनीपत जिलों की जिम्मेदारी सनातन धर्म कॉलेज पानीपत को मिली है । युवा संसद में पानीपत और सोनीपत जिले के 18 से 25 वर्ष की आयु के 150 प्रतिभागीयों ने अपने विचार रखे जिनमें से 10 टॉप प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए चुना गया है । पानीपत की सुषमा ने पहला, सोनीपत की रिया ने दूसरा और पानीपत के राकेश कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । इसके अलावा सोनीपत से साक्षी आर्य, सिमरन मोर, कीर्ति एवं भव्या और पानीपत से दिव्या, सौरभ एवं शिवानी ने राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया । ये सभी 10 प्रतिभागी 31 मार्च को हरियाणा विधानसभा चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय हिस्सा बनेंगे । शहीद दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत देश के तीन वीर सपूतों को श्रधान्जली भेंट करके की गयी । विदित रहे कि आज ही के दिन 1931 में भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को ब्रिटिश राज में फांसी की सजा दी गयी थी और इसीलिए इस दिन को उनके बलिदान को याद करते हुए शहीद दिवस घोषित किया गया था । सभी मेहमानों और प्रतिभागियों ने दो मिनट का मौन रखकर अपने वीर सपूतों को नम आँखों से याद किया । डॉ वीरेंद्र सोनी वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के एक साथ होने से राष्ट्र के विकास कार्यों में रुकावट नहीं आएगी क्यूंकि बार-बार आचार संहिता लगने से और सारा ध्यान चुनावों पर आने से पूरा देश ठप्प सा दिखता प्रतीत होता है । यदि हमने राजकोष का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करना है तो एक राष्ट्र एक चुनाव को अपनाना ही होगा।

# बलिदान दिवस पर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
स्थानीय भगत सिंह के सभागार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पानीपत जिला कौंसिल की ओर से महान स्वतंत्रता सैनानियों राजगुरु, सुखदेव, भगत सिंह के बलिदान दिवस पर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए और भगत सिंह स्मारक के प्रांगण में स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर कम्युनिस्ट कार्यकताओं ने माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित किये गए। संगोष्ठी की अध्यक्षता सीपीआई के जिला सचिव कामरेड पवन कुमार सैनी ने की और जिला सहायक सचिव कामरेड राम रतन एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर सीपीआई



के राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी केन्द्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी, देश विरोधी नीतियों के खिलाफ एवं देश की एकता, अखंडता व संविधान को बचाने के लिए सीपीआई 23 मार्च से लेकर 14 अप्रैल तक देशव्यापी राजनीतिक अभियान चला रही है । कामरेड कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार ने आक्रामक तरीके से विनाशकारी आर्थिक नीतियों को आगे बढाया है जिससे कायकाजी लोगों की आजीविका तबाह हो गई है। कारपोरेट मुनाफे में जबरदस्त उछाल आया है लेकिन आम नागरिक बढती महंगाई, घटती नौकरी,काम के अवसरों की कमी और गिरते जीवन स्तर से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जाति आधारित भेदभाव और हिंसा लगातार बढ़ रही है। आर एस एस मनुवादी विचारधारा में विश्वास रखता है इसीलिए संविधान की जगह मनुस्मृति से शासन चलाने की दिशा में बढा.जा रहा है। कामरेड कश्यप ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राजनीतिक अभियान के दौरान शहीद ए आजम भगत सिंह एवं डाक्टर अम्बेडकर के विचारों को जनता में प्रचारित करेगी।

**सीपीआई के वरिष्ठ नेताओं क्रमशः** कामरेड सूरत सिंह देशवाल, कामरेड मंगल सिंह दिलावरी, मामचंद सैनी,वरिष्ठ अधिवक्ता राम मोहन राय, प्रदीप जिंदल, वंश सपरा आदि ने भी शहीदों जीवन एवं सिद्धांत पर विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक अभियान के दौरान जिले के सैंकड़ों गांवों में नुक्कड़ मीटिंग करने एवं 10 हजार पर्चे बांटने का निर्णय लिया गया। संगोष्ठी में शीश राम तोमर, पिरथी सिंह सैनी, धनपत कश्यप , कृष्ण लाल, भूपेन्द्र कश्यप, दीपक कथुरिया, ओम प्रकाश कश्यप, ओम सिंह यादव आदि सैंकड़ों गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# रौनक पब्लिक स्कूल में प्रथम कीडाथन प्रतियोगिता हुई संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल में प्रथम कीडाथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 3 से 8 वर्ष तक के 400 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खेल स्पधाएं हुई। हीरो रेस में प्रथम आरुष, द्वितीय मासूम, तृतीय मुक्तांश, ईटिंग रेस में प्रथम आरुष, द्वितीय रिवान, तृतीय यश, बाल कलेक्शन रेस में प्रथम आरुष पुत्र सचिन, द्वितीय आरुष पुत्र सतीश कुमार, तृतीय वरुध्दि, बैग पैकिंग रेस में प्रथम सचिन, द्वितीय दांश, तृतीय श्रेष्ठ, बाटल फिलिंग रेस में प्रथम जय, द्वितीय दिव्या, तृतीय देविका, वर्ड बिल्डिंग रेस में प्रथम परीक्षित, द्वितीय दक्ष, तृतीय हर्षित,




लेमन रेस में प्रथम युग, द्वितीय लविश, तृतीय शनाया, हर्डल रेस में प्रथम शिवम, द्वितीय तनिष्क, तृतीय रौनक व सैक रेस में प्रथम विवान, द्वितीय देवांश, तृतीय अमृत रहे। प्रतियोगिता में प्राचार्या रजनी शर्मा, भीम अवार्डी इंस्पेक्टर नवीन मोर सहित अन्य अतिथियों ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को साइकिल, द्वितीय स्थान पर रहने वालों को स्टडी टेबल और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रियोन कलर्स दिए गए। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए शिक्षकों और कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

# एनएसएस शिविर: गांव सिवाह में रैली व नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय** में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन सिवाह गांववासियों को "यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी" विषय के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ गांव की गलियों से रैली निकाली गई। सभी एनएसएस स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर गांववासियों को वित्तीय साक्षरता अभियान के अंतर्गत पेटीएम, फोन-पे, गूगल-पे, अमेजॉन सहित डिजिटल तरीकों के लेनदेन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने एनएसएस समन्वयक प्रो. विवेक




गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा सहित सभी स्टॉफ सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों के बारे जानकारी मिलती है और विद्यार्थी परिपक्व बनते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता लाकर ही बदलाव लाया जा सकता है हमें मिलकर इस तरह के प्रयासों में अपना योगदान देते रहना चाहिए। शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत वंदे मातरम व एनएसएस गीत के साथ की गई। एनएसएस प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सांयकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षाह्न विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। स्वयंसेविका निधि, वर्षा, दिव्या, यामिनी, विषान्त व पलक ने हरियाणवी डांस, संजीव, अंजू व शिवानी ने कविता व तमन्ना ने शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति के माध्यम से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। शिविर में मंच संचालन छात्रा दिव्या, यामिनी और प्रेरणा ने किया। वहीं, स्वयंसेवकों ने अलग-अलग टीमें बनाकर पानीपत के ग्राम सिवाह में ग्रामीणों के साथ सामाजिक सरोकार के विषय पर संवाद किया व भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय साक्षरता अभियान व सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। साथ ही अध्यापकों व स्वयंसेवकों ने लोगों को आनॅलाइन वितीय लेने-देने से सबंधित मोबाइल एप के बारे में प्रैक्टिकल तरीके से जानकारी देकर जागरूक किया व स्वच्छता जागरूकता के पैंप्लेट भी बांटे गए। एनएसएस समन्वयक प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ.मनीषा डुडेजा ने सभी गांववासियों का विशेष रुप से सरपंच रणदीप कादियान व वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र भारद्वाज के अपार सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ.मनीषा डुडेजा, प्रो. सोनू ढुल, प्रो. सुनील, प्रा. काजल, प्रा. विभूति, व सहायक सुमेर, सरित, पिंकी सहित अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## संपादकीय

# सुनीता विलियम्स : साहस से छुआ आसमान

**अगर देखना चाहते हो मेरे हौसलों की उड़ान**
**तो आसमान से कह दो कि और ऊँचा हो जाए।**

ये पंक्तियाँ निश्चित ही ऐसा आभास कराती हैं कि यह असंभव जैसी बात है क्योंकि आसमान में उड़ने वाली बात किसी ऐसे सपने जैसी ही लगती है, जो पूरा हो ही नहीं सकता। लेकिन व्यक्ति के पास साहस और धैर्य है तो वह असंभव लगने वाले लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स ने ऐसा ही एक कीर्तिमान करके दिखाया है। सुनीता ने अपने साहस और धैर्य से आसमान को छूने को साहसी कार्य किया है। यह एक ऐसा कीर्तिमान है जो भविष्य के लिए एक मील का पत्थर है। जो अंतरिक्ष विज्ञान के लिए एक दिशा बोध बनेगी। आज अंतरिक्ष विज्ञान जगत के लिए सुनीता विलियम्स एक ऐसा नाम है, जिसके साथ विज्ञान को देने के लिए बहुत कुछ है। जिनकी गाथा कहते कहते लोगों के मुंह थक जाएंगे, पर गाथा खत्म नहीं होगी। सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर सहित चार अंतरिक्ष यात्री जब धरती पर लौटे तो अमेरिका में खुशी का वातावरण था, तो भारत में भी असीमित उल्लास था। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की हैं, इसलिए यह पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि उन्होंने भारत का भी मान बढ़ाया है। सुनीता विलियम्स केवल नौ दिन के लिए अंतरिक्ष की सैर पर गई थी लेकिन यह क्या मालूम था कि यह नौ दिन की यात्रा नौ माह और चौदह दिन की हो जाएगी। जाहिर है यात्रा सरल नहीं थी। क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण का अभाव रहता है। हालांकि सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा थी। हम जानते हैं धरती से वायुमंडल की परिधि समाप्त होने के बाद अंतरिक्ष की दुनिया प्रारम्भ होती है। अंतरिक्ष के बारे में कहते हैं कि मानव आकृति अधर में ही लटकी रहती है। अगर कोई यात्री अंतरिक्ष यान में भी गया है, तो भी उसे आधार नहीं मिलता। ऐसा लगता है जैसे वजनहीन हो गए हैं। अंतरिक्ष में चल फिर नहीं सकते। बस तैरते से रहते हैं। ऐसी स्थिति में अंतरिक्ष में जाना निश्चित ही अत्यंत दुष्कर कार्य है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथ गए बुच विल्मोर ने जिस साहस का परिचय दिया, वह वास्तव में काबिले तारीफ है। लेकिन एक बात यह भी है कि अंतरिक्ष में जाना किसी चुनौती से कम नहीं है। वहां का जीवन पृथ्वी से बहुत भिन्न है। अंतरिक्ष में पहुँचने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों का यान जब भटक गया था। तब उनके मन में भी कई तरह के सवाल उठे होंगे, क्योंकि ऐसी स्थिति में यह पता नहीं होता कि वे धरती पर लौटेंगे भी या नहीं। या अंतरिक्ष में कब तक यूँ ही घूमते रहेंगे, इसका भी पता नहीं, लेकिन एक जिजीविषा थी, जो उन सबको जीने का उल्लास दे रही थी। कहते हैं कि जिसके मन में जीने का उत्साह हो तो समस्याएं सरल होती चली जाती हैं। चारों अंतरिक्ष यात्री पूरे मन से अपने मिशन पर थे। जब तक वे अंतरिक्ष में थे, कुछ न कुछ करते रहे। यानी शोध के कार्य में इतने व्यस्त हो गए कि उनको पता ही न चला कि उनके जीवन में कोई समस्या है। अमेरिका के फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में जब अंतरिक्ष यान उतरा, उस समय का दृश्य सबने देखा। कितना अद्भुत, कितना चमत्कार करने वाला दृश्य था। हर कोई इस अविश्वसनीय घटना के बारे सुनकर आश्चर्यचकित ही था।

# टीबी मुक्त भारत की दिशा में सरकार का प्रयास



ब्रह्मानंद राजपूत

> "अधिकतर मामलों में संक्रमण फेंफड़ों से बाहर भी फैल जाता है और शरीर के दूसरे अंगों को प्रभावित करता है। जिसके कारण फेंफड़ों के अलावा अन्य प्रकार के टीबी हो जाते हैं। फेंफड़ों के अलावा दूसरे अंगों में होने वाली टीबी को सामूहिक रूप से एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) के रूप में चिह्नित किया जाता है। एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) अधिकतर कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों और छोटे बच्चों में अधिक आम होता है। एचआईवी से पीड़ित लोगों में, एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) 50 प्रतिशत से अधिक मामलों में पाया जाता है। आज के समय पर सामान्य टीबी का इलाज कोई चुनौती नहीं है। अगर कोई भी व्यक्ति टीबी का मरीज है तो वह 6-9 महीने टीबी का उपचार लेकर स्वस्थ्य हो सकता है"

**हर साल,** हम 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाते हैं। यह कार्यक्रम 24 मार्च 1882 की तारीख को याद करने का दिन है जब जर्मन फिजिशियन डॉ. रॉबर्ट कोच ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु की खोज की थी, यह जीवाणु तपेदिक/क्षय रोग (टीबी) का कारण बनता है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज हो जाने से टीबी के निदान और इलाज में बहुत आसानी हुई। जर्मन फिजिशियन रॉबर्ट कोच की इस खोज के लिए उन्हें 1905 में नोबेल पुरस्कार दिया गया। यही कारण है कि हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन टीबी के सामाजिक, आर्थिक और सेहत के लिए हानिकारक नतीजों पर दुनिया में जन-जागरूकता फैलाने और दुनिया से टीबी के खात्मे की कोशिशों में तेजी लाने के लिए विश्व क्षय रोग दिवस मनाता आ रहा है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज के सौ साल बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहली बार 24 मार्च 1982 को विश्व क्षय रोग दिवस शुरू मनाने की शुरूआत की, तभी से हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। टीबी (क्षय रोग) एक घातक संक्रामक रोग है जो कि माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु की वजह से होती है। टीबी (क्षय रोग) आमतौर पर ज्यादातर फेफड़ों पर हमला करता है, लेकिन यह फेफड़ों के अलावा शरीर के अन्य भागों को भी प्रभावित कर सकता हैं। यह रोग हवा के माध्यम से फैलता है। जब क्षय रोग से ग्रसित व्यक्ति खांसता, छींकता या बोलता है तो उसके साथ संक्रामक ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई उत्पन्न होता है जो कि हवा के माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है। ये ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई कई घंटों तक वातावरण में सक्रिय रहते हैं। जब एक स्वस्थ्य व्यक्ति हवा में घुले हुए इन माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई के संपर्क में आता है तो वह इससे संक्रमित हो सकता है। क्षय रोग सुप्त और सक्रिय अवस्था में होता है। सुप्त अवस्था में संक्रमण तो होता है लेकिन टीबी का जीवाणु निष्क्रिय अवस्था में रहता है और कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। अगर सुप्त टीबी का मरीज अपना इलाज नहीं कराता है तो सुप्त टीबी, सक्रिय टीबी में बदल सकती है। लेकिन सुप्त टीबी ज्यादा संक्रामक और घातक नहीं है।



विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार विश्व में 2 अरब से ज्यादा लोगों को लेटेंट (सुप्त) टीबी संक्रमण है। सक्रिय टीबी की बात की जाए तो इस अवस्था में टीबी का जीवाणु शरीर में सक्रिय अवस्था में रहता है, यह स्थिति व्यक्ति को बीमार बनाती है। सक्रिय टीबी का मरीज दूसरे स्वस्थ्य व्यक्तियों को भी संक्रमित कर सकता है, इसलिए सक्रिय टीबी के मरीज को अपने मुँह पर मास्क या कपडा लगाकर बात करनी चाहिए और मुँह पर हाथ रखकर खाँसना और छींकना चाहिए। अगर टीबी का जीवाणु फेफड़ों को संक्रमित करता है तो वह पल्मोनरी टीबी (फुफ्फुसीय यक्ष्मा) कहलाता है। टीबी का बैक्टीरिया 90 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में फेंफड़ों को प्रभावित करता है। लक्षणों की बात की जाए तो आमतौर पर लंबे समय तक खांसी, सीने में दर्द, बलगम, वजन कम होना, बुखार आना और रात में पसीना आना शामिल हो सकते हैं। कभी-कभी पल्मोनरी टीबी से संक्रमित लोगों की खांसी के साथ थोड़ी मात्रा में खून भी आ जाता है। लगभग 25 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में किसी भी तरह के लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। अगर टीबी का जीवाणु फेंफड़ों की जगह शरीर के अन्य अंगों को प्रभावित करता है तो इस प्रकार की टीबी एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) कहलाती है। एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी पल्मोनरी टीबी के साथ भी हो सकती है।

अधिकतर मामलों में संक्रमण फेंफड़ों से बाहर भी फैल जाता है और शरीर के दूसरे अंगों को प्रभावित करता है। जिसके कारण फेंफड़ों के अलावा अन्य प्रकार के टीबी हो जाते हैं। फेंफड़ों के अलावा दूसरे अंगों में होने वाली टीबी को सामूहिक रूप से एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) के रूप में चिह्नित किया जाता है। एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) अधिकतर कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों और छोटे बच्चों में अधिक आम होता है। एचआईवी से पीड़ित लोगों में, एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी (इतर फुफ्फुसीय यक्ष्मा) 50 प्रतिशत से अधिक मामलों में पाया जाता है। आज के समय पर सामान्य टीबी का इलाज कोई चुनौती नहीं है। अगर कोई भी व्यक्ति टीबी का मरीज है तो वह 6-9 महीने टीबी का उपचार लेकर स्वस्थ्य हो सकता है। आज के समय पर सबसे बड़ी चुनौती है ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज की, जो कि प्रमुख रुप से दो प्रकार की होती है मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेनसिवली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी। मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी में फर्स्ट लाइन ड्रग्स का टीबी के जीवाणु (माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस) पर कोई असर नहीं होता है। अगर टीबी का मरीज नियमित रूप से टीबी की दवाई नहीं लेता है या मरीज द्वारा जब गलत तरीके से टीबी की दवा ली जाती है या मरीज को गलत तरीके से दवा दी जाती है और या फिर टीबी का रोगी बीच में ही टीबी के कोर्स को छोड़ देता है (टीबी के मामले में अगर एक दिन भी दवा खानी छूट जाती है तब भी खतरा होता है) तो रोगी को मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी हो सकती है। इसलिए टीबी के रोगी को डॉक्टर के दिशा निर्देश अनुसार नियमित टीबी की दवाओं का सेवन करना चाहिए। मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी में फर्स्ट लाइन ड्रग्स आइसोनियाजिड और रिफाम्पिसिन जैसे दवाओं का मरीज पर कोई असर नहीं होता है क्योंकि आइसोनियाजिड और रिफाम्पिसिन ड्रग का टीबी का जीवाणु (माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस) प्रतिरोध करता है।

एक्सटेंसिवली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस टीबी से ज्यादा घातक होती है।

एक्सटेंसिवली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी में मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के उपचार के लिए प्रयोग होने वाली सेकंड लाइन ड्रग्स का टीबी का जीवाणु प्रतिरोध करता है। एक्सटेंसिवली ड्रग रेजिस्टेंस टीबी में फर्स्ट लाइन ड्रग्स आइसोनियाजिड और रिफाम्पिसिन के साथ-साथ टीबी का जीवाणु सेकंड लाइन ड्रग्स में कोई फ्लोरोक्विनोलोन ड्रग (लिवोफ़्लॉक्सासिन और मोक्सीफ्लोक्सासिन) और बेडाक्वीलाइन/लिनेजोलिड ड्रग का प्रतिरोध करता है। मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस टीबी का रोगी द्वारा अगर सेकंड लाइन ड्रग्स को भी ठीक तरह और समय से नहीं खाया जाता या लिया जाता है तो एक्सटेनसिवली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी की सम्भावना बढ़ जाती है। इस प्रकार की टीबी में एक्सटेंसिव ड्रग्स द्वारा एक साथ कई ड्रग्स का संयोजन बनाकर 2 वर्ष से अधिक तक उपचार किया जाता है। लेकिन एक्सटेनसिवली ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का उपचार सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। आज के समय पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के उपचार के लिए तीन प्रकार की रेजीमेन-एचमोनो पोली रेजीमेन (6 या 09 माह), शॉर्टर रेजिमेन (9-11 माह) और ऑल ओरल लोंगर रेजीमेन (18-20 माह) का उपयोग किया जा रहा है। नयी टीबी ड्रग बेडाक्वीलाइन का उपयोग भी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी (एमडीआर और एक्सडीआर) के उपचार में किया जा रहा है, बेडाक्वीलाइन दवा टीबी की अन्य दवाओं के साथ छः माह तक एक अतिरिक्त दवा के तौर पर दी जाती है।

जिन भी मरीजों को देश में बेडाक्वीलाइन दवा दी जा रही है वह सरकार द्वारा मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही हैं। शोध में पता चला है कि बेडाक्वीलाइन ड्रग रेसिस्टेंट टीबी की इलाज की दर को बढ़ा रही है।

## कविता

संजीव-नी।।
पूरा घर कोने में
सिमट के रह गया है,

तेरे मायके जाने के बाद,
पूरा घर एक कोने में
सिमट के रह गया है,
सीढीया ऊपर जाने वाली
ऊपर नहीं जाती,
नीचे आने वाली,
नीचे नहीं आती,
यूं तो बिस्तर डबल बेड का है,
पर सिकुड़कर
एक तरफ ही रह गया,
वह खिड़की के पर्दे
जिनके रंग खुशनुमा
और रंगीले हुआ करते,
आज वो सिमटे हुए
सादे और सफेद रंग के
सपाट दिखाई देते हैं,
खिड़की से कमरों में आती थी,
शीतल बयार,
आज उष्ण हवाएं
अंदर आकर झुलसा देती है
तुम्हारे रहते दीवारों के रंग
खिले खिले होते,
आज उदास और फीके,
और रीते से हैं,
और तो और
रसोइ में बर्तनों की,
आपस मे बतकही बन्द है

संजीव
--------

## बढ़ता तापमान जीवन के लिए खतरा

**प्रेम शर्मा**

**बढ़ता** तापमान जीवन के हर पहलू को प्रभावित कर रहा है। यह न केवल पर्यावरणीय असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि मानव अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इस चुनौती से निपटने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है, जिसमें व्यक्तिगत, सामाजिक, और सरकारी स्तर पर ठोस प्रयास शामिल हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखना बेहद कठिन हो जाएगा। विश्व मौसम संगठन की ताजा रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि पिछले दस वर्षों में धरती के तापमान में असाधारण वृद्धि हुई है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां गंभीर होती जा रही हैं। ग्लोबल वार्मिंग को लेकर भले ही दुनिया सतर्क होने का दावा करती हो, लेकिन अब तक इसे रोकने के दिशा में उठाए गए कदम नाकाफी ही साबित हुए हैं। यही वजह है कि धरती का तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इससे प्रतिवर्ष लोगों को भीषण गर्मी का दंश झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। वैज्ञानिकों ने समय समय पर चेताया है कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाये गए तो वर्ष 2050 तक धरती का तापमान दो डिग्री से भी ज्यादा बढ़ सकता है। ऐसे में कह सकते हैं कि धरती पर आग बरसेगी। लोगों को गर्मी बर्दाश्त नहीं होगी। एसी जैसे उपकरण भी काम करना बंद कर देंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी। उनमें त्वचा कैंसर समेत, डिहाइड्रेशन और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा। विश्व मौसम संगठन की ताजा रिपोर्ट में यूं तो कोई ऐसी नई बात नहीं है, जिसके बारे में पहले से अंदाजा न रहा हो, लेकिन यह एक बार फिर याद दिलाती है कि जीव जगत खतरनाक भविष्य की ओर कितनी तेजी से बढ़ रहा है। आम तौर पर माना जाता है कि इस ग्रह के निरंतर अधिकाधिक गर्म होते जाने का अहसास मानवीय चेतना के लिए एक नई बात है। लेकिन यूरोप और अमेरिका में वैज्ञानिकों ने 19वीं सदी के शुरूआती सालों में ही यह समझ लिया था कि मानवीय सभ्यता के केंद्र ज्यादा गर्मी पैदा कर रहे हैं। उनके ध्यान में यह बात आ चुकी थी कि आसपास के देहाती इलाकों के मुकाबले शहरों में गर्मी ज्यादा होती है।गर्मी का मारक रूप भी तभी से दिखने लगा था। ऑस्ट्रेलिया में 1897 और लंदन में 1900 का साल गर्मी के लिहाज से खास माना गया था। कलकत्ता में 1905 में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया तो गर्मी के चलते कई यूरोपियंस की मौत भी दर्ज की गई थी।

बाद के वर्षों में हालात लगातार गंभीर ही होते चले गए। 1962 से अब तक हिमालयी ग्लेशियरों का 30 फीसदी हिस्सा पिघल चुका है। क्लाइमेट चेंज की वजह से हो रहे आर्थिक नुकसान भी कम गंभीर नहीं हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक 8 प्रमुख फसलों- मक्का, गेहूं, चावल, सोया, केला, आलू, कोको, कॉफी - की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। यही नहीं, अगले 25 वर्षों में वैश्विक कमाई 19 फीसदी तक घटने की आशंका है।

## विचार

# बिहार : जहाँ गंदगी व दुर्गन्ध कोई मुद्दा ही

**तनवीर जाफरी**

**अशोक,** बुद्ध व गाँधी जैसे महापुरुषों की कर्मस्थली बिहार सौभाग्यवश मेरी भी पैतृक स्थान है। इस नाते जन्म से ही अपने गांव में लगभग प्रत्येक वर्ष मेरा एक बार जाना जरूर होता है। आज भी यह राज्य देश को सबसे अधिक प्रशासनिक अधिकारी देने वाला राज्य है। परन्तु मुझे आश्चर्य है कि इतनी जागरूकता के बावजूद न जाने क्यों यहाँ के लोगों को गंदगी से कोई परहेज नहीं है। मैं हमेशा से यह देखता आ रहा हूँ कि यहाँ शहरों व कस्बों के नाले व नालियां हमेशा ही जाम रहते हैं और दुर्गन्ध व सड़ांध मारते हैं । यही वह राज्य है जहाँ प्रत्येक धर्मों के लोग अपनी धर्म ध्वजा भी बुलंद रखना चाहते हैं। हिन्दू राष्ट्र बनाने का आवाहन करने के लिये पिछले दिनों एक विवादित कथावाचक द्वारा बिहार में भारी भीड़ इकट्ठी की गयी। यहाँ नफरती बातें तो खूब हुई परन्तु स्वच्छता को लेकर किसी तरह की बात उपस्थित लोगों को नहीं बताई गयी। यहाँ गांव गांव में अनेक मंदिर मस्जिद हैं। हर तरफ से भजन व अजानों की आवाजें सुनाई देती हैं। रोजा पूरी अकीदत के साथ रखा जाता है मुहर्रम के जुलूस निकलते हैं परन्तु यह सब प्रायः ऐसी जगहों या रास्तों पर होते हैं जहाँ से दुर्गन्ध व गंदिगी के कारण इंसान का निकलना भी दूभर है। बड़ा आश्चर्य है कि जिस रास्तों व स्थानों पर इंसान का चलना स्वास्थ्य के दृष्टिगत खतरे से खाली नहीं उन जगहों पर लोग किस तरह भगवन या खुदा को याद करते हैं और अपने इष्टदेव को बुलाते हैं ? भला गंदिगी में भी कहीं भगवान या पीर पैगंबर या इमाम भी आते हैं ? आखिर क्यों कभी कोई इमाम अपने खुत्बे में या प्रवचन कर्ता अपने प्रवचनों में अपने अनुयायियों को सफाई के प्रति जागरूक नहीं करता। जबकि स्वर्ग व जन्नत के मार्ग सभी बताते हैं। भला गंदगी भरा नारकीय जीवन बिताने वाला शख़्स मरणोपरांत स्वर्ग या जन्नत में जाकर क्या करेगा और कैसे जायेगा ? दरअसल बिहार में मजदूर से लेकर अधिकारी नेता मंत्री संतरी तक सभी आम तौर पर पान या खैनी (तंबाकू ) खाने के 'शौकीन' हैं। आप यहाँ इन तंबाकू खैनी के 'कद्रदानों' को प्रायः मुंह बंद किये हुये पान,सुरती ,खैनी व तंबाकू आदि का आनंद लेते हुये देखेंगे। और यही 'महानुभाव ' जब और जहाँ चाहते हैं बेरोकटोक थूक भी देते हैं। ट्रेंस या बसों की खिड़की से बाहर,कार या चलते बाइक से थूक देना इनका स्वभाव बन चुका है। यह नहीं देखते की इनका 'पावन थूक ' किसी दूसरे पर भी पड़ सकता है। इससे किसी दूसरे को आपत्ति भी हो सकती है। हद तो यह है कि सरकारी या निजी कार्यालय, कोर्ट कचेहरी किसी विभाग का मुख्यालय लोगों के खड़े होने के सार्वजनिक अड्डे आदि सब पान की पीक से लाल नजर आएंगे। यह 'अति बुद्धिमान ' लोग जिस सीट पर बैठ कर अपना काम करते हैं वहीं थूक देते हैं। लिफ़्ट को भी नहीं बख़्शते,रेल के डिब्बों में बाथरूम में गोया कोई जगह ऐसी नहीं जहाँ इन्होंने अपनी 'सभ्यता ' की पहचान न छोड़ी हो। बड़ा आश्चर्य है कि प्रातः चार बजे से ही चौक चोराहों के चायखानों पर बैठकर अमेरिका इस्राईल, ईरान और देश विदेश की राजनीति की गहन चर्चा करने तथा बी बी सी लंदन पर समाचार सुनने वाले लोगों को यह एहसास भी नहीं होता कि जहाँ वे बैठे हैं वहां कितनी बदबू है,आसपास कितनी गंदिगी है और बैठने की जगह पर थूकना नहीं चाहिये?

बड़े ही अफसोस परन्तु पूरे विश्वास से मुझे कहना पड़ रहा है कि मैं ने आजतक बिहार में किसी भी शहर के बाजारों में यहाँ तक कि राजधानी पटना से लेकर मुजफ़्फ़रपुर व दरभंगा जैसे प्रमुख शहरों के मुख्य नालों नालियों को सुचारु रूप से प्रवाहित होते नहीं देखा। यहाँ तक कि मुख्य चौराहों पर जहां दिन भर हजारों लोग आते जाते हैं वहां भी कूड़े के ढेर,उसमें मुंह मारते हुये सूअर व गोवंश आदि मिल जायेंगे। उदाहरण के तौर पर दरभंगा का एक मशहूर स्थान है बेंता चौक। दरभंगा मेडिकल कॉलेज के समीप स्थित इस चौक के आसपास मेडिकल सम्बन्धी सैकड़ों दुकानें,टेस्टिंग लैब,डॉक्टर्स,डिस्पेंसरी आदि सब कुछ हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# छोटे-छोटे कदम टीबी मुक्त की दिशा में मील का पत्थर साबित

हर साल, हम 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाते हैं। यह कार्यक्रम 24 मार्च 1882 की तारीख को याद करने का दिन है जब जर्मन फिजिशियन डॉ. रॉबर्ट कोच ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु की खोज की थी, यह जीवाणु तपेदिक/क्षय रोग (टीबी) का कारण बनता है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज हो जाने से टीबी के निदान और इलाज में बहुत आसानी हुई। जर्मन फिजिशियन रॉबर्ट कोच की इस खोज के लिए उन्हें 1905 में नोबेल पुरस्कार दिया गया। यही कारण है कि हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन टीबी के सामाजिक, आर्थिक और सेहत के लिए हानिकारक नतीजों पर दुनिया में जन-जागरूकता फैलाने और दुनिया से टीबी के खात्मे की कोशिशों में तेजी लाने के लिए विश्व क्षय रोग दिवस मनाता आ रहा है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज के सौ साल बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहली बार 24 मार्च 1982 को विश्व क्षय रोग दिवस शुरू मनाने की शुरूआत की, तभी से हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है।

टीबी (क्षय रोग) एक घातक संक्रामक रोग है जो कि माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु की वजह से होती है। टीबी (क्षय रोग) आमतौर पर ज्यादातर फेफड़ों पर हमला करता है, लेकिन यह फेफड़ों के अलावा शरीर के अन्य भागों को भी प्रभावित कर सकता हैं। यह रोग हवा के माध्यम से फैलता है। जब क्षय रोग से ग्रसित व्यक्ति खांसता, छींकता या बोलता है तो उसके साथ संक्रामक ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई उत्पन्न होता है जो कि हवा के माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है। ये ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई कई घंटों तक वातावरण में सक्रिय रहते हैं। जब एक स्वस्थ्य व्यक्ति हवा में घुले हुए इन माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई के संपर्क में आता है तो वह इससे संक्रमित हो सकता है। क्षय रोग सुप्त और सक्रिय अवस्था में होता है। सुप्त अवस्था में संक्रमण तो

## वैचारिकता बदलनें की दरकार

**संजीव**

**निश्चित** तौर पर भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया है'निश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है, और सुबह चमकदार और उजाले से भरपूर होती है' स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी है' अब महिलाओं को कमजोर या असक्त समझने की भूल मत करिए और अपने विचारों को नयेपन की खिड़की से ताजी हवा दीजिए, महिलाओं को सुविधाएं मिले या ना मिले अधिकार मिले या ना मिले वे अपने प्रयासों से समाज में धीरे-धीरे अपना अहम स्थान बनाते जा रही हैं। आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही है' आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम है' वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है' भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर है' विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है' अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही है' यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा था' इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं' भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है।

## न्यूज फ्लैश

### ग्राम पंचायत लल्हेड़ी सरपंच ने पंच द्वारा लगाए आरोपों को निराधार बताया

**गन्नौर। लल्हेड़ी खुर्द ग्राम** पंचायत में गांव के सरपंच पर वित्तीय अनियमितताओं के लगाए गए आरोपों को सरपंच ने नकारते हुए कहा कि ये ग्राम पंचायत को बदनाम करने का षडयंत्र है। सरपंच ने कहा कि उनकी ग्राम पंचायत में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों से ग्रामीण सन्तुष्ट है लेकिन कुछ लोग अपने स्वार्थ के चलते व चुनावी रंजिश के कारण अनाप-शनाप आरोप लगा रहे है। सरपंच ने कहा कि वो हर प्रकार की जांच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जिस पंच ने ये आरोप लगाए है वे बार बार विकास कार्यों में बाधा डाल रहे है। जब ग्राम पंचायत ने उनको ऐसा करने से मना किया तो बार-बार शिकायत करने व आरटीआई लगाने की धमकी देता है। पंच द्वारा लगाए गए आरोप गलत व निराधार है। गांव ने उन्हें दूसरी बार सरपंच बनाया है। पिछल्ले कार्यकाल में भी उन्होंने बेहतर काम करवाए थे। वहीं गांव के लोगों ने इसी मामले को गलत बताते हुए गांव में सरपंच द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की।

### भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों ने लिया विधायक कृष्णा गहलावत का आशीर्वाद

**राई। भारतीय जनता** पार्टी के सोनीपत और गोहाना के नव नियुक्त जिलाध्यक्षों ने शनिवार को विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत का आशीर्वाद लिया। विधायक गहलावत ने दोनों जिलाध्यक्षों का उनके आवास पर पहुंचने पर अभिनंदन करते हुए बेहतरीन कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। हाल ही में नियुक्त हुए भाजपा के सोनीपत के जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज और गोहाना के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक उर्फ मल्ला ने अपनी नियुक्ति पर विधायक का आशीर्वाद लेते हुए सहयोग की अपील की। विधायक कृष्णा गहलावत ने दोनों जिलाध्यक्षों को पगड़ी पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और लड्डू खिलाकर आशीर्वाद दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भाजपा ने सोनीपत और गोहाना की कमान युवाओं के हाथों में सौंपी है, जिससे युवाओं में एक उत्साह की लहर दौड़ गई है। युवा जिलाध्यक्ष ऊर्जा, उत्साह और संगठन के लिए समर्पण का भाव रखते हैं। इनमें संगठन के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है। राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने दोनों जिलाध्यक्षों को भरोसा दिया कि वे पूर्ण रूप से उनके साथ हैं। उनकी ओर से जिलाध्यक्षों को हर संभव सहयोग मिलेगा। संगठन की जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसे वे पूर्ण निष्ठा के साथ पूर्ण करेंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### जागृति स्थल पर हवन कर बलिदानियों को याद किया गया



**खरखौदा/ सोनीपत/ सोमपाल सैनी क्षेत्रवासियों व विभिन्न** संगठनों ने इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, ताकि बलिदानियों के वीर बलिदान को सम्मान दिया जा सके। शहर के जागृति स्थल पर हवन यज्ञ कर बलिदानियों के नमन किया गया, अखिल भारतीय दहिया जागृति महासभा की तरफ से जागृति स्थल पर बनाए गए बलिदान स्मारक पर पहुंचकर देश के सभी बलिदानियों के नमन किया। इस अवसर पर डा. अनिल दहिया ने कहा कि दादा कुशाल सिंह ने अपने अद्वितीय साहस का परिचय देते हुए गुरु जी के शीश को मुगल सैनिकों से बचाने के लिए एक चकमा दिया। उन्होंने खुद अपना शीश काटकर सैनिकों को सौंप दिया ताकि वे यह समझें कि यह गुरु तेग बहादुर का शीश है, और इस दौरान उनके असली शीश को सुरक्षित रूप से आनंदपुर साहिब पहुंचाया जा सके। बलिदानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे सभी भारत माता के वीरों को वह नमन करते हैं। इस अवसर पर प्रधान सितेंद्र, धर्मबीर दहिया, मास्टर करतार सिंह, पूर्व सरपंच मनजीत, विनय, कर्मपाल, आनंद गोपालपुर, सतीश आदि मौजूद रहे।

# भगत सिंह के लिए एक भूख-हड़ताल गांधीजी करते तो भगत आजाद हिंदुस्तान की रोशनी देख पाते: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि उनके जहन में एक बात हमेशा गूंजती है कि आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी जी उस समय देश की रहनुमाई कर रहे थे और उन्होंने कई भूख हड़ताल की लेकिन यदि वे भगत सिंह के लिए एक भी भूख हड़ताल करते तो आजाद हिंदुस्तान की रोशनी शहीद-ए-आजम भगत सिंह भी देख पाते। विज अम्बाला छावनी के सिविल एसडीएम सचिवालय में शहीद दिवस के अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने शहीद भगत सिंह पर आधारित गीत व हिन्दुस्तान जिंदाबाद व इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाकर उपस्थित लोगों में



देशभक्ति की भावना का संचार किया। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमें उन्हें सम्मान देना चाहिए, उनके दिखाए गए रास्ते पर चलना चाहिए, अपने दिल में उनके लिए स्थान रखना चाहिए, यहीं उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि हैं। जो जंग शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू ने शुरू की थी उसे जारी रखने की आवश्यकता है। अभी क्रांति को आगे चलाना व बढ़ाना होगा। एक दुश्मन (अंग्रेज रूपी) तो चला गया, कई दुश्मन अभी देश के अन्दर है, जिनमें भ्रष्टाचार, अपने दायित्वों को न निभाना, इनके खिलाफ जंग लड़नी है और ऐसे दुश्मनों को मारना है, तभी यह सच्ची श्रद्धांजलि मानी जाएगी। हमने इस क्रांति को और आगे बढ़ाना हैं, जो रह गए है इस देश के फल फूल, समानता का अधिकार, जोकि किसी एक व्यक्ति की बापौती न बने, इसके लिए हमें आजाद होना है और भ्रष्टाचार की जननी से मुक्ति लेनी हैं। यदि हम ऐसा करते है तो 100 गुणा देश तरक्की करेगा।

**कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जीवन बारे बताया**

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने शहीद-ए-आम भगत सिंह को नमन करते हुए उनके जीवन बारे बताया। उन्होंने कहा कि भगत सिंह का जन्म सन् 1907 में हुआ था। उनका पालन पोषण क्रांतिकारी परिवार में हुआ। शुरू से ही उनके मन में देश के लिए कुछ करने की तमन्ना थी। जलियांवाला बाग की घटना के बाद शहीदे आजम भगत सिंह के दिल में उस ज्वाला का विस्फोट हुआ। लाला लाजपतराय अंग्रेजी हुकूमत की हुई ज्यादतियों के चलते उनके प्राण चले गए, इस बात का बदला लेने के लिए शहीदे आजम भगत सिंह ने प्रण लिया और साथियों के साथ सांडरस की हत्या कर दी, इतना ही नहीं पार्लियामेंट में घुसकर अंग्रेज हुकूमत को बताने के लिए कि हिन्दुस्तान जाग गया है।

## कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में मजदूरों को किया जागरूक





**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। एमएसएमई** इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कानूनी जागरूकता के प्रति बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों को जागरूक किया गया। जिसमें एडवोकेट विक्रम सैनी ने शिरकत की और मजदूरों को पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। एसोसिएशन के प्रधान नवीन शर्मा ने एडवोकेट विक्रम सैनी का स्वागत किया। एडवोकेट सैनी ने बच्चों को यौन शोषण से बचाने, मजदूरों की सुरक्षा के बारे में बताते हुए कानूनी सहायता के प्रति जागरूक किया। प्रधान नवीन कौशिक ने कहा कि वे किसी भी तरीके की कानूनी सहायता के लिए उन्हें अवगत करवाएं, उन्हें निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के उद्देश्य से पॉक्सो प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट अधिनियम बनाया गया है। इस कानून के अन्तर्गत नाबालिग बच्चों के प्रति यौन उत्पीडन, यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे यौन अपराध और छेड़-छाड़ के मामलों में कार्रवाई की जाती है।

## काछवा रोडपर पर सीमेंट से भरा ट्रक पलटा, बाल-बाल बचा ड्राइवर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के काछवा** रोड पर एक ट्रक पलट गया। ट्रक में सीमेंट के कट्टे लदे हुए थे। हादसा बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुआ। हादसे के दौरान एक स्ट्रीट लाइट का खंबा भी टूट गया। हादसे में कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीर शुभम, विकास, गौरव व अन्य का कहना है कि ट्रक करनाल से पेहवा की तरफ जा रहा था। ट्रक चालक तेज रफ्तार में नहीं था। गली से अचानक उसके सामने बाइक सवार आ गया और उसे बचाने के चक्कर में ट्रक ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया।

# सीएम विंडो में शिकायत के बाद नही हो रहा समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। नगरपालिका के वार्ड** 3 हरिनगर प्रणामी मन्दिर के नजदीक मुख्य गली से सटी गलियों में गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण कालोनी के लोग बेहद परेशान है। गली के लोगों का कहना कि वे गली में भरने वाले गंदे पानी की समस्या से समाधान को लेकर पिछल्ले दो साल से नगरपालिका सचिव व कई महीने पहले मुख्यमंत्री को सीएम वींडो से शिकायत कर चुके है। लेकिन समस्या का समाधान नही हो रहा है। जिससे कालोनी के लोगों में सरकार व प्रशासन के प्रति रोष है। हैरानी की बात तो ये है कि शिकायत करते रहने के बावजूद



भी गली के लोगों के लिए निकलने तक की अस्थाई व्यवस्था भी नही करवा पाया है। उनका कहना कि हमारे मकानों तक जाने वाली गली का लेवल नीचे होने के कारण गली में हर समय पानी खड़ा रहता है और नालियों का पानी ओवरफलो होकर गली में ही जमा रहता है। जिससे हमारा अपने मकानों तक आना जाना दूभर हो गया है और हर समय पानी खड़ा रहने के कारण भयंकर बीमारियों फैलने का अन्देशा रहता है और हर समय बदबू रहती है। गली के लोग बार-बार वार्ड पार्षद से भी गुहार लगा चुके है लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं होती। उन्होंने बताया कि वे नगरपालिका में जाते है तो अधिकारी उन्हें आश्वाशन तो देते है लेकिन उसके बाद उनकी कोई सुनवाई नही होती। जिससे वे गंदे पानी से निकलते हुए सरकार व प्रशासन को कोस रहे है। इस मौके पर कांता देवी, ओमपति, संतोष, आशा, दया, दलबीरो, मूर्ति, सजानी, नवीन, रोशनलाल, बंसीलाल, जितेन्द्र, सागर, सुमित, दीपक, अमित, अंकित, गुलाब सिंह, सोनू, खुशीराम ने बताया कि पिछल्ले 2 साल से समस्या ज्यों की त्यों कायम है और लोग परेशान है। गली व नालियों के लेवल को उपर उठवाया ताकि लोग परेशान न हो।

## श्री राम गुणों का भजनों के माध्यम से वर्णन किया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) समाज में टूट रही** मर्यादाओं के बीच राम के मर्यादा स्थापित करने वाले संदेश आज कहीं अधिक आवश्यकता आचार्य जितेंद्र प्रारंभ में आचार्य संजय शास्त्री व आर्य सुरेंद्र शर्मा ने ने वैदिक मंत्रों की आहुतियां दिलाकर वैदिक यज्ञ किया प्रदीप कुमार ने ध्वजारोहण कर के कार्यक्रम का आगाज किया । भूपेंद्र आर्य ने प्रभु भक्ति के बहुत मधुर भजन सुनाए तथा भजनों के माध्यम से भूपेंद्र आर्य ने श्री राम गुणों का भजनों के माध्यम से वर्णन किया। आचार्य जितेन्द्र द्वारा वेद प्रवचन में बताया कि आज समाज में मर्यादाएं टूट रही है इसलिए, मर्यादापुरुषोत्तम श्री राम के मर्यादा स्थापित करने का संदेश आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। आचार्य ने स्वामी दयानंद जी का समाज के लिए योगदान पर प्रकाश डाला कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज बिझौल के प्रधान आर्य वीरेंद्र ने की मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य डावर व विशिष्ट अतिथि श्री जसबीर तंवर रहे सम्मानित अतिथि डॉ सच्चिदानंद आर्य (वैदिक प्रचारिका) रही अन्त में आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान आतम आर्य ने कार्यक्रम में आए हुए सभी महानुभावों का कार्यक्रम में आने और इसे सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया । आर्य केन्द्रीय सभा की कार्यकर्ता प्रधान बेला भाटिया ने कहा कि सभी आर्य को नव संवत यज्ञ करके मनाना चाहिए।

# आवामी एकता मंच ने शहीदी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) आरटीआइ एक्टिविस्ट** पी पी कपूर ने प्रेस के नाम जारी बयान में बताया कि देसराज कॉलोनी, पानीपत के देवी मंदिर स्कूल में शहीदों की याद में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सभा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट से प्रोफेसर अशोक चौहान ने बताया कि आज देश के हालत जैसे बन गए है इसे में ये जरूरी है कि देश के युवाओं को शहीद भगत सिंह की विचारधारा के साथ जोड़ा जाएं और उन्हें





शहीदों के असली संघर्षो से अवगत करवाया जाए। 23 मार्च 1931 को हर साल शहीद ए आजम भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया जाता है। 23 मार्च के दिन ही साम्राज्यवादी ब्रितानी सरकार ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी चढ़ा दिया था क्योंकि भगत सिंह के विचार उनकी लूट की राह में सबसे बड़ी रुकावट थे। इसलिए उन्होंने उनके विचारों को दबाने के लिए उन्हें उनके साथियों समेत फांसी पर चढ़ा दिया और उन्हें आतंकवादी करार दे दिया।

आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पी पी कपूर ने भी बताया कि अगर हमें अपने देश को सही मायने में धर्म निरपेक्ष व लोकतांत्रिक बनाना है तो देश को समाजवाद के रस्ते पर ले जाने की जरूरत है। आज भी मजदूर किसानों की हालत में कोई सुधार आने की बजाए उनके हालत और बदतर हो गई हैं। उन्होंने मजदूर और किसान के राज का सपना देखा था लेकिन आज मौजूदा सरकारें जाति धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ा कर बड़े बड़े धन्नासेठों की तिजोरियां भरने में लगी है। आवामी एकता मंच हरियाणा के संयोजक एडवोकेट संजय कुमार ने कहा कि बड़ी शर्म की बात है कि आज की सरकारें भी उनकी राह पर चलने वाले लोगों को आतंकवादी करार देकर जेलों में डाल रही है और झूठी मुठभेड़ों में मार रही है। अगर कोई मजदूर किसानों के हकों की बात करता है तो उस पर देशद्रोह के मुकदमे लाद दिए जाते हैं।

## भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद ने भव्य समारोह में दूरदर्शी व्यक्तित्वों को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद ने नई दिल्ली के अशोक होटल में एक भव्य संगोष्ठी एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन किया, जिसमें उन दूरदर्शी व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया जिनके योगदान ने समाज को गहराई से प्रभावित किया है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं और प्रभावशाली व्यक्तित्वों ने भाग लिया, जिसमें उत्कृष्टता, नेतृत्व और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का उत्सव मनाया गया। इस वर्ष के सम्मानित व्यक्तित्व राजनीति, खेल, कानून प्रवर्तन और शिक्षा सहित विभिन्न





क्षेत्रों से रहे हैं,जो राष्ट्र के विकास में योगदान देने वाले व्यक्तियों की पहचान दिलाने के लिए समर्पित हैं। समारोह में उपस्थित प्रमुख हस्तियों में मीनाक्षी लेखी पूर्व विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री, चंदन कुमार चौधरी,दिल्ली विधान सभा के सदस्य, डॉ. विजय जोली पूर्व सदस्य विधानसभा, रवि कुमार दहिया ओलंपिक पदक विजेता एवं भारतीय पेशेवर पहलवान, सतपाल सिंह ओबेरॉय कौंसल, बंगी, डॉ. अरविंद कुमार शर्मा कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार डॉ. आलोक कुमार मिश्रा संयुक्त सचिव, भारतीय विश्वविद्यालय संघ व किरण सेठी वरिष्ठ दिल्ली पुलिस अधिकारी शामिल थे।

## करनाल के 5 खिलाड़ी खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के पांच** खिलाड़ियो ने खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया है। इनमें दो खिलाड़ी अंडर-18 वर्ग में, एक खिलाड़ी पैरा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए और दो खिलाड़ी यूथ खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। इन खिलाड़ियो ने अपने प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है और अब वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने की तैयारी कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियो के चयन के लिए ट्रायल चल रहे हैं।

# खरखौदा में मारुति सुजुकी ने संयंत्र में किया निवेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी का संयंत्र भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है। सोनीपत जिले के खरखौदा औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) में स्थित, जो गुड़गांव से लगभग 69 किलोमीटर दूर है, यह सुविधा कंपनी का हरियाणा में तीसरा और भारत में कुल चौथा संयंत्र है, जो गुड़गांव, मानेसर और हंसलपुर (गुजरात) में मौजूदा संयंत्रों के साथ जुड़ता है। निर्माण कार्य अक्टूबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आधारशिला रखे जाने के बाद शुरू हुआ। संयंत्र ने फरवरी 2025 में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया, जिसमें पहले





चरण में प्रति वर्ष 250,000 यूनिट की शुरुआती क्षमता है। मारुति ब्रेज़ा, एक कॉम्पैक्ट एसयूवी, इस सुविधा से निकलने वाला पहला मॉडल था। 3,200 एकड़ के बड़े क्षेत्र में 800 एकड़ में फैला यह संयंत्र, कुल 1 मिलियन यूनिट की वार्षिक क्षमता तक विस्तार करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसकी पूरी क्षमता 2028-2030 तक पहुंचने की उम्मीद है। मारुति सुजुकी ने इस परियोजना में 18,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जिसमें पहले चरण के लिए ही 11,000 करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं। यह सुविधा मारुति सुजुकी की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता को, जिसमें इसकी सहायक कंपनी सुजुकी मोटर गुजरात भी शामिल है, अभी 2.6 मिलियन यूनिट तक बढ़ाती है। कंपनी का लक्ष्य इसे वित्त वर्ष 2030-31 तक 4 मिलियन यूनिट तक विस्तार करना है, जो बढ़ती घरेलू और निर्यात मांग को पूरा करने की इसकी रणनीति के अनुरूप है। खरखौदा संयंत्र यात्री वाहनों के उत्पादन पर केंद्रित है, जिसमें आंतरिक दहन इंजन मॉडल शामिल हैं, लेकिन यहां इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बनाने की तत्काल योजना नहीं है–ईवी उत्पादन को वर्तमान में गुजरात सुविधा में प्राथमिकता दी जा रही है।

# रक्तदान शिविर में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/हरियाणा/सोमपाल सैनी**
**सोनीपत जिले के** उपमंडल खरखौदा के सापला रोड पर स्थित हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में 23 मार्च को शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 101 लोगों ने रक्तदान किया, जिनमें 17 महिलाएं भी शामिल थीं। हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल खरखौदा के चेयरमैन अनीश कुमार दहिया व प्रिंसिपल सुमित राणा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य न केवल रक्तदान को बढ़ावा देना था, बल्कि हमारे देश के लिए अपने





प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भी याद करना था। आयोजन के दौरान, रक्तदान करने वाले लोगों को आवश्यक चिकित्सा जांच और परामर्श प्रदान किया गया। उन्होंने ये भी बताया कि हमारा उद्देश्य न केवल रक्तदान को बढ़ावा देना है, बल्कि हमारे देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भी याद करना है। हमें उम्मीद है कि यह आयोजन हमारे समुदाय को एक साथ लाने और रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा। रक्तदान शिविर के दौरान, आयोजकों ने रक्तदान करने वाले लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की थी, जिसमें चिकित्सा जांच, परामर्श और आवश्यक सुविधाएं शामिल थीं। आयोजकों ने मौजूद लोगों व अन्य सभी से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग रक्तदान शिविर में शामिल हों और रक्तदान करें। इस आयोजन के माध्यम से, हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की याद में रक्तदान को बढ़ावा देने और समुदाय को एक साथ लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**महिलाओं की भागीदारी:**
इस रक्तदान शिविर में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय थी। 17 महिलाओं ने रक्तदान किया, जो कि आयोजन की सफलता को दर्शाता है। आयोजकों ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन न केवल रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था, बल्कि समाज में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को एक साथ लाने के लिए भी आयोजित किया गया था। आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन सफल रहा और आगे भी ऐसे आयोजन आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन के दौरान, रक्तदान करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र और उपहार दिए गए।

## गंदे पानी की सीवर लाइन दबाने का काम धीमी गति से चलने से लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गढ़ी झंझारा रोड** पर गंदे पानी की सीवर लाईन दबाने का कार्य धीमी गति से होने के कारण वाहन चालक बेहद परेशान है। लोगों का आरोप है कि कई महीने से सीवर लाईन दबाने का काम चल रहा है। लेकिन ठेकेदार कार्य को गंभीरता से नही ले रहा है। पिछल्ले एक माह से सड़क को उखाड़कर छोड़ दिया है। जिससे वाहनों को रूक-रूककर क्रासिंग करनी पड़ती है। कदम- कदम पर उड़ती धूंल के कारण भी लोग परेशान है। वाहनचालक सुरेश,



सतबीर,महेन्द्र, विकास ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन चुलकाना धाम पर जाने के लिए भक्त वाहनों से जाते है। इसके अलावा शिक्षण संस्थान व बिजली विभाग का कार्य है। जिससे पूरा दिन काफी संख्या में वाहनों का आवगमन रहता है। उन्होंने बताया कि सीवर लाईन दबाने के बाद उक्त रोड से गंदे पानी की निकासी का भी समाधान हो जाएगा, कई बार नाले ओवरफ्लो होने के कारण सड़क पर पानी भर जाता है। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन व एसडीएम से शीघ्र सीवर लाईन दबाने का काम पूरा करवाने की मांग की।

## न्यूज फ्लैश

### भीष्म कुण्ड बाण गंगा तीर्थ के महंत बने जयनारायण दास



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गांव नरकातारी में स्थित भीष्म कुंड बाण गंगा तीर्थ मंदिर में ब्राह्मलीन पूज्य महंत रामदास जी की पुण्यतिथि 22 मार्च 2025 दिन शनिवार को मंदिर परिसर में हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा महंत जय नारायण दास महाराज को सर्व संत समाज एवं समस्त ग्रामवासियों की सहमति से नया महंत घोषित किया गया इस उपलक्ष्य में आज महंत जय नारायण दास को पूरी विधि विधान के साथ चादर की रस्म अदा की गयी। इस चादर विधि में सर्व संत समाज एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। संत समाज की तरफ से षडदर्शन साधुसमाज के संरक्षक श्रीमहंत बंशी पुरी महाराज, अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर, उपाध्यक्ष महंत गुरुभगत सिंह, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि, संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, सचिव महंत सुनील दास, महंत स्नेह दास, गोविंदानंद आश्रम की महंत सर्वेश्वरी गिरि महाराज, महंत गोपाल दास जी महाराज, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक जगतगुरू भैया जी महाराज, श्रीमहंत अयोध्या दास महाराज, श्रीमहंत योगिराज रघुबीर दास, एवं कई राज्यों से आए सर्व संत समाज व नरकातारी गांव के सरपंच मास्टर केहर सिंह, पूर्व सरपंच धर्म सिंह, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह बलदेव सिंह, अनिल कुमार, रमेश कुमार एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद गुर्जर**
**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी ब्लाक खंड के गांव कालबा में ग्रामीणों की ओर से कल देर शाम विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें आखिरी कुश्ती इक्यावन हजार रुपए की रही। कमड़ा पर गुरु हनुमान अखाड़ा दिल्ली के संजय जैलाफ व दिनेश गोला झज्जर के बीच रहा। जिसमें एक तरफा मुकाबले में दिनेश गोला ने संजय जैलाफ को पठकनी देते हुए मैदान छोड़ने पर मजबूर कर दिया। कामड़े की कुश्ती के लिए पहलवानों को बीस मिनट का समय दिया गया। जिसमें दिनेश गोला एक तरफा विजयी रहे। दंगल में बाल पहलवानों का प्रदर्शन भी काबिले गोर रहा।यह दंगल सन 2024 से ही शुरू हुआ था। दंगल में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली व मध्य प्रदेश के पहलवानों ने भाग लिया। निर्णायक कमेटी में सुनील पहलवान कालबा, एनआईएस सूबेदार सुभाष कटेसरा, कोच संजीत व पुष्कर मुसनौता शामिल रहे। पूर्व कॉमनवेल्थ विजेता कृष्ण पहलवान, सुरेंद्र नाड़ व कोच सरजीत पहलवान पवेरा व निर्णायक मंडल को कमेटी की तरफ से इक्यावन- इक्यावन सौ रुपए देकर,पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत दिया गया।



# नशीली दवाओं का दुरुपयोग सफलता के लिए बड़ी बाधा: न्यायाधीश संदीप

## विधि संस्थान द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव का हुआ सफल समापन

**मार्गदर्शन**

▸▸ छात्रों की भागीदारी के प्रयासों की सराहना की और परिश्रमी रवैया को जारी रखने के लिए प्रेरित किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय लॉ फेस्ट ज्यूरिस फिएस्टा 2025 कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट, चंडीगढ़ के न्यायाधीश संदीप मौदगिल ने न्यायिक प्रणाली के संदर्भ में विस्तृत रूप से विचार व्यक्त किया। उन्होंने अपने न्यायिक जीवन व वकालत के अनुभव न्यायालय में दायर जमानत याचिकाओं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व नशा और नशीली दवाइयां इस देश में सामान्य इंसान के भविष्य में कैसे विनाशकारी प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा कि शराब और/या अन्य नशीली दवाओं का दुरुपयोग व्यक्तिगत और शैक्षणिक सफलता के लिए एक बड़ी बाधा हो सकती है और पूरे परिसर के वातावरण को प्रभावित कर सकती है। इसके साथ ही उन्होंने जस्टिस फॉर आल के वास्तविक संरचना के बारे में भी बताया । उन्होंने छात्रों की भागीदारी के जीवन्त प्रयासों की सराहना की और सभी को अपने भविष्य के प्रयासों में अपने परिश्रमी रवैया को जारी रखने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रोफेसर सुशीला देवी चौहान निदेशिका विधि संस्थान ने मुख्य अतिथि का विधिवत स्वागत किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इस वार्षिक लॉ फेस्ट का प्रमुख उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है, जिसमें वह एकेडमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी अनुभव कर सकें। इस आयोजन के बौद्धिक विकास पर प्रभाव को रेखांकित करते हुए समसामयिक कानूनी विषयों के समाधान और छात्रों में समालोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने में ऐसे मंचों के महत्व पर जोर दिया। विधि उत्सव के संयोजक डॉक्टर संतलाल ने कार्यक्रम की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए दूसरे दिन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। अंत में डॉक्टर रमेश सिरोही उपनिदेशक विधि संस्थान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एसीजेएम देवेन्द्र, डीन लॉ प्रो. प्रीति जैन, प्रो. सुशीला चौहान, डॉक्टर रमेश सिरोही, डॉ नीरज बातिश, डॉ. जय किशन भारद्वाज, डॉ. मनजिंदर गुलयानी, डॉ. तृप्ति, डॉ. शालू अग्रवाल, डॉ. अमित कंबोज, डॉ. कृष्णा अग्रवाल, डॉ. जापान सिंह, डॉ. बसंत सक्सेना, कर्मदीप सैनी, डॉ. प्रोमिला, डॉ. पूजा, डॉ. उर्मिला, डॉ. सुनील,

# देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ.....



**माथा टेका**

▸▸ श्याम संकीर्तन में सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। सभी श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेका

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा शनिवार रात्रि श्री खाटू श्याम मंदिर में श्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि आयोजक परमानंद गर्ग परिवार ने श्याम पूजन किया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक सतपाल खुराना पिपली ने श्याम भजनों से समां बांधा। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। कोई प्यार से मेरे श्याम को पुकारो..., पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे..., देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...,मेरे दुख के दिनों में वो बड़ा काम आता है....., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया... और मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार... इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमी झूम उठे।

भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाया गया। श्याम संकीर्तन में सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेका।

# कमल दीवान ने आयोजित शिविर का उद्घाटन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: विध्वंस** अभियान फाउंडेशन के प्रधान होम डेकोर बाय पास गोहाना रोड पर प्लांट कैंप द्वारा। इस अवसर पर मुख्य मुख्य अतिथि कमल दीवान ने स्वयं द्वारा आयोजित शिविर का उद्घाटन किया और कहा कि हर युवा को वर्ष में चार बार कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र ज्वेलरी ने बताया कि आज के मुख्यालय में 71 रक्तदाताओं ने इस अवसर पर जिला परिषद में संजय बडवासनी, प्रदीप मोर, अंगराजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, मोहित आमिर, अर्जुन राणा, आशीष आमिर, अमीर स्टार विजय आमिर, गौरव दहिया, रजत ब्राउन, हरिपाल आमिर, मोहित ब्राउन, उपस्थित रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में अध्यापकों के लिए सेमिनार आयोजित

**जागरूक किया**

▸▸ 22 मार्च व 23 मार्च को सी बी एस ई द्वारा अध्यापकों के लिए सेमिनार आयोजित किये गए



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीएवी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर मे 22 मार्च व 23 मार्च को सी बी एस ई द्वारा अध्यापकों के लिए सेमिनार आयोजित किये गए। 22 मार्च को सेमिनार का विषय था - जेंडर सेंसिटिविटी इन स्कूल। सेमिनार के रिसोर्स पर्सन्स थे शीबा निसार (यमुनानगर) व अम्बिका कपिल (करनाल) विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने अतिथियों का ओउम पट पहनाकर स्वागत किया व दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात सेमिनार आरम्भ किया गया। डॉ सूरी ने दोनों अतिथियों का यहां आने व अध्यापकों का मार्ग दर्शन करने के लिए उनका आभार प्रकट किया। सेमिनार के प्रथम सत्र मे अम्बिका कपिल ने इस विषय पर विस्तार से समझाया व बताया कि समाज मे अब हर जैंडर को बराबरी का दर्जा व व्यवहार किया जाए। अध्यापको को छात्रों के मस्तिष्क मे बचपन से ही यह डालना है कि समाज मे लड़की या लड़का दोनों को समान अधिकार प्राप्त है, दोनों को कार्य करने का समान अधिकार है। यह उन्होंने अनेक वीडियोस दिखाकर व विभिन्न क्रियाकलाप द्वारा समझाया। दूसरा सत्र शीबा निसार द्वारा लिया गया। उन्होंने बताया कि जैंडर को लेकर किसी भी तरह की असमानता नहीं होनी चाहिए कि हम अपने माइंड सैट अप को बदले कि कुछ विशेष कार्य लड़कियां ही कर सकती है।

23 मार्च को द्वितीय दिवस के सेमिनार का विषय था एजुकेटिंग पेरेंट्स अबाउट एजुकेशन। इस सेमिनार के रिसोर्स पर्सन्स थे हरसिमरन कौर व पूजा बत्रा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने दोनों अतिथियों का ओउम पट पहनाकर स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात सेमिनार का प्रारम्भ हुआ। डॉ आर आर सूरी ने हरसिमरन कौर व पूजा बत्रा का यहाँ आकर अध्यापको का मार्ग दर्शन करने के लिए हार्दिक धन्यवाद किया। दोनों विदुषियों ने अपने अपने सत्र मे अध्यापको का इस विषय पर बड़ी गहनता से समझाया।

# समाज सेवा को समर्पित राजकुमारी को सेवा सम्मान से किया सम्मानित



**सम्मान**

▸▸ समाज सेवा को समर्पित राजकुमारी पंवार को आजीवन सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा आज 23 मार्च को भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत दिवस पर समाज सेवा को समर्पित राजकुमारी पंवार को आजीवन सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह सम्मान राजकुमारी पंवार को प्रदान किया गया। राजकुमारी पंवार को आजीवन सेवा सम्मान प्रदान करते हुए प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि राजकुमारी पंवार का चयन इस सम्मान के लिए उनके जीवन पर्यंत सेवा को देखते हुए किया गया। राजकुमारी पंवार एक शिक्षिका के रूप में सेवा करती रही हैं। वे एक योग शिक्षिका होने के साथ साथ पर्यावरण प्रहरी के रूप में कार्य करती रही हैं।

प्रेरणा समिति हरियाणा के साथ मिलकर उन्होंने पौधारोपण और साइकिल के साधन को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही वे नशा मुक्ति अभियान में भी बढ़चढ़कर भाग लेती हैं। रोटी बैंक के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों, वृद्धों और दिव्यांग की सहायता में उनका योगदान सराहनीय है।

# घर से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने घर से चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-2 पुलिस टीम ने घर से चोरी करने के आरोप में केशव वासी जोगी बस्ती कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 20 मार्च 25 को थाना शहर थानेसर पुलिस को दी अपनी शिकायत में सैक्टर-13 वासी एक महिला ने बताया कि वह किसी काम से मार्किट गई थी। कुछ देर बाद जब वह वापस घर आई तो उसने देखा कि उसके घर के मेन गेट की जाली काटकर कोई नामालूम चोर घर के अंदर है। जब उसने शौर मचाया तो आरोपी उसको धक्का देकर मौके से भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना शहर थानेसर में मामला दर्ज कर-के जांच की गई। बाद में मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को दी गई । दिनांक 22 मार्च 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहनलाल के मार्ग-निर्देश में उप निरीक्षक रणधीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, लखन सिंह, मुख्य सिपाही गुरमेज, ललित कुमार, नरेश कुमार व प्रदीप कुमार की टीम ने घर दुकान से चोरी करने के आरोप में केशव वासी जोगी बस्ती कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

# दो बाइकों की भिडंत में युवक की मौत

**जींद।** नरवाना में शनिवार देर शाम को दो बाइकों के बीच हुई भिडंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक घायल हो गया। हादसे के दौरान मंत्री कृष्ण बेदी के काफिले की सरकारी गाड़ी गुजर रही थी तो घायलों को गाड़ी में डालकर नरवाना अस्पताल पहुंचाया। रविवार को पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार नरवाना क्षेत्र के शाम पौने सात बजे के करीब गांव फरैण कलां व दबलैन के बीच में दो बाइक आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक बाइक पर फुलियां कलां गांव के सरपंच का भतीजा जयभगवान सवार था।

# रक्तदान का हमारे जीवन में बहुत महत्व: सुरेश कालरा




**महादान**

▸▸ चिकित्सकों ने स्पष्ट कहा है कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमी नहीं आती

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** उजाला सिग्नस जेके हिन्दू अस्पताल में शनिवार को रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत सिटी द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में रक्तदान करने पहुंचे रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान के महत्व को बताते हुए अस्पताल के यूनिट हैड सुरेश कालरा, डा. सोनिया, कविता व रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत सिटी के संस्थापक सदस्य दीपक गुप्ता ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। रक्त की कमी रक्त से ही पूरी की जा सकती है। रक्त की कमी न रहे इसके लिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इससे बड़ा कोई महादान नहीं है। रक्तदान से किसी भी प्रकार की कोई शारीरिक हानि भी नहीं होती। रक्तदान किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उसको नया जीवनदान दे सकता है। किसी अनजान व्यक्ति के प्राणों की रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस प्रकार रक्तदान करने से किसी दूसरे परिवार को भी नया जीवन दिया जा सकता है। यह रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा समझी जाती है। इसलिए रक्तदान एक अनुकरणीय कार्य है। चिकित्सकों ने स्पष्ट कहा है कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमी नहीं आती, अपितु रक्तदान करने से शारीरिक और मानसिक संतुष्टि मिलती है।

# मानव सेवा ट्रस्ट ने नि:शुल्क दंत जांच शिविर का किया सफल आयोजन



**परामर्श**

▸▸ विशेष रूप से जरूरतमंद एवं वंचित लोगों को दंत स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान करना था

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मानव सेवा ट्रस्ट (पंजी.) ने सुजान सिंह पार्क आरडब्ल्यूए के सहयोग से सुजान सिंह पार्क, सोनीपत में रविवार को एक नि:शुल्क दंत स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से जरूरतमंद एवं वंचित लोगों को दंत स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान करना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने दी अपनी सेवाएँ इस अवसर पर मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सुमीत अलख, मानद महासचिव एवं उपाध्यक्ष श्री राकेश शर्मा, संयुक्त सचिव श्री राकेश मल्होत्रा, पवन शर्मा, एम.जी. रंजन, सुनील मुसाफिर, कृष्ण पाल शर्मा, विनय सोनी, मोहिंदर खुराना, राज कुमार, संजय कोहली, यशपाल दुडेजा, भूपेश चंदना, डॉ. गौरव डेम्बला, अरुण धमीजा, शशिपाल अरोड़ा एवं कामरा जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में डॉ. भूपेश मुखीजा, डॉ. रजत तुली, डॉ. मनोज कुमार एवं डॉ. अंकुर गर्ग सहित कई अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी स्वैच्छिक सेवाएँ प्रदान कीं। उन्होंने शिविर में आए सैकड़ों लोगों के दांतों की जांच की, उनकी समस्याओं का समाधान बताया एवं उचित दंत चिकित्सा परामर्श दिया। नि:शुल्क दवा, जांच और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध इस शिविर में दंत चिकित्सा के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य सुविधाएँ भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। दंत परीक्षण के साथ नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। रक्तचाप (इढ), रक्त शर्करा (इ'ङ्क्ष्ङ्क र४१) एवं हीमोग्लोबिन (ल्रु) की जाँच भी मुफ्त में की गई। शिविर में आए लोगों को मुफ्त टूथपेस्ट एवं अन्य आवश्यक चिकित्सा सामग्री भी वितरित की गई। इन सुविधाओं को सफलतापूर्वक संचालित करने में डॉ. लाल पैथ लैब की ओर से श्री नकुल एवं दवा वितरण में श्री सुनील मुसाफिर का विशेष योगदान रहा। समाजसेवा की प्रेरणादायक पहल

शिविर के आयोजन को सफल बनाने में सुजान सिंह पार्क आरडब्ल्यूए का विशेष योगदान रहा। मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सुमीत अलख ने श्री शशिपाल अरोड़ा एवं आरडब्ल्यूए सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और इस तरह के सामाजिक कार्यों में निरंतर सहयोग की आशा व्यक्त की।

# कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में जाखोदा टीम ने जीते 51000 और ट्रॉफी



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**बाबा** हरिदास क्रिकेट अकैडमी खरखौदा के कोच प्रवेश दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा हरिदास क्रिकेट अकैडमी खरखौदा में कोच प्रवेश दहिया और उनकी टीम ने बाबा हरिदास कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। जिसमें 16 टीमों ने हिस्सा लिया। अपने-अपने लगातार तीन-तीन मैच जीत कर राजीव गांधी क्रिकेट क्लब रोहतक और जाखोदा टीम ने फाइनल में जगह बनाई। रविवार को फाइनल मैच खेला गया। जिसमें जाखोदा टीम ने राजीव गांधी क्रिकेट क्लब रोहतक को 42 रन से हरा दिया। और विजेता जाखोदा टीम को 51000 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं रनरअप टीम राजीव गांधी क्रिकेट क्लब रोहतक को 21000 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# देश प्रदेश की प्रगति के लिए भावी पीढ़ी को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने की जरूरत: सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के पूर्व** राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश प्रदेश की प्रगति के लिए भावी पीढ़ी को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने की जरूरत है। इस स्कूल में विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार दिए जा रहें हैं। इस शिक्षण संस्थान से दूसरी संस्थाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में सैंट थामस कांवेनेट स्कूल के वार्षिक उत्सव में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,स्कूल की एमडी अर्जंलि



मरवाह, जिला लोक संपर्क अधिकारी डॉ नरेंदर सिंह , सब डायरैक्टर कार्तिकेय मरवाह, संदीप मारवाह , प्रधान अध्यापिका आरती सूरी व सह संचालिका रजनी जैन, समाजसेवी पंकज अरोड़ा,उद्योगपति सुरेंदर धींगरा , संजीव छाबडा ,ने विधिवत रूप से इस वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने स्कूल के होनहार विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने स्कूल का एंथम तैयार करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया और सारथी योजना में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित किया है। इस वार्षिक उत्सव में सारथी योजना में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अभिषेक, सौरभ, विपिन, निशा, ज्योति व रेनू पंवार को पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सम्मानित किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विद्यालय के लिए वार्षिक उत्सव सबसे महत्वपूर्ण उत्सव होता है। यह वार्षिक उत्सव किसी भी विद्यालय द्वारा की गई प्रगति को प्रदर्शित करने का एक सुंदर माध्यम होता है। इस उत्सव को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए तभी इस उत्सव के सार्थक परिणाम सामने आते है तथा विद्यालय में पढने वाला प्रत्येक छात्र व पढ़ाने वाले अध्यापकगण खुद को गौरवांनित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि थॉमस कान्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव में युवा पीढी ने अपनी कला और संस्कृति के जबरदस्त हुनर दिखाए। इन विद्यार्थियों की बेहतरीन प्रस्तुतियों से सहजता से एहसास किया जा रहा था कि देश व प्रदेश की संस्कृति सुरक्षित हाथों में पहुंच चुकी है।

# हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की बैठक हुई संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा** अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ, हरियाणा की राज्य स्तरीय बैठक राज्य अध्यक्ष डॉ दिनेश निंबड़िया जी की अध्यक्षता में डॉ भीमराव अंबेडकर भवन, सेक्टर 8 कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई। जिसमें प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष जिला प्रधान अमर सिंह,पूर्व राज्यकोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सिरोहा, रमेश थाना आदि साथी रहे। मंच संचालन नरेश फूले, राज्य प्रेस सचिव ने की किया।सर्वप्रथम राज्य कार्यकारिणी व विभिन्न जिलों से आए जिला प्रधान व उनकी कार्यकारिणी सदस्यों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण किया ।सदन में उपस्थित प्रतिमा को पुष्प



अर्पित किए और शहीदी दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव सभी शहीदों को याद करते हुए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तदोपरांत जिला प्रधान ने समस्त खंड प्रधान व कार्यकारिणियों के साथ मिलकर विभिन्न जिलों से आए राज्य कार्यकारिणी सदस्य और जिला कार्यकारिणी सदस्यों को फूलमालाएं पहनकर अभिवादन किया। उसके बाद जिले के पूर्व में रिटायर हुए अधिकारियों, प्रधानाचार्यगण को फूल मालाएं पहनाकर व समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्य कार्यकारिणी की बैठक को आगे बढ़ते हुए राज्य महासचिव विनोद मोदी ने विभिन्न जिला प्रधानों को मंच पर आमंत्रित किया और उनसे संगठन के बैठक के मुख्य मुद्दों पर चर्चा की।


## न्यूज फ्लैश

### टाटा एआईए ने लॉन्च किए दो एनएफओ

**हिसार।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स (टाटा एआईए) ने इस बदलाव को पहचानते हुए, विभिन्न उपभोक्ता क्षेत्रों को टारगेट करते हुए दो कॉन्टेक्सच्युअल फंड पेश किए हैं, टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्जा कंजम्पशन फंडः विशेष रूप से तैयार किए गए इस फंड के माध्यम से, उपभोक्ता न केवल बढ़ते कंजम्प्शन रुझानों का लाभ उठा सकते हैं, बल्कि अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं। इस प्रकार, यह फंड धन बनाने और वित्तीय सुरक्षा का दोहरा लाभ प्रदान करता है। टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्जा कंजम्पशन पेंशन फंडः टाटा एआईए के यूनिट-लिंक्ड पेंशन समाधान के माध्यम से विशेष रूप से उपलब्ध, यह फंड उन लोगों के लिए सही है जो रिटायरमेंट के बाद अपनी बचत बढ़ाना चाहते हैं। दीर्घकालिक विकास दिलाने के लिए डिजाइन किया गया, यह फंड आपको एक मजबूत रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करता है।दोनों नए फंड ऑफर 24 से 31 मार्च 2025 तक उपलब्ध रहेंगे। हर यूनिट की कीमत रु 10 होगी। हिसार में पुनीत जिंदल, रविंदर कुमार और सुशिल कुमार टाटा एआईए के मैनेजिंग पार्टनर बिजनेस असोसिएट्स हैं। ये मशहूर जीवन बीमा सलाहकार इन दो एनएफओ के लॉन्च को लेकर बहुत खुश हैं। वो मानते हैं कि, टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्जा कंजम्पशन फंड और टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्जा कंजम्पशन पेंशन फंड निवेशकों को हाल ही एक केंद्रीय बजट में घोषित की गयी टैक्स बचत का अधिकतम लाभ उठाने में मदद करेगा। टाटा एआईए के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर श्री हर्षद पाटील बताते हैं, शहरीकरण, बढ़ती आय और प्रीमियम उत्पादों और सेवाओं की ओर बदलाव के कारण भारत के कंजम्प्शन पैटर्न तेजी से विकसित हो रहे हैं। टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्जा कंजम्पशन फंड और टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्जा कंजम्पशन पेंशन फंड को युवा और मध्यम आयु वर्ग के निवेशकों को इस गतिशील विकास से लाभ उठाने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें आपको कर लाभों के साथ-साथ अपने धन को बढ़ाने के भी अवसर मिलते हैं।

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने एस्पायरिंग इंजीनियर्स के लिए पेश किया आकाश इनविक्टस कैंपस

**गुरुग्राम।** परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्व के साथ आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिजाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है।



आकाश इन्विक्टस कैंपस की इमारत 2 मंजिलों में बटी हुई है, जिनमें से प्रत्येक मंजिल 4400 वर्ग फीट के क्षेत्र को कवर करती है, जो उन्नत शैक्षिक अनुभव के लिए पर्याप्त स्थान प्रदान करती है। यह परिसर 12 आधुनिक कक्षाओं से सुसज्जित है, जिन्हें जेईई तैयारी के लिए केंद्रित और व्यक्तिगत दृष्टिकोण से अनुकूलित किया गया है।
आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। ये शिक्षक छात्रों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसका पाठ्यक्रम अत्याधुनिक है और इसे उन छात्रों के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है, जो टॉप आईआईटी रैंक हासिल करने के लिए मेहनत कर रहे हैं।
आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है; यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है।

# आजादी कई बलिदानों से मिली है: डा. श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः मातृभूमि सेवा मिशन** द्वारा संचालित मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा शहीद भगत सिंह,सुखदेव भगत राजगुरु के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यार्थियों ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के समस्त नायक एवं वीर महा बलिदानियों के बलिदान दिवस और उनके चित्र के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित किया एवं पुष्पार्चन किया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के जीवन पर अनेक प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये और राष्ट्रभक्ति के गीत प्रस्तुत किये। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक



डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने विद्यार्थियों और संदेश देते हुए कहा भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान ने पूरे देश में स्वतंत्रता संग्राम की लहर को और भी तेज कर दिया था। तब से 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है और इस दिन उनके बलिदान को याद किया जाता है। 23 मार्च का दिन हमें याद दिलाता है कि आजादी कितने बलिदानों से मिली है।भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान दिवस इन बहादुर आत्माओं को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। यह उन लोगों की निस्वार्थ सेवा और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करने का दिन है उन्होंने कर्तव्य की राह पर अपना जीवन बलिदान कर दिया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे अहम क्रांतिकारियों में से थे। इन्होंने न केवल अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया, बल्कि अपने विचारों के जरिए देश के युवाओं को प्रेरित भी किया। भगत सिंह ने अपने जीवन का उद्देश्य देश की आजादी को बनाया और कम उम्र में ही उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ कई ऐसे कदम उठाए, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला डाली थी।भगत सिंह महज 23 वर्ष के थे, राजगुरु 22 वर्ष और सुखदेव 23 वर्ष के थे, जब उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी।

# इतिहास में भगत सिंह की शहादत स्वर्णिम अक्षरों में अंकित : राम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गांव ब्याना** स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में तीनों शहीदों के जीवन, संघर्षों व विचारों को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम कुमार सैनी ने की। कार्यक्रम का संयोजन हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा व हिन्दी अध्यापक नरेश मीत ने किया। प्रधानाचार्य राम कुमार सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के इतिहास में क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। भगत सिंह के नेतृत्व में क्रांतिकारी धारा से जुड़े युवाओं की वैचारिक प्रखरता का ही परिणाम है कि उनकी शहादत ने देश के जन-जन को जागृत किया और जनता आजादी के लिए उठ खड़ी हुई। उन्होंने कहा कि भगत सिंह बहुत पढने.वाले थे। उनकी अध्ययनशीलता सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि इतिहास को समझने के लिए हमें भगत सिंह के योगदान को समझना चाहिए। हिंदी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने कहा कि केवल 23 साल की उम्र में भगत सिंह ने हंसते-हंसते देश को आजाद करवाने के लिए फांसी के फंदे को चूम लिया। इस उम्र में युवाओं के बहुत से अरमान होते हैं। उन्होंने कहा कि भगत सिंह देश को अंग्रेजी दासता से आजाद करने के साथ-साथ मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण पर आधारित व्यवस्था को बदलना चाहते थे।

# गीता ग्रूप ऑफ इंस्टिट्यूशन के 454 छात्रों को वितरित की डिग्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**आज युवा पीढ़ी को संकल्प** लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए युवाओं को अहम भूमिका निभानी होगी। अपने सपनो को साकार करने के लिए मजबूत इरादों की जरूरत है। विश्व में शांति स्थापित करने के लिए सभी देशों का प्रतिनिधित्व भारत ही कर सकता है। आप जीवन ममें लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढे आपको सफल होने से कोई भी नहीं रोक सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीयू के चांसलर एसपी बंसल व गीता ग्रूप ऑफ इंस्टिट्यूशन की ने की। आयोजित दीक्षांत समारोह में गीता यूनिवर्सिटी व गीता ग्रूप ऑफ इंस्टिट्यूशन के छात्रों को स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों को डिग्री वितरित की गई। दीक्षांत समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ राज नेहरू ने कहा भारत शुरू से ही विश्व गुरु रहा। रामायण काल के दौरान भारत की साइंस टेक्नोलॉजी चरमसिमा पर थी। रावण का यान, भगवान राम के बाण व भगवान कृष्ण का चक्कर जीते जागते उदाहरण है। चांसलर एसपी बंसल ने कहा की गीता यूनिवर्सिटी छात्रों को एक इंजीनियर या बिजनेस मैन ही नहीं बना रहा है। उनमे संस्कार पैदा कर उन्हें अच्छा नागरिक बनाने के लिए काम कर रहा है।

# उत्तम शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार हमारा लक्ष्यः देवव्रत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः बच्चों को उत्तम** शिक्षा के साथ-साथ उत्तम स्वास्थ्य और वैदिक संस्कारों से पोषित करना गुरुकुलीय शिक्षा के मुख्य उद्देश्य हैं और गुरुकुल कुरुक्षेत्र सहित गुरुकुल नीलोखेड़ी, गुरुकुल ज्योतिसर और आर्यकुलम् नीलोखेड़ी में छात्रों के जीवन-निर्माण हेतु इन्हीं बिन्दुओं पर कार्य किया रहा है। उक्त शब्द आज गुरुकुल शिक्षा उत्सव में छठी कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा देने आए छात्रों के अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए गुजरात के राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी ने कहे। इस अवसर वैदिक विद्वान डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, गुरुकुल



कुरुक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, गुरुकुल नीलोखेड़ी के जगदीश आर्य, गुरुकुल ज्योतिसर के शिवकुमार आर्य सहित अन्य महानुभाव मौजूद रहे। आचार्यश्री ने कहा कि आज टी.वी., मोबाइल, सोशल मीडिया अभिभावकों के लिए बड़ी समस्या बन गये हैं क्योंकि बच्चे दिनभर इनसे चिपके रहते है, पढ़ाई और फिजीकल एक्टीविटीज में उनकी रूचि लगातार कम होती जा रही है। बच्चों की दिनचर्या को बेहतर करने और उनके भविष्य को संवारने के लिए अधिकांश अभिभावक यह चाहते हैं कि उनके बच्चे का प्रवेश गुरुकुलों में हो जाए। आचार्यश्री ने बताया कि हमारे गुरुकुलों में एक निर्धारित दिनचर्या के तहत बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद और अन्य कार्यों हेतु पर्याप्त समय दिया जाता है, बच्चे की एक-एक गतिविधि पर अध्यापकों की नजर होती है। गुरुकुलों में एनडीए, आईआईटी, नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की पूरी व्यवस्था है, साथ ही करियर के चुनाव हेतु भी समय-समय विशेष गाइडेंस प्रोग्राम होते हैं जिससे बच्चा अपनी रूचि के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सके पूरा फोकस अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में लगा सके। उन्होंने कहा कि गुरुकुलों में फास्टफूड, जंकफूड नहीं दिया जाता।

# जिलाध्यक्षों ने लिया विधायक कृष्णा का आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई (सोनीपत)। भारतीय जनता पार्टी के** सोनीपत और गोहाना के नव नियुक्त जिलाध्यक्षों ने शनिवार को विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत का आशीर्वाद लिया। विधायक गहलावत ने दोनों जिलाध्यक्षों का उनके आवास पर पहुंचने पर अभिनंदन करते हुए बेहतरीन कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। हाल ही में नियुक्त हुए भाजपा के सोनीपत के जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज और गोहाना के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक उर्फ मल्ला आज विधायक कृष्णा गहलावत के आवास पर पहुंचे। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर विधायक का आशीर्वाद लेते हुए



सहयोग की अपील की। इस दौरान उनके समर्थक भी मौजूद रहे। विधायक कृष्णा गहलावत ने दोनों जिलाध्यक्षों को पगड़ी पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और लड्डू खिलाकर आशीर्वाद दिया।
विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भाजपा ने सोनीपत और गोहाना की कमान युवाओं के हाथों में सौंपी है, जिससे युवाओं में एक उत्साह की लहर दौड़ गई है। युवा जिलाध्यक्ष ऊर्जा, उत्साह और संगठन के लिए समर्पण का भाव रखते हैं। इनमें संगठन के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है। इसका विशेष लाभ पार्टी को मिलेगा। भाजपा ने युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का काम किया है। संगठन की बागडोर भी युवाओं को सौंपकर युवाओं के लिए नया मार्ग प्रशस्त किया है। इससे अन्य युवा कार्यकर्ताओं में भी नये उत्साह का संचार हुआ है।
राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने दोनों जिलाध्यक्षों को भरोसा दिया कि वे पूर्ण रूप से उनके साथ हैं। उनकी ओर से जिलाध्यक्षों को हर संभव सहयोग मिलेगा। संगठन की जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसे वे पूर्ण निष्ठा के साथ पूर्ण करेंगी। ?उन्होंने कहा कि दोनों जिलाध्यक्षों को संगठन का पहले से अनुभव प्राप्त है।

# टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर किया शहीदों को याद- डॉ नवीन नैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**शहीदी दिवस पर जिला** जीन्द के रॉयल क्रिकेट अकादमी में अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करके हरियाणवी गायक व कलाकार के साथ क्रिकेट टूर्नामिंट में शहीदों को याद करके किया नमन। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि शहीदों के बलिदान की वजह से ही आज हम खुलीं हवा में साँस ले रहे हैं,1857 से लेकर 1947 तक भारतवर्ष को आजाद कराने में 7.5 लाख शहीद सरकार के रिकॉर्ड के डाटा के हिसाब से हुए है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया किया आज के प्रोग्राम के आयोजक सुप्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार अमित ढुल व साहिल रेढू रहे व आज की टूर्नामिंट में हरियाणवी कलाकार के पी कुण्डू,बिन्टू पाबड़ा,यू के हरियाणवी,आर बी गुजर,डायरेक्टर अजीत घणघस,सिंगर साहिल सैरडा,राईटर नवीन औरंगरैया व सोनू गायनपूरिया,देवेन्द्र फौजी,दीप लाट,शमशेर वत्स कलाकार, डायरेक्टर व निर्देशक आदि टूर्नामिंट में शामिल हुए। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि टूर्नामिंट के शुभारंभ से पहले सभी कलाकार, डायरेक्टर,निर्देशक व उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों सहित शहीदों को याद करके टूर्नामिंट को शुरू किया।

# हम सब परमात्मा की छत्रछाया के अंदर हैं: चंद्रिका दीदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : युवा वर्ग देश का** भविष्य और देश निमार्ता है। जिस देश के युवा के अंदर आध्यात्मिक , नैतिक मूल्य और चरित्र महान होगा, वही देश महान होगा-इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र में युवाओं के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय-मन की शांति, मधुर बोल और मधुर संबंधों द्वारा आंतरिक परिवर्तन कैसे संभव है? बी के मधु बहन ने मंच संचालन करते हुए मुख्य वक्ता कला एवं संस्कृति प्रभाग की चेयरपर्सन और वॉइस चेयरपर्सन



ऑफ यूथ विंग राज योगिनी ब्रह्माकुमारी चंद्रिका दीदी जो अहमदाबाद से पधारी, उनका परिचय दिया। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा मुख्य अतिथि, एनआईटी के डायरेक्टर डॉ बी.वी रमना रेड्डी विशिष्ट अतिथि , कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉक्टर वीरेंद्र पाल विशेष अतिथि और केंद्र प्रभारी राज योगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन कार्यक्रम की संयोजिका रही। बी? .के राधा बहन और बी. के भारती बहन ने पटका पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर मंचासीन महानुभावों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व परिवर्तन की है ये बेला , ये जग बदलने वाला है-राजयोग का मार्ग यही है- गीत की धुन पर दीप प्रज्वलित किया गया। ब्रह्माकुमारी गोरी ने "अपनी खुशी का किस तरह इजहार करूं"गीत की स्वर लहरी के साथ स्वागत नृत्य किया। मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चंद्रिका दीदी ने अपने वक्तव्य में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब से मिलने का बहुत अरमान था, पूरे भारत की सेवाओं के लिए तो बहुत भ्रमण किया परंतु हरियाणा में कम आना हुआ। उन्होंने अपने जीवन का अनुभव साझा करते हुए बताया कि मुझे ईश्वर की प्राप्ति कैसे हुई? मैंने जीवन के दो लक्ष्य बनाए- पहला शादी नहीं करूंगी और दूसरा अपने जीवन को ईश्वरीय सेवा में समर्पित करूंगी। मेरी दोनों इच्छाएं पूर्ण हुई। मैं अपने जीवन को पूरे ब्रह्मांड की संपत्ति मानती हूं, मैं ब्रह्मांड को जो देती हूं, वह कई गुना होकर मुझे मिलता है। मेरा जीवन 5, 10, 25 लोगों के लिए नहीं है। युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मैं इसीलिए आगे बढ़ी क्योंकि मैंने बहुत अधिक आध्यात्मिक चिंतन किया और सभी महात्माओं, विवेकानंद, दयानंद जैसे महान आत्माओं के जीवन को पढ़ा। जीवन में लक्ष्य दिया था कि कुछ श्रेष्ठ बना जा सकता है, वह बनना है। मुझे आज गहरा संतोष है कि भगवान ने मुझे सब कुछ बना दिया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि हम सब परमात्मा की छत्रछाया के अंदर है।

# देश का युवा शहीद भगत सिंह, गुरु, सुखदेव के पदचिन्हों पर चलें: जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**डेयरी। नगर निगम** के मेयर और मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि देश का युवा शहीद भगत सिंह, गुरु, सुखदेव के पदचिन्हों पर ही राज की बुराई को जड़ से खत्म किया जा सकता है, जिस तरह से तीसरे युवा न देश को आजाद शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, उसी तरह आज हम नशे से मुक्त समाज का आंदोलन चलाएंगे। राजीव जैन रविवार को शहीदी दिवस के अवसर पर दिल्ली कैंप में शहीद भगत सिंह चौक पर उनकी मूर्ति



पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद किशोरों को शहीद कर रहे थे। राजीव जैन ने गीता विद्या मंदिर कॉलेज में क्राइम कंट्रोल और मैहरन राइट्स संस्था द्वारा आयोजित स्मारक शिविर में विद्यार्थियों के आश्रम और जागृति धाम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा और संत नामदेव पार्क में आयोजित मशाल जुलुस में भी भाग लिया। तीन साथियों की उम्र में जनरल सैंडर्स की हत्या कर जलियांवाला बाग के नरसंहार में बदलाव किया गया था।

# सत्य की हमेशा ही होती है जीत: एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के भारत नगर इलाके में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने शिकरत की और प्रभु का आशीर्वाद लिया। इस मौके पार्षद चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि सुन्दर कांड का पाठ करने से दुख दूर होता है, इसलिए सभी को सुन्दरकांड का पाठ करना चाहिए।
उन्होंने आगे बताया कि भक्ति में शक्ति होती है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने आगे कहा कि सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी सत्य ही राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा राज में देश में हो रहा है विकास: इन्द्रजीत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आज भाजपा** राज में देश में विकास ही विकास हो रहा है। क्योंकि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उक्त बातें भाजपा नेता इन्द्रजीत मुखी ने कही। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है, आज दिल्ली सहित देश में विकास ही विकास देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद विधायकों द्वारा तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने यह बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी को साथ लेकर चलती है। पीएम मोदी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शहरों और गांव दोनों जगहों पर विकास हुआ है, सड़कों की स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि अब दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद दिल्ली में विकास की लहर चली है और दिल्ली की जनता को सुविधा मिलना शुरू हुई है।

# आखिर कब अपने वादे पर कायम होंगे विधायक संजीव झा: कृष्णपाल सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनाव के दौरान सभी पार्टियों के उम्मीदवारों ने आनन-फानन में अपने-अपने ब्यान दिए थे, जो कि अब उनके गले मे फंसी हुई हडिड्यों की तरह चुभन दे रहे है। कुछ इस तरह का ही ब्यान विधानसभा चुनाव के दौरान बुराडी से आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने दिया था। जो कि अब उनके गले की हडडी बन चुका है, जिसको लेकर बुराडी के स्थानीय भाजपा नेताओं ने विधायक संजीव झा से उनके इस्तीफे की मांग की है। संत नगर वार्ड से भाजपा के मंडल अध्यक्ष



कृष्णपाल सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान आप विधायक संजीव झा ने ताल ठोकते हुए कहा था कि मैं बुराडी विधानसभा क्षेत्र से 50 हजार वोटों से जीत हांसिल करूंगा और अगर 50 हजार वोटों के मार्जिन से जीत नहीं पाया तो मैं खुद अपनी सीट से इस्तीफा दे दूंगा। चूंकि विधायक संजीव झा मात्र 20 हजार वोटों से ही जीते है। तो अपने कहे अनुसार विधायक संजीव झा को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब चुनाव का रिजल्ट घोषित हुए एक माह का समय भी बीत चुका है और संजीव झा ने जो वादा किया था कि मैं इस्तीफा दे दूंगा, लेकिन अब विधायक मुंह छुपाते फिर रहे है। कृष्णपाल सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि पिछले चार बार से लगातार जीतते आ रहे विधायक संजीव झा ने कभी भी अपने किए हुए वादों को पूरा नही किया है, तो अब क्या करेंगे।

# लैब असिस्टेंट की लंबित समस्याओं को लेकर हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली में कार्यरत** हजारों प्रयोगशाला सहायकों की लंबित समस्याओं को लेकर उनके प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने सक्रिय भागीदारी की।
बैठक में यादव ने बताया कि दिल्ली के स्कूलों में वर्षों से कार्यरत प्रयोगशाला सहायक साथी वेतन विसंगति की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। दुर्भाग्यवश कई जूनियर साथियों को उनके सीनियर साथियों से अधिक वेतन मिल रहा है, जो कि स्पष्ट रूप से नियमों के विपरीत है। इससे वरिष्ठ कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक नुकसान



उठाना पड़ रहा है।
इसके अतिरिक्त प्रयोगशाला सहायकों के कैडर रिस्ट्रक्चर का प्रस्ताव भी तैयार हो चुका है, जो वर्तमान में सर्विसेज विभाग में अंतिम अनुमोदन की प्रतीक्षा में लंबित है। यादव ने जानकारी दी कि संघ ने इन दोनों प्रमुख मुद्दों पर लगातार संघर्ष किया है और हाल ही में शिक्षा निदेशक महोदया को सौंपे गए ज्ञापन के बिंदु क्रमांक 24 में इस मांग को विशेष रूप से उठाया गया है। महासचिव ने बताया कि शिक्षा निदेशक महोदया ने इस मुद्दे पर दो सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चूँकि कैट द्वारा पहले ही 11 प्रयोगशाला सहायकों को राहत प्रदान की जा चुकी है, अतः विभाग को इस निर्णय को सभी के लिए लागू करने में कोई कानूनी या प्रशासनिक बाधा नहीं होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में सुरेश कुमार श्यामलाल, अनिल कश्यप वेद प्रकाश आदि प्रयोगशाला सहायक शामिल हुए।
यादव ने सभी प्रयोगशाला सहायक साथियों को पूर्ण विश्वास दिलाया कि, हमने पहले भी संघर्ष किया है और आगे भी करते रहेंगे। कैडर रिस्ट्रक्चरिंग और वेतन विसंगति दोनों मुद्दों का स्थायी समाधान ही हमारा लक्ष्य है।
संघ इस फाइल को सर्विसेज विभाग में फॉलोअप करता रहेगा, और आदेश पारित होने तक हर जरूरी प्रयास करेगा।

# आप पार्टी ने दिल्ली में लूट और भ्रष्टाचार करने का कोई मौका नहीं छोड़ा था: वीरेन्द्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष** वीरेन्द्र सचदेवा ने अध्यक्ष के रुप में अपने दो साल पूरे होने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और दिल्ली के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। जिन्होंने इन दो साल में संघर्ष में हमेशा साथ दिया। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पार्टी की ओर से हम सभी कार्यकर्ताओं को कोई ना कोई दायित्व मिलता है। आज से ठीक दो साल पहले शहीदी दिवस के दिन ही प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व



मिलने के बाद आज मुझे संतोष है कि कार्यकर्ताओं के साथ हमने जो मेहनत की है उसका परिणाम है कि पहले लोकसभा चुनाव में दिल्ली के सातों सीट जीतने के अलावा दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने तक का सफर इन दो सालों में पूरा किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्जगत प्रकाश नड्डा के बताए हुए निदेर्शों पर अमल कर दिल्ली में एक ऐसी सरकार को उखाड़ने में हम कामयाब हो पाए जिसने दिल्ली में लूट और भ्रष्टाचार करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने काम की गति पकड़ी है, अब सभी कार्यकर्ताओं का यह दायित्व बनता है कि उसमें सहभागी बने और विकास की गति को आगे बढ़ाए।
सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता से हमने जो वायदे किए हैं और नई सरकार से दिल्लीवालों की जो अपेक्षाएं हैं, उसको पूरा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में दिल्ली में कामों की गति तेज होगी जिसे देखकर दिल्लीवाले भी कहेंगे कि सुखद बदलाव हुआ है।

# बुराड़ी: दिल्ली की महिलाओं को 2500 देना, भाजपा का चुनावी जुमला: अंबिका मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनाव के दौरान भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लोगों से अनेकों वादे किए थे, इसके साथ ही भाजपा ने दिल्ली की प्रत्येक महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रूपए देने का वादा किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि आठ मार्च को दिल्ली की महिलाओं के बैंक खाते में पैसे भेज दिए जाएंगे, इसके साथ ही मोदी की गारंटी के आधार पर भाजपा ने यह भी कहा था कि होली पर दिल्ली वासियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर भी दिया जाएगा। अब आठ मार्च भी निकल



गई और होली भी निकल गई, न उतो दिल्ली की महिलाओं को 2500 रूपए मिले है और न ही फ्री सिलेंडर का कुछ मालूम चला है। भाजपा ने केवल दिल्ली की सत्ता हथियाने और दिल्ली की जनता को अंधेरे में रखने के लिए चुनावी जूमला फैंका था। उक्त सभी बाते मुकुंदपुर वार्ड में रहने वाले व बुराडी विधानसभा उपाध्यक्ष अंबिका मिश्रा ने कही। अंबिका ने यह भी कहा कि दिल्ली की रेखा सरकार ने 2500 देने के नाम पर बस कमेटी गठित करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है, अगर पैसे बैंक खाते में डालने होते तो अभी तक कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए रजिस्ट्रेशन तो शुरू कर दिया होता। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा को बस दिल्ली में कैसे भी करके अपनी सरकार बनानी थी जिससे की जैसे उन्होंने पूरे देश में बेरोजगारी से लेकर महंगाई तक की हाहाकार मचा रखी है वैसे ही दिल्ली में भी अपनी मनमर्जी कर सके, जिसके चलते विधानसभा चुनाव के दौरान झूठ पर झूठ पर बोलकर जनता को गुमराह कर सत्ता में बैठ गए। लेकिन दिल्ली की जनता उस सभी वादों को पूरा करवाकर रहेगी क्योंकि दिल्ली के लोग पढे लिखे व समझदार है और वो चुप नहीं बैठने वाले है। अगर भाजपा ने अपने किए हुए वादों को पूरा नहीं किया तो जैसे इस बार 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, वैसे ही अगली साल भाजपा की सरकार को दिल्ली में सरकार बनाने के लिए फिर से 27 साल का लंबा इंतजार करना पडेगा।

# हम सभी को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए: विशाल कपाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** युवा समाजसेवी विशाल कपाही ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व असहाय की मदद करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है, जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी



रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि लोगों में गलत धारणा है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है, बल्कि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन अवश्य ही मिल जाता है।

# भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने किया लोकतंत्र सेनानियों का अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में 1977 में आपातकाल की समाप्ति दिवस पर आयोजित लोकतंत्र विजय दिवस कार्यक्रम में 1975-77 के आपातकाल सेनानियों को संबोधित किया और उन्हें सच्चा देशभक्त बताया।
लोकतंत्र सेनानी संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सचदेवा के अतिरिक्त पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्वनी चौबे, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी, सत्य नारायण जटिया, ओपी बब्बर, सुभाष आर्या, राजीव बब्बर, राजन ढिगरा, लोकतंत्र प्रहरी संघ दिल्ली प्रदेश




अध्यक्ष हरीश असडी सहित कई लोग मौजूद रहे। वीरेन्द्र सचदेवा ने देश भर से दिल्ली में आए उन सभी आपातकाल सेनानियों का सम्मान किया।
सचदेवा ने कहा कि अगर लोकतंत्र को समझना हो तो सबसे पहले हमें लोकतंत्र के सेनानी जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया उन्हें समझने की जरुरत है। इस मौके पर उपस्थित आपातकाल सेनानियों को संबोधित करते हुए सचदेवा ने कहा कि 21 मार्च को ही देश से आपातकाल हटाया गया था। इसलिए यह लोकतंत्र की विजय का दिन है। कांग्रेस के क्रूर शासकों द्वारा 25 जून 1975 को लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया था उस लड़ाई को लड़ने वाले आपातकाल में जितने साथियों ने यातनाएं सही और 19 महीनो तक जेल काटीं और कई आपातकाल बंदियों को शहादत देनी पड़ी, उन सभी के त्याग बलिदान पर खड़ा है भारतीय लोकतंत्र। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हिंदुस्तान भर से आए आपातकाल के वे सभी साथी जिन्होंने इस कष्ट को देखा है, उन्हें हमने आज सम्मानित किया है। यह दिल्ली के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढी को इस बात को समझना चाहिए कि कांग्रेस के शासनकाल में किस प्रकार से लोकतंत्र की हत्या की जाती रही है।
आपातकाल के 19 महीनों कांग्रेस शासन की क्रूरता और तानाशाही का प्रमाण है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने उन सभी आपातकाल सेनानियों और उनके परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की जिन्होंने आपातकाल के कष्ट सहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व भर में भारतीय लोकतंत्र की डंका बजा रहे हैं और भारतीय लोकतंत्र की सच्ची ताकत जनता की आवाज को बढ़ाने का काम किया है।

# श्रीराम चौक: डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी ने किया निरीक्षण





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केशवपुरम जोन के डिप्टी** चेयरमैन व निगम पार्षद सुशील जोंटी ने श्रीराम चौक पर बने शौचालय का निरीक्षण कर सफाई करवाई और कर्मचारियों को निर्देश दिये की, वह सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी ने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी सफाई व्यवस्था में हमारा साथ दे और अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूडा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र की जनता को परेशान न होना पड़े।



शहीदी दिवस पर शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए पूर्व निगम पार्षद व वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सरदार मान सिंह और साथ में है कई गणमान्य लोग।

# शहीद दिवस: शहीदों के संघर्ष और विचारों का हुआ गुणगान

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** शहीद दिवस पर शहीदों के सम्मान में जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मथुरा में हुए कार्यक्रम भव्य नहीं थे लेकिन लोगों की भावनाओं से जुडे थे। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा संरक्षक धनीराम बाबा प्रधान की अध्यक्षता में शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जी के 94 वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कृष्णा नगर बिजली घर कैंप कार्यालय पर किया। अध्यक्ष बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी मथुरा के अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि शहीदों ने व्यवस्था परिवर्तन का





सपना देखा था सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, हमको शहीदों के विचारों को वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता को समझते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का खुद से आग्रह करना होगा, प्रतिबद्धता जतानी होगी, तब कहीं व्यवस्था परिवर्तन कर आम आदमी को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा। लुकेश कुमार राही, धनीराम बाबा प्रधान, विमल कुमार, ऋतिक सैनी, कोमल सैनी, राजवीर सिंह, आकाश बाबू, अंकित सागर, भोला कर्दम, गुड्डू शर्मा, सोहेल खान, गौरव कुमार आदि लोग मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने भगत सिंह पार्क स्थित सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तरंगा शाखा के सुरेश सैनी ने कहा कि शहीदों के विचार हमें उर्जा देते हैं। देश हमेशा वीरों ऋणी रहेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि युवाओं की सोच में सरदार भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के विचारों का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है।

# वीकएंड पर फिर वृंदावन में लगा जाम, श्रद्धालु हुए परेशान

**लोकेश चौधरी**

**मथुर।** वृंदावन में रविवार को रंगजी मंदिर के रथ मेला का आयोजन हुआ। जिसमें दूर दराज के सैकड़ों श्रद्धालु श्रीधाम पहुंचे। जहां पर उन्होंने रथ खींच कर पुण्य लाभ अर्जित किया। साथ ही मेला क्षेत्र और वृंदावन की गलियां प्रशासन की लचर व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालु और बृजवासीयो को परेशानी का सामना करना पड़ा। वृंदावन में चारों ओर जाम का झाम बना रहा। वही मेला क्षेत्र में भी कई चार पहिया वाहन भी नजर आए। जिसमें चलते रथ खींचने आए श्रद्धालुओं को काफी दिक्कत हुई। मेला क्षेत्र के वृंदावन कोतवाली के निकट कई चार पहिया वाहन पार्क हुए नजर आए। वही मेला क्षेत्र में कई चार पहिया वाहन भी घूमते रहे।



आपको बताते चले कि वृंदावन में वीकेंड के मौके पर नो एंट्री रहती है, लेकिन उसके बावजूद भी कई चार पहिया वाहन नगर में प्रवेश कर घूमते रहे। जिसके चलते जाम की समस्या बनी रही। भीषण गर्मी के चलते जाम में फंसे लोग भी परेशान होते हुए नजर आए। इस संबंध में बोलते हुए नगर उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने बताया कि वृंदावन में जाम की समस्या का प्रशासन पर कोई इलाज नहीं है। वीकेंड के मौके पर जाम की समस्या और भी विकराल हो जाती है। शासन प्रशासन कई बार जाम की समस्या को लेकर रणनीति बना चुका है, लेकिन सभी धराशाई हो जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी बोर्ड : पांचवें दिन 47761 उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ मूल्यांकन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाल में समाप्त हुई हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज पांचवें दिन भी हुआ। पांचवे दिन 47761 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच हुई। पांच दिनों के अंदर तीन मूल्यांकन केंद्रों पर कुल 210137 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की जा चुकी है। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि आज वीडीपी राजकीय इंटर कॉलेज मथुरा पर इंटरमीडिएट की 23632 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच 430 परीक्षकों के द्वारा की गई। जबकि हाईस्कूल की जवाहर विद्यालय इंटर कॉलेज मथुरा पर 6879 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच 435 परीक्षकों और किशोरी रमण इंटर कॉलेज 17250 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच 370 परीक्षकों के द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि आज हाईस्कूल की 24129 और इंटरमीडिएट की 23632 उत्तर पुस्तिकाओं की कुल जांच हुई। पांच दिनों के अंदर हाईस्कूल की 126199 और इंटरमीडिएट की 83938 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। जबकि इंटर मीडिएट की 145846 और हाईस्कूल की 89598 उत्तर पुस्तिकाएं जनपद में जांच होने के लिए शेष हैं। इस प्रकार कुल 235444उत्तर पुस्तिकाओं की जांच होना अभी शेष हैं।

### पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सौंसा का मना वार्षिकोत्सव

**मथुरा।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सौसा के वार्षिकोत्सव में मां बेटी, अभिभावक मेला, शारदा सगोष्ठी छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रारंभ में एआरपी अविनाश शुक्ला व अशोक कुमार के नेतृत्व में गांव में विद्यालय की छात्राओं और स्टाफ सहित रैली निकाल कर जनसमुदाय को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। ग्रामीण परिवेश के नन्हे मुन्ने बच्चों की काबिलियित पर स्थानीय अभिभावकों ने तालियां बजाकर सराहना की। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बुद्धसेन और ग्राम प्रधान तेज सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। सरस्वती वंदना के साथ मंचासीन अतिथियों को विद्यालय की प्रभारी प्रधान अध्यापिका हेमलता शर्मा व उनकी टीम के द्वारा पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी नेअभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों की शिक्षा निर्वाध रूप से जारी रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक गिरधारी लाल गौड, रोहित शर्मा, रितु चौधरी, कुसुम कुमारी, मधु, संकुल शिक्षक सुरेश चंद, अलका चौहान, शक्तिवर्मा वंदना सारस्वत, संगीता, प्रीति, शिक्षामित्र डालचन्द, नेहा कुमारी, आगनवाड़ी कार्यकर्ती लक्ष्मी सावित्री आदि उपस्थित थे।

### लखनऊ : डबल मर्डर केस में सिपाही पत्नी समेत गिरफ्तार

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में 21 मार्च की रात को दो युवकों की गला रेतकर हत्या के मामले में रविवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। घटना में पुलिस विभाग में कार्यरत सिपाही को पत्नी समेत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को अभी भी तीन अन्य लोगों की तलाश है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि दो दिन पूर्व बरगदह बाग चौराहे पर दो युवकों की लाश मिली थीं। दोनों की गला रेतकर हत्या की गई थी। मृतकों की पहचान मनोज लोधी और रोहित लोधी के रूप में हुई थी। जांच में लखीमपुर खीरी में तैनात सिपाही महेंद्र और उसकी पत्नी अंकिता की भूमिका प्रकाश में आने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में सिपाही महेंद्र ने बताया कि 20 जून 2021 में बरकताबाद निवासी अंकिता उर्फ दीपिका से उसकी शादी हुई थी। 24 दिसंबर 2024 को पता चला कि पत्नी का प्रेम संबंध उसके साथ पढ़ने वाले मनोज लोधी से है। इसको लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। इसके बाद ही उसने पत्नी के प्रेमी को जान से मारने की साजिश शुरू कर दी। फरवरी माह में उसने तीन साथियों के साथ मिलाकर हत्या की पूरी योजना बनाई। सिपाही महेंद्र ने घटना वाली रात पत्नी से उसके प्रेमी मनोज लोधी को फोन कर बरकताबाद पुलिया पर मिलने के लिए बुलाया। जहां कुछ देर में मनोज अपने दोस्त रोहित के साथ पहुंचा। उसके आते ही छिपकरबैठे सिपाही महेंद्र और उसके साथियों ने दोनों को पकड़कर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। रोहित को ?इसलिए मारा गया कि वह महेंद्र को पहले से जानता था। आरोपितों को जेल भेजते हुए वारदात में शामिल अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं।

# माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) का प्रांतीय अधिवेशन 11 से

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट)का 62वाँ प्रांतीय महाधिवेशन एवं शैक्षिक विचार गोष्ठी 11 व 12 अप्रैल को के.पी कम्युनिटी सेंटर, प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा। शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष अयोध्याप्रसाद अग्रवाल ने बताया कि इस महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, विधान परिषद के सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह व अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा संबोधित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस महाधिवेशन में अमीर और गरीब की शिक्षा में बढ़ते वर्ग भेद, शिक्षा के निजीकरण, बाजारीकरण तथा विद्यालयों में आउटसोर्सिंग नियुक्तियों को रोकने, सभी माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण, पुरानी पेंशन योजना की मूल रूप में वापसी, चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 21 की भांति शिक्षकों की सेवा सुरक्षा व अन्य सेवा शर्तों को सुरक्षित रखने, शिक्षकों की व्यापक एकता और संगठन की
संरचना को मजबूत बनाने सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर गहनता से विचार किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय चुनौतियों के संदर्भ में शिक्षा एवं शिक्षक की भूमिका विषयक एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा।

# महिलाएं दुकानों की चीजों से बच्चों को बचाएं: हेमा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं अपने बच्चों को स्वस्थ और पौष्टिक भोजन खाने की आदत विकसित करें और बाजार में बिकने वाले उत्पादों से परहेज करें। उन्होंने महिलाओं को खुद को स्वस्थ और फिट रखने और अपने परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने प्रत्येक महिला को पोषण किट का सही से उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। सांसद गेल गैस लिमिटेड द्वारा समर्थित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एक कार्यक्रम में बोल रही थीं। जनपद के विभिन्न विकास खंड में शिविर लगवाए



जाएंगे और कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती और धात्री महिलाओं को सुपोषण आहार प्रदान करने के लिए कुल 4450 पोषण किट्स का वितरण किया जाएगा। प्रदान की जाने वाली पोषण किट में विटामिन्स, प्रोटीन और मिनिरल्स युक्त फ्लेक्स सीड्स, दलिया, सोयाबीन बड़ी, गुड़, मूंगफली दाना, पीनट न्यूट्रिशन बार, मिलेट बेस्ड न्यूट्रिशन बार, मिल्क पाउडर, पोहा, छुआरा, भुना चना, मुरमुरे

**पौष्टिक भोजन**


**महिलाएं अपने बच्चों को स्वस्थ और पौष्टिक भोजन खाने की आदत विकसित करें: सांसद हेमा**

(चर्निमक तपबम) इत्यादि सुपोषित वस्तुएं प्रदान की जा रही हैं। चेयरमैन अवंत फाउंडेशन अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और जन जन तक निरोगी काया को स्वस्थ रखने का संदेश पहुंचाना है। आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला लाभार्थी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# कुरुक्षेत्र की घटना पर वृंदावन में जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** कुरुक्षेत्र में हरिओम बाबा द्वारा आयोजित यज्ञ कार्यक्रम के दौरान हुई घटना का मथुरा के संत, विप्र एवं कथावाचकों ने विरोध किया है। नगर के साधु संत व विप्रजनों में आक्रोश व्याप्त है। तलाश मंदिर स्थित सरस कुंज में बैठक कर प्रमुख संतो एवं कथावाचकों ने प्रदर्शन किया। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज व तुलसी महाराज ने कहा कि तीन ब्राह्मणों को गोली मारी गई है। हरिओम बाबा और उसके परिकर तथा बाउंसर के द्वारा निरंतर ब्राह्मणों पर अत्याचार किया जा रहा है। न तो भोजन दिया जा रहा है और नहीं दक्षिणा दी जा रही है। अगर कोई



विरोध करता है उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिसके चलते कई ब्राह्मण यज्ञ को छोड़कर आ चुके हैं। विरोध कर रहे संतों का कहना था कि जल्द ही हरियाणा सरकार व प्रशासन इस मामले को संज्ञान के और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करे। अन्यथा ब्रज के साधु संत व धर्म प्रचारक स्थान स्थान पर विरोध करेंगे। इस दौरान सन्त रामस्वरूप ब्रह्मचारी, महंत लाडली शरण महाराज,आनंद बल्लभ गोस्वामी,सच्चिदानंद महाराज, मोहिनी शरण महाराज, गौ भक्त गोपेश बाबा , शिवम शुक्ला,हिमांशु गौड, सुधीर मिश्रा, शुभांशु तिवारी, राजीव शुक्ला, हिमांशु गौतम सोनू बृजवासी, अंशुल पाराशर, मोहन सोनी, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# फाती की मुठभेड में मौत की मजिस्ट्रयल

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** थाना सदर बाजार मथुरा पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त फाती उर्फ कदीम उर्फ असद उर्फ पहलवान उर्फ बबलू उर्फ मोनीस पुत्र यासीन उर्फ मोहसिन निवासी दोताई थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ वांछित था। जिस पर एक लाख रुपए का पुरुस्कार घोषित हुआ था। अभियुक्त को 09.मार्च 2025 को समय 05.30 बजे पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया था। जिसे उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भेजा गया। इस घटना के संबंध में थाना हाईवे पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना में अभियुक्त फाती चिकत्सकों द्वारा मृत घोषित कर

# 60 फुट ऊंचे विशाल रथ में विराजमान होकर निकले ठाकुर रंगनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** उत्तर भारत में दक्षिणात्य शैली के विशालतम रंगनाथ मन्दिर के लगभग पौने दो सौ वर्ष प्राचीन चंदन निर्मित विशाल रथ में विराजित ठाकुर गोदा रँगमन्नार भगवान के दर्शनार्थ भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। लगभग साठ फीट ऊंचे ठाकुर जी के भव्य रथ को खींचने के लिये भक्तो में होड़ लगी रही। रंगनाथ मंदिर दिव्यदेश के ब्रम्होत्सव में चौत्र कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि पर ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान चन्दन निर्मित विशालकाय रथ पर विराजमान होकर भक्तो को कृतार्थ करने निकले। वैदिक परम्परा अनुसार प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में ठाकुर रंगनाथ भगवान श्रीदेवी, भूदेवी के साथ निज गर्भगृह से पालकी में विराजमान होकर ज्योतिष गणनानुसार मेष लग्न में दिव्याकर्षक रथ में विराजित हुए तो रंगनाथ भगवान के जयजयकार से सम्पूर्ण क्षेत्र

**भक्तों का सैलाब**

**विशाल रथ में विराजित ठाकुर गोदा रँगमन्नार भगवान के दर्शनार्थ भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा**

गुंजायमान हो उठा। तदोपरांत वैदिक रीतिरिवाज से मंदिर पुरोहित विजय किशोर मिश्र व गोविंद किशोर मिश्र ने वेद मंत्रों का उच्चारण कर पूजन वंदन किया। लगभग एक घण्टे की पूजा प्रक्रिया के बाद जैसे ही सात कूपे का धमाका व काली के स्वर ने रथ के चलने का संकेत किया। भक्तो का उत्साह दोगुना हो गया। रंगनाथ भगवान के जयकारे लगा विशालकाय रथ को खीचने की होड़ सी लग गयी। मध्यान्ह रथ बड़ा बगीचा पहुंचा। जहां विश्राम के उपरांत रथ मन्दिर के लिए रवाना हुआ।

# वर्तमान परिस्थितियों में असहज महसूस कर रहे लेखपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुारा।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा जनपद मधुरा द्वारा लेखपालों की सेवा सम्बन्धी समस्याओं के सेकसन एवं निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गयी। जिसमें जनपद में स्थित पांचों तह सीतों के अध्यक्ष व मंत्री तथा प्रांतीय सह सचिव, आगरा मण्डल द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में लेखपालों पर कार्य की अधिकता, बिना संसाधनों के कार्यों का विषम पटिलतियों में क्रियान, विभिन्न देयों के बकाया तथा अधिकारियो की उत्पीड़नात्मक कार्यवाहिय्यों के विषय में वृहद चर्चा की गयी। वर्तमान परिस्थितियों में लेखपालों की कमी एवं कार्य की अधिकता



जिसमें एक लेखपात पर एक से अतिरिक्त अन्य कई क्षेत्रों का चार्ज होना, सभी कार्य आन लाईन पोर्टत के माध्यम से क्रियान्वित करना पस्तु लेखपाल पर कोई संसाधन उपलब्ध न होने से ही स्पष्ट है कि किन परिस्थितियों में लेखपाल संवर्ग जनता, किसान की सहतिपत के लिए कार्य कर रहा है। लेखपाल के द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद से सम्बन्धित रिटों का जवाव बनवाने में हो रहे आर्थिक एवं मानसिक शोषण से लेखपात सम्वर्ग त्रस्त है। ऐसी

**बैठक**

**लेखपालों की सेवा सम्बन्धी समस्याओं के सेकसन एवं निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गयी**

स्थिति में लेखपाल सम्बर्ग कार्य की अधिकता एवं अधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न से सम्बर्ग में काफी रोष व्याप्त है। बैठक में नितिन चतुर्वेदी खंड मंत्री आगरा मण्डल व जिलाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल व पवन कुमार जिलामंत्री व प्रमोद दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी व कपिल उपाध्याय तहसील अध्यक्ष सदर व गौरव

# कल से तीन दिन सरकार आठ साल की उपलब्धियां गिनाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद नोडल अधिकारी, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न। केन्द्र सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों तथा प्रदेश सरकार ने विगत 8 वर्ष में सेवा, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की है, जिसे जनसामान्य को अवगत कराए जाने हेतु दिनांक 25, 26 एवं 27 मार्च 2025 को समारोह आयोजित कर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों



एवं योजनाओं की जानकारी देने का निर्णय लिया गया है। मंडलायुक्त ने कहा कि यह आयोजन प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण है। किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक व्यक्तियों, गणमान्य व्यक्तियों, उद्यमियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, खिलाड़ियों, किसानों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं आदि को सम्मानित कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए जिससे कि अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। उन्होने कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक समस्त तैयारियों को

**उपलब्धियां**

**प्रदेश सरकार ने विगत 8 वर्ष में सेवा, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की**

ससमय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में 2 फिल्में दिखाई जाएंगे, जिसमें महाकुंभ 2025 एवं सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। विभिन्न विभागों की स्टॉल्स में विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए जाए तथा फूड कोर्ट बनाया जाए। हेल्थ कैंप लगाए जाए। सत्रों के अंतराल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों को वरीयता दी जाए।

बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त शशांक चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सिंधी उत्सव का युवाओं ने बाइक रैली निकाल किया प्रचार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** सर पर भगवान झूलेलाल के फोटो की टोपी और झंडियां लिए , सफेद रंग के ड्रेसकोड के साथ जिलेभर के तमाम सिंधीजन संगठित होकर अपने बाइकों पर सवार होकर आयो लाल झूलेलाल के जयकारे लगाते हुए श्रीकृष्ण की जन्मस्थली के विभिन्न मार्गों से होकर निकले। समाज के लोगों व युवाओं ने सिंधी उत्सव में लोगों से भाग लेने की अपील की। इस वाहन रैली में सिंधी समाज की एकता स्पष्ट नजर आयी। वाहन रैली का लोगों ने जगह जगह स्वागत किया।



मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि सिन्धी जनरल पंचायत मथुरा द्वारा सिंधी उत्सव पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 24 मार्च को लीलाशाह जयंती, 30 मार्च को झूलेलाल जयंती और एक अप्रैल को चेटीचंड पर्व के प्रति समाज की सहभागिता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से रविवार को नगर में आमंत्रण यात्रा निकाली गई।

फास्ट न्यूज

## 'महाराणा सांगा पर दिए बयान को लेकर माफी मांगें सांसद'

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर/नई दिल्ली:।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने महाराणा सांगा को लेकर दिए बयान पर समाजवादी पार्टी सांसद रामजी लाल सुमन से माफी मांगने के लिए कहा है। शेखावत ने कहा कि सुमन ने अपरोक्ष रूप से बता दिया है कि उनकी पार्टी के संस्कार कैसे हैं? शेखावत ने तंज कसा कि अपने माथे का तिलक पोंछने वाले, जाने किस आईने में सूरत देखते हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा सांगा को गद्दार कहना केवल और केवल तुष्टीकरण की ओछी राजनीति है। यह उस विशेष वर्ग को खुश करने की तुच्छ चेष्टा है, जो आक्रांताओं को अपना हीरो मानता है। शेखावत ने कहा कि जिन्होंने गुंडागर्दी को जनसेवा जाना, उन नेताओं की पार्टी का सांसद क्या जाने कि मातृभूमि रक्षार्थ तन पर 80 घाव लेकर भी आक्रांताओं को उनकी जगह बताना क्या होता है? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सपा सांसद को अपनी पार्टी से मिले निर्देश को भूलकर चिंतन करना चाहिए और अखिल भारत के नायक महाराणा सांगा के प्रति अत्यंत निम्न टिप्पणी के लिए पूरे देश से क्षमा मांगनी चाहिए।

## 15वें सप्ताह बिकवाल बने रहे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार की स्थिति सुधरने के बावजूद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान बिकवाल (सेलर) की भूमिका में ही बने रहे। इस तरह एफपीआई भारतीय बाजार में लगातार 15वें सप्ताह बिकवाली करते रहे। हालांकि इस सप्ताह ग्लोबल मार्केट में माहौल सुधरने और रूस तथा यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष में कमी आने की उम्मीद की वजह से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से की जाने वाली बिकवाली के दबाव में कमी स्पष्ट रूप से दर्ज की गई। इस सप्ताह के दौरान एफपीआई ने भारतीय बाजार में शुद्ध रूप से 1,794 करोड़ रुपये यानी करीब 19.4 करोड डॉलर के शेयरों की बिकवाली की। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक 17 से 21 मार्च के कारोबारी सप्ताह के दौरान 19 और 21 मार्च को शुद्ध रूप से खरीदारी करते रहे। 19 मार्च को विदेशी निवेशकों ने 710 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की, जबकि 21 मार्च को 3,181 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। हालांकि सप्ताह के अन्य तीन दिनों के दौरान विदेशी निवेशक बिकवाली करते रहे, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक ओवरऑल 1,794 करोड़ रुपये के बिकवाल बन कर सामने आए।

# सड़क और यातायात व्यवस्था हो दुरुस्त: सीएम

## होमगार्ड व पीआरडी जवानों को दिया जाए यातायात नियंत्रण का प्रशिक्षण: मुख्यमंत्री योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कानपुर नगर के नवीन सभागार सरसैया घाट में मंडलीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने उन्हें क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया, जिनके समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ठोस निर्देश दिए। सड़कों के चौड़ीकरण से लेकर सीवर समस्या, अतिक्रमण हटाने और आईटी हब की स्थापना तक, कई मुद्दों पर मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ और होली के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को बधाई दी और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का निर्देश दिया। बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने पर जोर दिया गया।



**सड़क और यातायात व्यवस्था हो दुरुस्त**

मुख्यमंत्री ने कानपुर सहित मंडल के सभी जनपदों में सड़कों के चौड़ीकरण और पुनर्वास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते जनसंख्या घनत्व को देखते हुए यह जरूरी है। उन्होंने ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए होमगार्ड व पीआरडी जवानों को प्रशिक्षण देने का आदेश दिया।

**ग्रीनपार्क और कन्वेंशन सेंटर के लिए मांगे प्रस्ताव**

ग्रीन पार्क का पुराना गौरव लौटाने के लिए स्टेडियम निर्माण और कन्वेंशन सेंटर के पास 500-1000 गाड़ियों की पार्किंग का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। जिले में इंटीग्रेटेड मंडलीय हेडक्वार्टर बनाने के निर्देश दिए, ताकि सभी अधिकारी एक ही स्थान पर कार्य करें और जनता को सुविधा हो। साथ ही, आईटी हब की स्थापना और अमृत 2 योजना के तहत सीवर कार्य के लिए प्रस्ताव बनाने का आदेश दिया।

कानून-व्यवस्था: फुट पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने गो-तस्करी, लव जिहाद, भूमि और खनन माफिया पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। चेन स्नेचिंग और

**मंडलीय समीक्षा**

**▸▸ सभी जनपदों में सड़कों के चौड़ीकरण और पुनर्वास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए: सीएम**

लूटपाट रोकने के लिए फुट पैट्रोलिंग बढ़ाने को कहा। आगामी चैत्र नवरात्रि और ईद के लिए सुरक्षा और सुविधाओं की पूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

**जनप्रतिनिधियों के फोन रिसीव करें अधिकारी**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नियमित जनसुनवाई करने और जनप्रतिनिधियों के फोन रिसीव करने का निर्देश दिया।

उन्होंने ग्राम सचिवालयों को बढ़ाने और उनमें वाई-फाई व ऑप्टिकल फाइबर की सुविधा देने की बात कही। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बनाने और सिटी फॉरेस्ट को विकसित करने का आदेश दिया।

**तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन**

मुख्यमंत्री ने 25, 26 और 27 मार्च को तीन दिवसीय जनपदीय विकास उत्सव आयोजित करने के निर्देश दिए, जिसमें 6 सत्रों में लाभार्थी, उद्यमी, महिला, किसान, व्यापारी और युवाओं को शामिल किया जाएगा। साथ ही, सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत जनजागरूकता बढ़ाने और एक लाख लोगों को ऋण देने का लक्ष्य रखा गया।

**जनप्रतिनिधियों ने साझा कीं क्षेत्रीय समस्याएं**

बैठक में विधायकों, सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने बिल्हौर न्यायालय को कानपुर जिला न्यायालय से जोड़ने, गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने फजलगंज से एयरपोर्ट कनेक्टिविटी और अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग की।

## बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी: डॉ. यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज बिहार नई करवट ले रहा है। ऐसे में देश में और बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी है। भगवान राम और कृष्ण के नाम से ही हमारी संस्कृति चलती है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी हमेशा भगवान राम और कृष्ण का रास्ता रोकते रहे हैं। इन्हीं लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान आडवाणी जी की रथयात्रा को रोका था। आप सभी को यह याद रखना है कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में भोपाल में पॉर्क भी बनेगा और उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्नेह मिलन कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, बिहार शासन के मंत्री राजू कुमार सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्य अभियान के तहत आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब बिहार में एनडीए की सरकार बनी, तो उस सरकार ने वहां के ऐतिहासिक स्थलों, नालंदा जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालय और धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का जीर्णोद्धार कराया। सड़कें और हाइवे बनाए, आईआईटी और आईआईएम जैसे शैक्षणिक संस्थान खोले और बिहार को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया। आज बिहार नई करवट ले रहा है। ऐसे में देश में और बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी है। इस मिलन समारोह में उपस्थित सभी भोजपुरी भाई-बहनें ये संकल्प लें कि आने वाले चुनाव में बिहार में एनडीए की सरकार बनाने के लिए काम करेंगे।

### भोजपुरी समाज के लोगों के रग-रग में विश्वास और प्रतिबद्धता है : शर्मा

**शर्मा** ने कहा कि लोकतंत्र की दुनिया को शिक्षा देने वाले बिहार ने लोकतंत्र को बचाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। कांग्रेस पार्टी ने जब देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र पर प्रहार किया तो जयप्रकाश नारायण जी ने ही लोकतंत्र बचाने की अलख जगाई और उनके आह्वान पर ही देशभर में आंदोलन शुरू हुआ। जयप्रकाश नारायण जी के आंदोलन से निकली सोच को ही आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश की सेवा करने में जुटे हैं। बिहार के लोग देश के हर कोने में मिलेंगे और अपनी योग्यता व कर्मठता से देश व समाज की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। भोजपुरी समाज के लोग भोपाल सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश के लिए भी बड़ी ताकत हैं। भोपाल में

## बस रमनपुर घाटी पर पलटी, तीन की मौत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी थाना क्षेत्र स्थित रमनपुर घाटी पर रविवार को अयोध्या से नागपुर जा रही एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि करीब 25 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। बरगी थाना पुलिस के अनुसार, श्रद्धालु अयोध्या दर्शन करने के बाद रामरथ बस में सवार होकर नागपुर जा रहे थे।

# समय से पूरा हो कन्वेंशन सेंटर-मेट्रो स्टेशन का कार्य: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

कानपुर: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनपद कानपुर नगर का दौरा कर शहर में चल रही विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने चुन्नीगंज में निमार्णाधीन कन्वेंशन सेंटर और चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय से काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए।

**शहर को नई पहचान देगा कन्वेंशन सेंटर**

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले 15,383.43 स्क्वायर मीटर में



बन रहे निमार्णाधीन कन्वेंशन सेंटर का दौरा किया। यह सेंटर दो एग्जिबिशन हॉल, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल, मीटिंग रूम, फूड कोर्ट, गेस्ट रूम, डायनिंग एरिया, बिजनेस सेंटर और एडमिन ब्लॉक से सुसज्जित होगा। सीएम योगी ने अधिकारियों से निर्माण की प्रगति पर जानकारी ली और इसे तय समय पर पूरा करने की हिदायत दी।

**मेट्रो स्टेशन के शीघ्र संचालन के निर्देश**

इसके बाद मुख्यमंत्री ने चुन्नीगंज

**समीक्षा की**

**▸▸ एग्जिबिशन हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल, मीटिंग रूम और फूड कोर्ट समेत सुविधाएं से लैस होगा कन्वेंशन सेंटर**

मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया, जो कानपुर मेट्रो परियोजना का हिस्सा है। उन्होंने मेट्रो संचालन से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को शीघ्र संचालन शुरू करने के निर्देश दिए। कानपुर में मेट्रो के दो कॉरिडोर पर काम चल रहा है।

# आपदा प्रबंधन को लेकर बनेगा प्लान

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रत्येक धाम का डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जाएगा। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि इस संबंध में आगामी बैठक में विभिन्न जिलों के साथ दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी-प्रशासन आनंद स्वरूप ने चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा का प्रभावी तरीके से सामना करने के लिए प्रत्येक धाम का डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यदि आपदा

**चारधाम यात्रा**

**▸▸ इस संबंध में आगामी बैठक में विभिन्न जिलों के साथ दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे**

प्रबंधन की दृष्टि से प्रत्येक धाम का ठोस आपदा प्रबंधन प्लान होगा तो विभिन्न प्रकार की आपदाओं का सामना बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। साथ ही उन्होंने चार धाम यात्रा से संबंधित सभी जनपदों की एसओपी बनाने की बात कही।

**पिछले साल के अनुभवों से सीख जरूरी :** राजकुमार नेगी अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी ने यूएसडीएमए के विशेषज्ञों को निर्देश दिए कि गत वर्षों चार धाम यात्रा के दौरान क्या-क्या आपदा आई हैं, कितने लोग इससे प्रभावित हुए, कितनी जनहानि हुईं, कहां-कहां पर मार्ग बंद हुए, भीड़ की स्थिति कैसी रही, किन-किन जगहों पर अत्यधिक जाम लगा, इन सबका विश्लेषण करने के निर्देश दिए ताकि इस बार उन क्षेत्रों में प्रभावी तरीके से काम किया जा सके। उन्होंने कहा कि गत वर्ष के अनुभवों का लाभ लेने की पूरी कोशिश की जाएगी।





# पारे ने पकड़ी रफ्तार, 25 शहर 35 पार, बाड़मेर@ 40.6

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** प्रदेश में अब पारे ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया है। धीरे-धीरे गर्मी अपने रुप में आने लगी है। रविवार को प्रदेश के 25 शहरों का दिन का पारा 35 पार पहुंच गया। बाड़मेर का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं प्रदेश के चार शहरों का रात का पारा 20 पार दर्ज किया गया। आगामी दिनों में पारे में और बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग ने आगामी 2-3 दिनों में अधिकतम




तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा, अलवर, पिलानी, कोटा, चित्तौड़गढ़,

**तपिश**

**▸▸ प्रदेश के 25 शहरों का दिन का पारा 35 पार पहुंच गया। बाड़मेर का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री दर्ज किया**

बाड़मेर, फतेहपुर, करौली, लूणकरणसर, झुंझुनूं और पाली का दिन का पारा 35 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

## राधा दामोदर मंदिर तक निकली गौरांग महाप्रभु की शोभायात्रा

**जयपुर।** श्री माध्व गौड़ेश्वर मंडल की ओर से फाल्गुन पूर्णिमा से मनाए जा रहे श्रीमन् गौरांग महाप्रभु के 539वें जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को गोविंद देवजी मंदिर से गाजे बाजे और लवाजमे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज ने पूजा-अर्चना कर नगर कीर्तन शोभायात्रा को रवाना किया। सजे हुए रथ में गौरांग महाप्रभु की छवि विराजमान थी। कई अन्य झांकियां भी शामिल थीं।

**घोषणा** ुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने कार्यकाल के तीन साल पूरे होने के अवसर पर यह घोषणा की

# उपनल-संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए बनेगी नीति: धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून। उत्त**राखंड में उपनल और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए ठोस नीति जल्द बनेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने कार्यकाल के तीन साल पूरे होने के अवसर पर यह घोषणा की। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों और स्नातक डिग्री प्राप्त युवाओं को आर्थिक सहायता देने तथा उनके कौशल विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था करने की भी घोषणा की। इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। इसके अलावा, दस करोड़ रुपये तक के सरकारी कार्य प्रदेश के




स्थानीय ठेकेदारों को ही दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में सबसे पहले उत्तराखण्ड के अमर बलिदानियों, सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को शहीद दिवस पर भावांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड ने विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग जो बोलने में सावधानी नहीं रखते उनके कारण प्रदेश में कभी-कभी क्षेत्रवाद या जातिवाद की बातें सुनाई देती हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का कोई भी व्यक्ति यदि संकीर्ण क्षेत्रवाद या जातिवाद की बात करता है तो वह राज्य के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले आंदोलनकारी का अपमान करता है।

मुख्यमंत्री ने तीन वर्ष की उपलब्धियों और प्रमुख निर्णयों को सिलसिलेवार सामने रखा। अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर, प्रदेश की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत और राज्य आंदोलनकारियों को दस फीसदी क्षैतिज आरक्षण, वृद्धावस्था पेंशन की सुविधा, सरकारी नौकरियों में खेल कोटे को पुनः प्रारंभ करना, विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करना, 207 प्रकार की पैथेलॉजिकल जांचों की निःशुल्क सुविधाओं का खास तौर पर जिक्र किया।